* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

08 अप्रैल, 2024
चैत्र, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 167







# कल्पना सोरेन ने संभाली उलगुलान रैली की कमान

- इंडी गठबंधन के नेताओं संग की मंत्रणा
- 21 को रांची के प्रभात तारा मैदान में होगी महारैली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में 21 अप्रैल को उलगुलान महारैली को ऐतिहासिक बनाने की पूरी जिम्मेदारी कल्पना सोरेन ने संभाल ली है। रविवार को कल्पना सोरेन ने अपने आवास पर इंडी गठबंधन के नेताओं के साथ मंत्रणा की। इसमें कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भाकपा माले के विधायक विनोद सिंह, राजद के सत्यानंद भोक्ता, कैलाश यादव और झामुमो के विनोद पांडेय शामिल हुए। झामुमो ने तय किया है कि हेमंत सोरेन को जेल भेजने, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने, विपक्षी नेताओं को टारगेट करने, बढ़ती बेरोजगारी और कमरतोड़ महंगाई के खिलाफ दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई आप की लोकतंत्र बचाओ महारैली की तरह रांची में उलगुलान महारैली होगी। यह रैली प्रभात तारा मैदान में होगी। इसे ऐतिहासिक बनाने में कल्पना सोरेन जुट गयी हैं। सहयोगी दलों के नेताओं के साथ उन्होंने विस्तृत चर्चा की। इसमें महारैली की सफलता के लिए रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में झामुमो द्वारा आयोजित महारैली में पूरे राज्य से पांच लाख लोगों को जुटाने की रणनीति बनी। इसमें कल्पना सोरेन ने सभी गठबंधन के सहयोगियों से सहयोग मांगा। बैठक में न केवल रैली, बल्कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन के साझा प्रचार अभियान को लेकर भी चर्चा हुई। यह तय किया गया कि 21 के बाद चरणबद्ध तरीके से होनेवाले चुनाव के हिसाब से चुनावी अभियान चलाया जायेगा।



**इन केंद्रीय नेताओं को दिया जायेगा निमंत्रण**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव प्रियंका गांधी, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालीन, शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, एनीसीपी प्रमुख शरद पवार, फारूख अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, वाम नेता सीताराम येचूरी, डी राजा सहित अन्य गठबंधन के नेताओं को रैली में बुलाया जायेगा।

पलामू दौरे के तीसरे दिन हैदरनगर में महागठबंधन सरकार पर बरसे बाबूलाल

# झारखंड में कोयला, पत्थर, लोहा और बालू की लूट मची है : मरांडी

**अवैध तरीके से जमीन की खरीद-बिक्री में लग गया है पूरा महकमा**


**धनंजय सिंह**

**हैदरनगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपने पलामू दौरे के तीसरे दिन रविवार को हैदरनगर पहुंचे। यहां उन्होंने बूथ स्तरीय भाजपा कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स दिये। केंद्र सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को गिनाया, तो झारखंड की महागठबंधन सरकार की बखिया उधेड़ी। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कई जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने केंद्र सरकार की शौचालय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, नल-जल योजना, लखपति दीदी योजना, मुफ्त राशन योजना आदि पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि वे इसे लेकर ग्रामीण मतदाताओं तक जायें। कार्यकर्ता ग्रामीणों को बतायें कि वर्ष 2014 से पूर्व देश की स्थिति क्या थी और जबसे मोदी जी ने कमान संभाली है, स्थिति कितनी बदल चुकी है। कैसे अब देश में दलितों-शोषितों, पीड़ितों को मान-सम्मान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश विरोधी ताकतें नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते नहीं देखना चाहती हैं। इसलिए उन्होंने देश में अपने दलाल छोड़ रखे हैं, जो देश के खिलाफ साजिश रचने में लगे हैं। भाजपा कार्यकर्ता एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बना कर ऐसी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दें।

मरांडी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। भाजपा और पीएम मोदी का कोई विकल्प नहीं रह गया है। मोदी जी जो संकल्प लेते हैं, उसके पूरा होने की गारंटी है। श्री मरांडी ने विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि इन लोगों ने देश को कितना लूटा, कौन नहीं जानता है। उन घोटालेबाजों पर तलवार लटकी है, जिसके बाद वे सारे आज इकट्ठे हो गये हैं।

अपने भाषण के दौरान बाबूलाल मरांडी ने झारखंड की मौजूदा सरकार पर जम कर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आज झारखंड घोटाले में अव्वल हो गया है। यहां कितने घोटाले हुए हैं, यह आप सबको पता है। जब तक हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री रहे, चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री बने हैं, घोटाले रुक नहीं रहे हैं। जमीन और अवैध खनन घोटाले घोटाले के कारण ही हेमंत सोरेन को इडी ने गिरफ्तार किया है। वह बिरसा मुंडा जेल में हैं। मौजूदा सरकार में भी घोटाला रुका नहीं है। झारखंड में इन दिनों बालू घोटाला चरम पर है। यहां का बालू घोटालेबाज उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार भेज रहे हैं,जबकि स्थानीय लोगों को घर बनाने के लिए भी बालू नसीब नहीं हो रहा है। अगर किसी ने घर बनाने के लिए नदी से बालू उठाया, तो उसे जेल भेज दिया जाता है, जबकि दलाल हर दिन हजारों गाड़ी बालू की तस्करी कर रहे हैं। पुलिस उन्हें नहीं पकड़ रही। इसी तरह यहां कोयला, पत्थर, लोहा और जमीन, यहां सबकी लूट हो रही है। उन्होंने कहा कि देश और झारखंड में भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा लगा है। अवैध तरीके से जमीन की खरीद बिक्री में पूरा महकमा लगा हुआ है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कल्पना पूछती है कि आखिर हेमंत को किस गलती के लिए जेल भेज दिया गया, तो मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि कल्पना सोरेन जी इडी द्वारा 191 पेज की चार्टशीट किसी से पढ़वा लें, उन्हें पता चल जायेगा कि हेमंत की गलती क्या है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज लगता है कि तिजोरी खाली है, तो नौजवानों के हक भी ये बेचने लगे हैं। जितनी भी यहां परीक्षाएं झारखंड में हो रही हैं, उन परीक्षाओं के पेपर पहले लीक हो जा रहे हैं। राज्य सरकार बच्चों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रही हैं। यही कहने आप लोगों के बीच आया हूं कि अगर आप चाहते हैं कि झारखंड के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना हो, तो जब कोई इंडी गठबंधन का कोई प्रत्याशी वोट मांगने अये तो उन्हें विदा कर कह देना है कि उनकी जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार पलामू संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को जीत दिलाने और देश में पुनः नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उन्हें अपना मत देने और हर बूथ पर हर हाल में शत प्रतिशत मतदान कराने के प्रति सजग और सक्रिय रहने की जरूरत है।

कार्यक्रम को सांसद प्रत्याशी बीडी राम और भवनाथपुर के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र शिव ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा और पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ अजय जयसवाल ने किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी, पूर्व सांसद घुरन राम, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता आये थे।




## न्यूज रील्स

### वाराणसी से बरामद हुई नड्डा की पत्नी की चोरी गयी कार

**नयी दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की पत्नी की दिल्ली से चोरी हुई कार को वाराणसी से बरामद कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक चोरी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक जेपी नड्डा की पत्नी मल्लिका नड्डा की फॉर्च्यूनर कार 19 मार्च को दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके से चोरी हो गयी थी। एसयूवी का ड्राइवर सर्विस कराने के बाद गोविंदपुरी स्थित अपने आवास पर दोपहर का भोजन करने गया था। तभी कार चोरी हो गयी थी। इसके बाद उन्होंने पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा, हमने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

### केंद्रीय विद्यालय की हर क्लास में 8-8 सीटें घटीं

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय विद्यालय ने हर क्लास में 8-8 सीटें कम कर दी हैं। केंद्रीय विद्यालय की ओर से जारी एडमिशन नोटिफिकेशन में 32 सीटों के लिए ही आवेदन मांगे गये हैं। अभी तक प्राइमरी से हायर सेकेंडरी तक हर क्लास में 40-40 सीटें होती थीं। वहीं बच्चों की ट्रांसफर पॉलिसी में भी बदलाव किया है। प्राइवेट सेक्टर की नौकरी कर रहे पेरेंट्स का राज्य के बाहर ट्रांसफर होने पर बच्चों को दूसरे राज्य के स्कूल में ट्रांसफर नहीं मिलेगा।

# मेदिनीपुर में एनआइए टीम पर प्राथमिकी

**गिरफ्तार टीएमसी नेता की पत्नी से मारपीट-बदतमीजी का आरोप**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर से गिरफ्तार टीएमसी नेता मनोब्रत जना की पत्नी मोनी जना ने एनआइए अधिकारियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायी है। महिला का आरोप है कि शुक्रवार 5 अप्रैल की देर रात एनआइए की टीम ने जांच के बहाने जबरन उनके घर में घुसने की कोशिश की। महिला ने अधिकारियों पर मारपीट, बदतमीजी और घर में तोड़फोड़ का आरोप लगाया है। एनआइए अधिकारियों के खिलाफ भूपतिनगर पुलिस थाने में भादवि की धारा 325, 34, 354, 354(बी), 427, 448 और 509 के तहत शिकायत दर्ज करायी गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बीच एनआइए ने अपनी टीम के खिलाफ लगे सभी आरोपों का खंडन किया है। जांच एजेंसी ने रविवार को प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि उसकी टीम ने कोई गैरकानूनी कार्रवाई नहीं की। एजेंसी की टीम कलकत्ता हाइकोर्ट के निर्देश पर भूपतिनगर में 2022 में हुए बम धमाके की जांच करने पहुंची थी।

**रात में जायेंगे, तो महिलाएं शांत नहीं बैठेंगी: ममता**

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एनआइए की टीम पर हमले को लेकर कहा कि हमला एनआइए पर नहीं, बल्कि महिलाओं पर हुआ है। एनआइए अफसरों ने रात में रेड क्यों की। क्या उनके पास पुलिस की परमिशन थी। महिलाओं ने वैसा ही बर्ताव किया, जैसा रात में किसी भी अनजान व्यक्ति के आने पर किया जाता। दक्षिण दिनाजपुर में ममता ने कहा कि एनआइए लोकसभा चुनाव से ठीक पहले दिसंबर 2022 के मामले में लोगों को क्यों गिरफ्तार कर रही है। क्या भाजपा को लगता है कि वह हर बूथ एजेंट को गिरफ्तार करा लेगी।

नवादा और जलपाईगुड़ी में पीएम की चुनावी रैली

# 4 जून के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ और तेज होगी कार्रवाई : नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री ने बता दिया अगली सरकार का एजेंडा**

**आतंक का खुला लाइसेंस बांट रही है टीएमसी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नवादा/जलपाईगुड़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वह मौज करने के लिए नहीं, बल्कि काम करने के लिए पैदा हुए हैं। रविवार को बिहार के नवादा में चुनावी रैली में पीएम नरेंद्र मोदी एक ओर अपनी अगली सरकार के लिए विश्वस्त दिखे, तो अपने विरोधियों की बखिया उधेड़ते रहे। उन्होंने कहा कि मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ, बल्कि सतत मेहनत के साथ काम करने के लिए पैदा हुआ है। लगे हाथ उन्होंने अपनी तीसरी सरकार का एजेंडा भी घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि 10 साल में जो काम हुए, वे ट्रेलर हैं। अभी असली काम तो बाकी हैं, जो अगले कार्यकाल में पूरा करना है।

पीएम मोदी ने कहा कि कई एजेंसियों और मीडिया के सर्वे में बता दिया गया है कि एनडीए को आप लोग चार सौ से ज्यादा सीटें देने वाले हैं। इस पर विपक्षी गठबंधन के लोग कहते हैं कि अब मोदी मेहनत क्यों कर रहे हैं। इतना आपका नाम हो गया, अब तो आराम कर लो। लेकिन उन्हें पता नहीं है कि हम मेहनत इसलिए करते हैं, ताकि आपसे मुलाकात हो, आपके दर्शन होते रहें। अब तक बहुत काम हुए, लेकिन हमारा मन कहता है कि यह तो अभी ट्रेलर है। हमें रुकना नहीं है। विकास की गति को टॉप गियर में ले जाना है। अभी तो हम रनवे पर हैं। हमें नयी ऊंचाइयों पर जाना है और बहुत काम करना है। अपने देश को, बिहार को नयी ऊंचाई पर ले जाने के लिए हम संकल्पित हैं। मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की भी योजना बता दी। उन्होंने कहा कि गांवों की तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाना है।



आनंद महिंद्रा ने बहादुर लड़की की सोच को किया सलाम

# एलेक्सा से बंदरों को भगाने वाली निकिता को दिया नौकरी का ऑफर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

नयी दिल्ली। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने 13 साल की बच्ची को नौकरी की पेशकश की है। इस बच्ची ने एलेक्सा की मदद लेकर खुद को और अपनी भतीजी को बंदरों के हमले से बचाया था। आनंद महिंद्रा ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स के जरिये बच्ची की त्वरित सोच की सराहना करते हुए नौकरी का ऑफर दिया है।



आनंद महिंद्रा ने अपने एक्स पर लिखा, हमारे युग का पहला सवाल यही है कि क्या हम टेक्नोलॉजी के गुलाम हो जाते हैं या फिर उसका सही इस्तेमाल कर पाते हैं। इस बच्ची की कहानी एक सुकून देती है कि टेक्नोलॉजी हमेशा मानव प्रतिभा को बढ़ावा देने वाली रहेगी। बच्ची की त्वरित सोच असाधारण थी। उसने दिखा दिया कि आज की अचानक बदलती हुई दुनिया में उसमें गजब की नेतृत्व क्षमता है। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद यदि वह कॉरपोरेट दुनिया में आना चाहती है, तो मैं उम्मीद करता हूं कि महिंद्रा में हम उसे हमारे साथ जुड़ने के लिए मना पायेंगे।

**कमरे में घुस आये थे बंदर**

उत्तरप्रदेश के बस्ती में आवास विकास कॉलोनी में शिप्रा ओझा की छोटी बहन निकिता ने 15 महीने की भतीजी वमिका को बचाया था। निकिता और वमिका शुक्रवार को घर में सोफे पर खेल रही थीं। निकिता ने बताया कि घर पर मेहमान आये थे, जिनके जाने के बाद मेन गेट खुला छूट गया था। उसी समय बंदरों का झुंड अंदर घुस आया। मैंने बंदरों को भगाना चाहा, तो वो मेरी तरफ दौड़ पड़े। मैं वमिका की जान बचाने के लिए उसे लेकर चिल्लाते हुए भागी। तभी मेरी नजर फ्रिज पर रखे एलेक्सा पर पड़ी। मैंने तुरंत कहा, एलेक्सा, कुत्ते के भौंकने वाली आवाज निकालो। निर्देश पाते ही एलेक्सा कुत्ते की तरह तेज आवाज करने लगा, जिसे सुन कर बंदर डर गये और बालकनी से होते हुए छत की तरफ भाग गये। हम लोगों की जान बच गयी।






# मुंडाओं की रणभूमि बनी खूंटी संसदीय सीट

## ■ बिरसा की जन्मस्थली पर फिर होगा अर्जुन और काली का मुकाबला

## ■ दोनों उम्मीदवार खूब बहा रहे हैं पसीना, पर सामने हैं बड़ी चुनौतियां

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड की राजधानी रांची से सटे खूंटी संसदीय क्षेत्र की पहचान अमर स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की वजह से है। इलाके के सघन वन क्षेत्र और ऊंची पहाड़ियों में उनके गोरों से संघर्ष के निशान आज भी मौजूद हैं। सियासी मोर्चे पर कड़िया मुंडा ने खूंटी की पहचान कायम की। इस बार भी चुनाव मैदान में कड़िया मुंडा की जगह पर अर्जुन मुंडा हैं, जो पिछली बार बेहद रोमांचक मुकाबले में जीते थे। उनका मुकाबला इस बार भी कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से है। अर्जुन मुंडा केंद्र में मंत्री हैं। वह इस क्षेत्र की जटिलताओं से वाकिफ हैं। लिहाजा वह रणनीतिक मोर्चे पर सतर्क और सजग भी हैं। लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी कालीचरण मुंडा भी उनसे बहुत पीछे नहीं हैं। वह इलाके के प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखते हैं। खूंटी में इस बार भी मुंडा वोटरों को साधने से लेकर मिशनरियों की रणनीति भेदने समेत शहरी वोटरों को आकर्षित करने की चुनौती दोनों प्रत्याशियों के सामने है। इसमें जो कामयाबी पायेगा, जीत का सेहरा उसी के सिर बंधेगा। खूंटी लोकसभा सीट का इतिहास शुरू से काफी रोमांचक रहा है और इस बार इस सीट के रोमांच में और बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद जतायी जा रही है। खूंटी लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में से चार इंडी गठबंधन के पास हैं और दो भाजपा के पास। 2019 में अर्जुन मुंडा और कालीचरण मुंडा के बीच जैसी चुनावी लड़ाई दिखी थी, उसे 2024 के चुनावी समीकरण में निश्चित तौर पर भाजपा के लिए चिंता का विषय कहा जा सकता है। क्या हैं खूंटी संसदीय सीट के समीकरण और प्रत्याशियों के सामने चुनौतियां, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

भगवान बिरसा मुंडा से लेकर पत्थलगड़ी तक के लिए पूरी दुनिया में चर्चित खूंटी संसदीय सीट झारखंड की एक हॉट सीट है। केंद्रीय मंत्री और तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे अर्जुन मुंडा यहां से लगातार दूसरी बार भाजपा की तरफ से चुनावी मैदान में उतरे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से है, जिन्होंने 2019 में भी बेहद नजदीकी मुकाबला किया था। खूंटी अक्सर सुर्खियों में रहता है। संयुक्त बिहार में इसे पहला अनुमंडल बनाया गया था। मुंडा बहुल इस जिले में बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के विरुद्ध उलगुलान किया था। वर्ष 1890 से लगभग 10 वर्ष तक चले बिरसा आंदोलन का प्रमुख केंद्र खूंटी ही था। कोयल-कारो बांध का विरोध भी इसी इलाके में हुआ था। यहां जनता कर्फ्यू तक लगा था। झारखंड गठन के बाद भी इलाके में जन आंदोलन होते रहे। मित्तल कंपनी के स्टील प्लांट और सीएनटी-एसपीटी एक्ट में संशोधन के खिलाफ हुए आंदोलनों के लिए भी खूंटी जाना जाता है। आंदोलनकारियों ने यहां प्रशासनिक अधिकारियों तक को बंधक बना लिया था। हॉकी के धुरंधर मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जनस्थली भी खूंटी ही है।

खूंटी लोकसभा सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर 2009 से लगातार भाजपा जीत रही है। हालांकि 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने उसे कड़ी टक्कर दी थी। उस चुनाव में भाजपा के अर्जुन मुंडा ने बेहद नजदीकी मुकाबले में महज 1435 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी।





### खूंटी का सियासी इतिहास

खूंटी सीट पर भाजपा ने साल 1989 के लोकसभा चुनाव में पहली बार अपना खाता खोला था। उस चुनाव में कड़िया मुंडा सांसद चुने गये थे। बाद में कड़िया मुंडा 1991, 1996, 1998 और 1999 में लगातार पांच बार यहां से सांसद बने। इसके बाद वह 2009 और 2014 में भी भाजपा के टिकट पर लोकसभा पहुंचे। साल 2004 में कांग्रेस की सुशीला केरकेट्टा ने खूंटी से जीत दर्ज करने में कामयाबी हासिल की थी। वहीं 1962 और 1967 में झारखंड पार्टी के जयपाल सिंह मुंडा और 1971 और 1980 में एनइ होरो यहां से सांसद बने थे। 1977 में कड़िया मुंडा जनता पार्टी के टिकट पर भी लोकसभा पहुंचे थे। 1984 में यह सीट कांग्रेस के साइमन तिग्गा के हिस्से में गयी थी।

### खूंटी का सामाजिक ताना-बाना

खूंटी लोकसभा सीट पर मुंडा जनजातियों की बाहुल्यता है। कुछ मान्यताओं के मुताबिक खूंटी का नाम महाभारत की कुंती से भी जोड़ा जाता है। इसके अलावा इस क्षेत्र को महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के नाम से जाना जाता है। यहां पर एससी समुदाय की आबादी 6.44 प्रतिशत, जबकि एसटी समुदाय की आबादी 64.85 प्रतिशत है। खूंटी का नाम पूरी दुनिया में उस समय चर्चित हुआ था, जब यहां के ग्रामीण इलाके में पत्थलगड़ी नामक आंदोलन बड़े पैमाने पर शुरू हुआ था। नक्सलियों के गढ़ में इस तरह के आंदोलन को अलगाववादी आंदोलन कहा गया और सरकार की सख्ती ने इसे दबा दिया। हालांकि आज भी कुछ इलाकों में पत्थलगड़ी समर्थको की धमक है। हां, अब उन्हें कुटुंब परिवार के नाम से जाना जाता है।

### अर्जुन मुंडा के सामने कई चुनौतियां

भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को अपने संसदीय क्षेत्र में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। एक ओर जहां कुर्मी महतो, रौतिया, तेली आदि जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा नहीं दिये जाने से इन समुदायों के लोग अभी तक अंदर ही अंदर नाराज हैं, तो वहीं कुछ अन्य जातियों को आदिवासी का दर्जा दिये जाने से आदिवासी समुदाय में भी नाराजगी है। भाजपा विरोधी सोशल मीडिया में अर्जुन मुंडा को पातर समुदाय का बता कर उनकी उम्मीदवारी के विरोध को हवा देने में लगे हैं। हालांकि उस हवा का तेज अभी कम जरूर हुआ है। समझदार लोग इसे तरजीह नहीं दे रहे। बता दें कि पिछले चुनाव में मोदी की प्रचंड लहर के बाद भी अर्जुन मुंडा सिर्फ 1435 मतों से जीत पाये थे। उस समय भाजपा की गुटबाजी खुल कर सामने आ गयी थी। रघुवर दास खेमे का साथ उनको नहीं मिला था। इस बार ऐसी स्थिति नहीं है। भाजपाइयों का पूरा समर्थन उन्हें मिल रहा है। उस चुनाव में खरसावां और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी की तुलना में अर्जुन मुंडा को अच्छी खासी बढ़त मिल गयी और वे किसी प्रकार चुनाव जीत गये, अन्यथा छह में से चार विधानसभा क्षेत्रों सिमडेगा, कोलेबिरा, तोरपा और खूंटी में तो कांग्रेस प्रत्याशी भाजपा प्रत्याशी से अच्छी-खासी बढ़त हासिल कर जीत की दहलीज पर पहुंच गये थे।

2024 का चुनावी परिदृश्य बदला हुआ है। भाजपा के कार्यकर्ता चुनावी कार्यों में जुट गये हैं। कुछ नये चेहरे भी काम कर रहे हैं। कुर्मी मतदाताओं को एक बार फिर अपनी ओर आकर्षित करने के लिए सुदेश महतो का सहारा लिया जायेगा। भाजपा को पूरा विश्वास है कि सुदेश महतो कुर्मियों के बीच पनपी नाराजगी को पाट देंगे और अर्जुन मुंडा के पक्ष में उन्हें राजी कर लेंगे। तमाड़ में कुर्मी मतदाताओं के बीच सुदेश महतो की अच्छी-खासी पैठ है। वह समाज के कुछ और वर्गों में पैठ रखते हैं। आजसू भी इस इलाके में प्रभावशाली है। देर-सबेर सुदेश महतो मैदान में उतरेंगे, क्योंकि वह एनडीए का हिस्सा हैं और मोदी के 400 पार के नारे पर वह काम कर रहे हैं।

### खूंटी के मुद्दों पर क्या है प्रत्याशियों की राय

जहां तक चुनावी मुद्दों की बात हो, तो दोनों प्रत्याशी विभिन्न मुद्दों पर अलग-अलग राय रखते हैं। मसलन अर्जुन मुंडा पत्थलगड़ी को चुनावी मुद्दा नहीं मानते हैं, जबकि कालीचरण मुंडा भी इसे खूंटी का चुनावी मुद्दा नहीं मानते हैं, लेकिन आदिवासियों के अस्तित्व से जुड़ा मामला बताते हैं। नक्सलवाद के मुद्दे पर भी दोनों की राय अलग-अलग है। हां, इस बार के चुनाव में अर्जुन मुंडा की ओर से खूंटी लोकसभा क्षेत्र में किये गये कार्यों की चर्चा जरूर है। यहां उन्होंने कई योजनाओं को धरातल पर उतारा है। शिक्षा, सड़क से लेकर स्वास्थ्य तक के क्षेत्र में उन्होंने काम किया है।

---

# कार्यकर्ताओं के प्रयास से जीत सुनिश्चित कर पाते हैं: कर्मवीर

**■ मोदी के 400 में 14 फूलों की माला झारखंड की भी**

**■ रांची लोकसभा प्रबंधन समिति की बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी रांची लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक रांची लोकसभा कार्यालय मोहन कांप्लेक्स में हुई।




भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और हम भाजपा कार्यकर्ताओं के बल पर ही जीत सुनिश्चित कर पाते हैं। पार्टी के कार्यकर्ता तन, मन, धन के साथ समर्पण भाव से निरंतर पार्टी के कार्यों में लगे रहते हैं, इसलिए भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य इस बार 400 पार और झारखंड की 14 में 14 सीट कार्यकर्ताओं के बल पर जीतेंगे।

इसी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 फूलों की माला में 14 फूलों की माला झारखंड का भी पिरोया जायेगा। यह तभी संभव होगा, जब हम अपने-अपने बूथ को जीतेंगे। संगठन मंत्री ने बताया कि कैसे चुनाव प्रबंधन में लगे कार्यकर्ताओं को काम करना है।

**इनकी रही मौजूदगी :** रांची लोकसभा संयोजक संजीव विजयवर्गीय, महानगर के जिलाध्यक्ष वरुण साहू, ग्रामीण जिला के अध्यक्ष सुरेंद्र महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

> **विकास के लिए तीसरी बार मोदी सरकार: सहाय**
>
> **भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा केंद्र सरकार की योजनाओं को हमें घर-घर तक बताना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जो लाभ लोगों को मिला है, उनसे संपर्क स्थापित कर देश के विकास के लिए हमें तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है।**

# झारखंड की नाक है दुमका सीट, झामुमो इसे कभी कटने नहीं देगा : बसंत सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जामताड़ा।** झामुमो की ओर से दुमका लोकसभा सीट के लिए प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद पहली बार नलिन सोरेन मंत्री बसंत सोरेन के साथ जामताड़ा पहुंचे। दुमका रोड स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में सभी नेताओं ने स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनको विश्वास दिलाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने साजिश कर के लोकसभा चुनाव में दुमका सीट जीतने के लिए हेमंत सोरेन को सलाखों के पीछे भेजा है। बसंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जब से दुमका लोकसभा प्रत्याशी के नाम की घोषणा की है, सभी विपक्षी दलों में खलबली मची हुई है।



उन्होंने कहा कि दुमका काफी महत्वपूर्ण सीट है, जिस पर झारखंड से लेकर दिल्ली तक की नजर टिकी हुई है। दुमका लोकसभा सीट झारखंड की नाक है और झारखंड मुक्ति मोर्चा इस नाक को कभी कटने नहीं देगा। सभा को नलिन सोरेन ने भी संबोधित किया और कहा कि वह दुमका सीट जीतेंगे।

---

# भाजपा कार्यकर्ताओं का गुस्सा झेलना पड़ा चंद्रप्रकाश चौधरी को

**■ आश्वासन के बाद माने कार्यकर्ता**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह ।** गिरिडीह के मधुबन में एनडीए और आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी का बीजेपी कार्यकर्ताओं ने विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने चौधरी पर आरोप लगाया कि उन्होंने पांच साल तक अपने संसदीय क्षेत्र की उपेक्षा की। उनकी सुधि नहीं ली और न ही गिरिडीह में अपेक्षित विकास हुआ है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शोर-शराब किया और चौधरी के खिलाफ नारे लगाये। इसदौरान सांसद चौधरी को मुश्किल से बोलने का अवसर मिला। बता दें कि मुधबन में चंद्रप्रकाश चौधरी बीजेपी की विधानसभा स्तरीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे।



**90 फीसद बीजेपी कार्यकर्ता को तरजीह देंगे:** शोर-शराबा और हंगामा को देखते हुए चंद्रप्रकाश चौधरी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को भरोसा दिया कि अगले टर्म में वह उनकी अपेक्षाओं पर उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे। साथ ही आश्वासन दिया कि जीतने पर वह 90 फीसद बीजेपी के लोगों को सांसद प्रतिनिधि बनायेंगे। इसके बाद कार्यकर्ता शांत हुए। चौधरी ने कहा कि आजसू के 10 फीसद लोगों को सांसद प्रतिनिधि बनायेंगे। सांसद प्रतिनिधियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जायेगा। साथ ही कार्यकर्ताओं से चुनाव कार्य में पूरे उत्साह से जुट जाने के लिए कहा। उन्होंने बीजेपी औरआजसू से नये वोटरों को जोड़ने की सलाह दी। अबकी बार 400 के पार का नारा बुलंद करने की अपील की।

### चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने की पहल

# रिल्स बनाओ, शॉट्र्स बनाओ...इनाम पाओ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की ज्यादा से ज्यादा संख्या बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग तरह-तरह का प्रयोग कर रहा है। इसके लिए सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर, सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले और डिजिटल कलाकार को भी इसमें शामिल किया जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रांची द्वारा झारखंड वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट को 10 अप्रैल तक विस्तारित किया गया है। इसके तहत शॉर्ट फिल्म्स, म्यूजिक वीडियो, रील मेकिंग और पोस्टर मेकिंग जैसी चार कोटि निर्धारित की गयी है। प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए विस्तृत जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। सभी कोटियों में प्रविष्टियां प्राप्त होने के उपरांत मुख्यालय स्तर पर गठित निर्णायक मंडली द्वारा उनमें से बेहतर रचनाओं को चयनित करते हुए प्रथम, द्वितीय और तृतीय को पुरस्कृत किया जायेगा। पुरस्कारों का निर्णय करते समय संबंधित प्रतिभागी के सोशल मीडिया इंगेजमेंट को भी आधार बनाया जायेगा।

स्थानीय फिल्मकार, निर्देशक और सोशल मीडिया से अपील की गयी है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में झारखंड वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट में हिस्सा लें और मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए वोटरों को प्रेरित करने वाले रिल्स, शॉर्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो, पोस्टर मेकिंग आदि बनायें।

### रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन का सुझाव

# मॉर्निंग वॉकर्स को वोटिंग के लिए करें जागरूक

**■ मतदान के बाद वोटरों से लें फीडबैक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नगर निगम और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान रविवार को चलाया गया। इस क्रम में रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक की गयी। इसमें रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के निवासियों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इसी क्रम में मतदाता संजय कुमार ठाकुर ने तीन उपयोगी सुझाव दिये। कहा कि मोरहाबादी और आसपास के स्थलों पर मॉर्निंग वॉकर्स के मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाये। डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि मतदान दिवस पर पेड लीव की व्यवस्था की गयी है। सभी लोग पोलिंग डे पर बूथ पर पहुंचे, इसे लेकर उन्हें जागरुक करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। मतदान से पहले संबंधित बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया जायेगा। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों में भी अच्छी संख्या में मतदाता बूथ तक पहुंचते हैं, लेकिन शहरी क्षेत्र में सुविधाओं और जानकारी होने के बावजूद लोग मतदान दिवस पर घरों से कम निकलते हैं। उन्होंने आरडब्ल्यूए के सदस्यों से कहा कि पोलिंग डे पर अपने परिवार और आसपास के लोगों को लेकर मतदान केंद्र तक आयें।



कार्यशाला के दौरान नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार द्वारा भी मतदाता जागरूकता से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गयी। बैठक में दिनेश कुमार यादव, उत्कर्ष समेत अन्य उपस्थित थे।

# पलामू में मतदान से पहले इतिहास रचने की खामोशी

## ■ दल और जातीय बंधन की दीवार को तोड़ने के लिए बेचैन हैं मतदाता

## ■ पुरुषों से कहीं अधिक महिलाओं के अंदर उमड़ रहा है उत्साह

## ■ राम मंदिर का जिक्र होते ही जुबां पर आ जाती है दिल के अंदर छिपी बात

### ग्राउंड रिपोर्ट

आम चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। चुनावी शोर भी शुरू हो गया है। जगह-जगह दरबार भी सज रहा है। पेट्रोल पंपों पर मोटर साइकिलों में तेल लेने वालों की संख्या भी बढ़ गयी है। ढाबा और चाय-पानी-नाश्ते की दुकानों में बिक्री बढ़ रही है। टेंपो-ऑटो की सवारियों में इजाफा हुआ है। भाड़े पर जीप और बोलेरो की मांग में अचानक बढ़ोत्तरी हो गयी है। स्थानीय स्तर पर टेंट और खाना बनानेवालों की पूछ भी बढ़ गयी है। पत्तल और दोना की बिक्री में भी बेतहाशा वृद्धि हुई है। दुकानों में दलों के झंडे की डिमांड होने लगी है। इसके खरीदार बन गये हैं स्कूटी, मोटरसाइकिल, रिक्शा और ऑटो वाले। माइकवाले तो परेशान हैं ऑर्डर लेते-लेते। दल के नेताओं के खर्च भी बढ़ गये हैं। सुबह से ही इनके पास कार्यकर्ताओं का समूह जुटने लगा है। कहीं चाय तो कहीं-कहीं पानी की बोतल से ही काम चलाया जा रहा है। सड़क किनारे बने घरों में जगह की खोज हो रही है, ताकि चुनाव के समय वहां पार्टी कार्यालय खोला जा सके। कुछ जगहों पर तो कार्यालय स्थापित भी हो गये हैं। इन कार्यालयों में अभी से यह गुणा-भाग भी हो रहा है कि किस बूथ के मतदाता किस तरफ झुकेंगे। उन्हें अपने पाले में लाने की रणनीति बनायी जा रही है। हर दल यह रणनीति बनाने में व्यस्त है कि पिछली बार की तुलना में इस बार मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी कैसे हो! मतदान में बढ़ोत्तरी को लेकर चुनाव आयोग के अधिकारी और उनके मातहत काम कर रही मशीनरी भी लग गयी है। चुनाव आयोग लोगों के मन में बैठे इस मिथ को तोड़ने में लगा है कि शत-प्रतिशत मतदान होने पर बूथ कैंसिल हो जायेगा। एक जमाना था, जब मैनुअल चुनाव प्रक्रिया में शत-प्रतिशत मतदान होने पर उस बूथ का मतदान कैंसिल हो जाता था। ऐसा माना जाता था कि वहां जाली मतदान हुआ है, लेकिन आज भारत बदल चुका है। अब हर उस बूथ का मान-सम्मान बढ़ गया है, जहां ज्यादा से ज्यादा मतदान हुआ हो।

तापमान 40 डिग्री के आसपास। सूर्य की किरणें इतनी तेज की आंखें चौंधिया जा रही हैं। बदन पसीने से तर-बतर। गर्मी से बचने के लिए गमछा एकमात्र सहारा। दिन के दस बजे से लेकर तीन बजे तक ग्रामीण इलाकों की सड़कें सूनसान। हवा के झोंकों में गजब की गर्मी। जहां-तहां कुछ दूरी पर स्थित चाय-नाश्ता की दुकानों पर कुछ लोग नजर आ जाते हैं। वे आपस में तो चुनाव की चर्चा कर रहे हैं, लेकिन जैसे ही कोई पत्रकार या दूसरा उनसे पूछ बैठता है, तो वे खामोश हो जाते हैं। बहुत कुरेदने पर उनमें से कुछ अपने अंदर की इच्छा व्यक्त करते हैं, लेकिन बहुत ही संयमित शब्दों में। कुछ लोग खुल कर अपनी भावनाओं का इजहार भी कर रहे हैं। पहले की बनिस्बत यहां महिलाएं ज्यादा मुखर हैं। खासकर राममंदिर का मुद्दा सामने आने पर वे बेलाग बोलने लगती हैं। इसे सुन कर साफ पता चलता है कि उनके दिल के अंदर मतदान को लेकर क्या कुछ चल रहा है।

शुक्रवार को आजाद सिपाही की टीम पलामू दौरे पर भी। उद्देश्य था मतदाताओं का मन टटोलना और पलामू की मौजूदा समस्याओं-मुद्दों से अवगत होना। मन में यह उत्कट इच्छा थी कि 2019 और अब 2024 के चुनाव में पलामू में क्या कुछ बदला है। वहां के लोगों के मन-मस्तिष्क में क्या कुछ चल रहा है। पिछली बार पलामू में लगभग 63 प्रतिशत मतदान हुआ था। अपेक्षा से कम। क्या इस बार मतदान प्रतिशत में इजाफा होगा!

दौरे के क्रम में सतबरवा के सोनू लाइन होटल में आजाद सिपाही की टीम रुकी थी। यहां खाना खाने के बाद मन में आया कि लोगों का मन टटोला जाये। सोनू नाम के 35 वर्षीय युवक से जानने की कोशिश की गयी कि उसके मन में चुनाव को लेकर क्या धारणा है। यहां क्या कुछ चल रहा है। सवाल सुनते ही सोनू खामोश। बहुत कुरेदने पर वह कहता है वोट तो देंगे ही। किसे देंगे, यह सुनते ही वह सकपका जाता है। घुमा-फिरा कर बात करने पर कहता है-यह चुनाव नली-गली के लिए थोड़े न हो रहा है। फिर किसके लिए हो रहा है। तपाक से कहता है-देश के मान-सम्मान के लिए हो रहा है। देश की सुरक्षा की खातिर हो रहा है। देश जब सुरक्षित रहेगा, तभी न रोजी-रोजगार चलेगा। किसके हाथ में देश सुरक्षित रहेगा? यह सुनते ही वह कहने लगता है, अब यह भी कोई पूछनेवाली बात है। आपने देखा नहीं कैसे भारत ने पाकिस्तान के घर में घुस कर मारा। क्या आपको नहीं पता कि अब देश में सुनियोजित स्तर पर दंगे नहीं हो रहे। पाकिस्तान की हेकड़ी गुम हो गयी है। अमेरिका अब भारतीयों के लिए रेड कारपेट बिछा रहा है। आप देखे नहीं कि रूस-अफगानिस्तान युद्ध के समय कैसे भारतीय छात्रों को वहां से निकालने के लिए युद्ध रोक दिया गया। कैसे भारत की फ्लैग लगी गाड़ियों को देख कर रूस और अफगानिस्तान के सैनिक सैल्यूट मार रहे थे। सोनू यह सुनने को तैयार ही नहीं था कि पलामू की समस्याओं का समाधान कैसे होगा। वह उम्मीदवार के नाम पर बात ही नहीं करना चाहता था। कहने लगा-उससे हमको क्या लेना-देना। हम तो उसे वोट करेंगे, जिसने हमारे देश का मान-सम्मान बढ़ाया है।

सोनू की बातों को सुन कर लगा कि वह किसी खास राजनीतिक पार्टी का कार्यकर्ता है। जानने की कोशिश करने पर उसने यह कह कर खामोश कर दिया कि हमें रोटी बनाने और खाना खिलाने से फुर्सत कहां है कि हम किसी दल का झंडा ढोयेंगे। कोई दल हमें रोटी थोड़े न दे देगा। काम करेंगे तो खायेंगे। नहीं करेंगे, तो भूखे सोयेंगे। अभी धंधा कैसा चल रहा है, सुनते ही वह कहता है, सुबह सात बजे से रात दस बजे तक ढाबा खोल कर रखते हैं। कभी कोई तंग नहीं करता? यह पूछने पर वह कहता है कौन तंग करेगा। जंगल वाला? अरे, अब वे लोग कहां हैं। ऐसे पहले भी उन्होंने कभी हमें तंग नहीं किया। हां, कभी-कभी स्थानीय स्तर पर तो कुछ समस्याएं होती ही रहती हैं।

### दूसरा पड़ाव

**मेदिनीनगर।** वेलवाटिका के पास एक अधेड़ उम्र का व्यक्ति खड़ा है। धूप से बचने के लिए वह अपने सिर पर गमछा रखे हुए है। उसके हाथों में एक झोला है। तन पर कुर्ता और कमर के नीचे आधी धोती। वह गंतव्य तक जाने के लिए किसी वाहन का इंतजार कर रहा था। उसके शरीर को देख कर लगा कि उम्र 60-65 वर्ष होगी। पूछने पर वह कहता है पचास साल का हूं। हम अवाक रह गये कि पचास साल की उम्र में ही उसके शरीर की यह हालत। कहता है, काम और जिम्मेदारियों की चिंता से शरीर गल गया है। झुर्रियां पड़ गयी हैं।

हम बातचीत का सिलसिला शुरू करते हैं। हमने उससे पूछ ही डाला कि इस बार यहां से कौन चुनाव लड़ रहा है। कहता है-हमने उन्हें देखा तो नहीं है। प्रत्याशी को आपने नहीं देखा के सवाल पर वह कहता है कि अरे बाबू हम गांव के लोगों को प्रत्याशी से क्या लेना-देना। ऐसे भी गांव में कौन प्रत्याशी जाता है भला। स्थानीय स्तर के नेता जरूर आते हैं वहां। इस बार आप मतदान करेंगे या नहीं? इस पर वह कहता है वोटवा तो देंगे ही। किसे देंगे? नाम तो नहीं जानते? फिर वोट किसे देंगे। देंगे न! आपके इलाके में कोई काम हुआ या नहीं। सुनते ही कहता है कैसे नहीं हुआ। वह कहने लगता है- बाबू पहले हम यहां से जब रांची जाते थे, तो बस से ही जाना पड़ता था। तीन-चार साल पहले बस का किराया कम था। अब बस में एसी लिख दिया है और उसमें बैठने पर चार सौ रुपया किराया मांगता है। उतनी तो हमारे डेढ़ दिन की मजदूरी है। ऊपर से बसवा में बैठने पर जाड़ा लगने लगता है। गमछा से मुंह-कान बांधना पड़ता है। इसलिए अब हम बस से रांची नहीं जाते। तो कैसे जाते हैं? कहता है ट्रेनवा से। एक ट्रेनवा चलती है चौपन एक्सप्रेस। उसी से जाते हैं। उससे जाने से क्या फायदा होता है? झट से कहता है-अरे उसमें सिर्फ 95 रुपया लगता है। साढ़े चार घंटा में पहुंचा भी देती है। बसवा छह से सात घंटा में पहुंचाता है। ट्रेनवा से 200 रुपया में रांची आना-जाना हो जाता है। ट्रेन किसने चालू करवायी? सुने हैं बाबू मोदी जी ने चालू करवायी है। यहां से किसी ने कोशिश तो की होगी? हां, उ सांसद जी हैं न! क्या नाम है उनका? दिमाग पर जोर देकर वह कहता है, अरे वही। कौन? नमवा तो हम भुला गये हैं। अरे लोग कहता है कि पहले वह पुलिस में थे। और उनके बारे में क्या सुने हैं आप? कहता है- वह पैसा नहीं लेते हैं। इमानदार हैं। अलल-बलल नहीं बोलते हैं। किसी को लड़ाते-भिड़ाते नहीं हैं। कभी आपने उन्हें देखा है? देखा तो नहीं है। सुनते हैं कि वह पहले झारखंड में पुलिसवालों के मालिक थे।

### स्थान: गढ़वा

दिन के तीन बजे हैं। एक पत्रकार से मुलाकात होती है। हम उससे जानना चाहते हैं कि पलामू में भाजपा प्रत्याशी को लेकर लोगों के मन में क्या चल रहा है। उनके प्रति लोगों में क्या धारणा है। वह लोगों से मिलते-जुलते हैं कि नहीं। लोगों की सुनते हैं कि नहीं। आने-जाने में एज फैक्टर तो नहीं है। उस पत्रकार ने जो कुछ कहा-उसे हम यहां लिख रहे हैं:

सर, बहुत दिनों बाद पलामू को एक पढ़ा-लिखा सांसद मिला है। क्यों इसके पहले कोई पढ़ा-लिखा सांसद नहीं था? वह कहते हैं: आप तो इतने बड़े पत्रकार हैं, खुद ही जानते हैं। वह अपनी बात जारी रखते हैं: इसके पहले एक ऐसे सांसद थे, जो जंगल से ही उठ कर यहां आ गये थे। बचपन में ही उन्होंने अपने हाथ में बंदूक उठा ली थी। कलम तो वे उठाये नहीं थे। जब चुनाव में खड़े हुए थे, तो डर के मारे कोई उनका विरोध नहीं कर पा रहा था। चुनाव से दो रात पहले सुदूर गांवों में बंदूक लेकर रात को कुछ लोग पहुंचे थे। उन्होंने कहा था देख लीजिएगा, फिर हमें आना नहीं पड़े। वह चुनाव जीत गये। उसके बाद किसकी हिम्मत थी उनके पास जाने की। मजाल कि कभी कोई उनके खिलाफ कुछ कह दे। हां, कभी-कभी वह सभा मंच पर दिख जाते थे। वहां क्या भाषण देते वह। कभी कुछ बोला, कभी नहीं बोला।

बातचीत का सिलसिला जारी रहता है। पत्रकार कहते हैं: कामेश्वर बैठा के पहले एक सांसद थे। भाजपा के ही सांसद थे। कार्यकर्ता और ठेकेदार लोग उनकी गर्दन में गमछा लपेट कर पैड पर योजनाओं का रिकोमेंडेशन करा लेता था। कई ठेकेदार तो ऐसे थे, जिनके पास उनका लेटर पैड था। ठेकेदार अपनी मर्जी से उस पैड पर योजना का नाम लिख कर डीसी ऑफिस भेजवा देते थे। पढ़ाई-लिखाई से उनको कितना लगाव था, आप खुद ही पता कर लीजिए। एक और सांसद थे। वह दूसरे दल के थे। वह जब तक रहे विवाद में ही रहे। वह तो पटना से नीचे कभी बात ही नहीं करते थे।

बहुत दिनों बाद बीडी राम के रूप में एक पढ़ा-लिखा और धीर-गंभीर सांसद मिला है। पत्रकार कहते हैं: कभी उनको हमने डींगें हांकते नहीं सुनी। कभी किसी को गाली देते या किसी अधिकारी को हड़काते नहीं सुना। कभी किसी ठेकेदार को अनावश्यक परेशान करते नहीं देखा। सभा मंच पर भी वह बेहद नपे-तुले शब्दों में अपनी बात रखते हैं। वह कभी झूठा आश्वासन नहीं देते। कहते हैं हम प्रयास करेंगे। हम कोशिश करेंगे कि यह काम हो जाये। वह पत्रकार बीडी राम द्वारा किये गये कामों की लंबी फेहरिश्त सुना देता है। कहता है आज चोपन-रांची ट्रेन उन्हीं की देन है। पलामू-सासाराम ट्रेन उन्हीं की देन है। विंढम गंज-कुड़ू रोड उन्हीं की देन है। यह रोड तो भारत माला प्रोजेक्ट से बाहर हो गयी थी। उन्होंने ही दिल्ली में कोशिश कर इसे योजना से जोड़वाया। वह सोन नहर से पाइप के माध्यम से पलामू के किसानों को पानी देने की योजना को उनकी उपलब्धि मानते हैं। कहते हैं: रघुवर दास के शासनकाल में सांसद ने ही प्रयास किया था। उसमें सत्तर प्रतिशत काम हो चुका है। मौजूदा सरकार के कार्यकाल में उसका काम कुछ ढीला हो गया है। लेकिन योजना पूरी होगी ही। वह कनहर सिंचाई योजना की भी बात बताते हैं। कहते हैं कनहर से पानी गढ़वा के किसानों के खेतों में जायेगा। उनका वर्षों का सपना पूरा होगा। यह देहाती जी का सपना था। लगता है, अब पूरा हो जायेगा, क्योंकि उसके लिए भवनाथपुर के विधायक और उनके पुत्र भानुप्रताप शाही ही लगे हुए हैं। सांसद बीडी राम का प्रयास तो अतुलनीय है। वह पत्रकार बीडी राम के कार्यकाल में शिक्षा से लेकर, स्वास्थ्य, बिजली, सड़क निर्माण से लेकर बंशीधरनगर में गेस्ट हाउस और भवनाथपुर में औद्योगिक कॉरीडोर की रूपरेखा तक लंबी फेहरिश्त गिना देता है। वह इस तरह योजनाओं के बारे में बताता है कि क्या कोई भाजपा का नेता या कार्यकर्ता बतायेगा। यह सुन कर हम उससे पूछ बैठते हैं, कहीं आप दिल से भाजपाई तो नहीं हैं? वह कहता है-नहीं सर, यही सच्चाई है। आप खुद ही पता कर लीजिए।

इस रिपोर्ट को पढ़ कर कइयों को ऐसा लगेगा कि यह एकतरफा रिपोर्ट है। एक पक्षीय रिपोर्ट है। इसमें सिर्फ एक दल का बखान किया गया है। कुछ लोग इसे मैनेज्ड रिपोर्ट भी कह सकते हैं, क्योंकि इन दिनों ऐसा प्रचलन सा चल पड़ा है कि अगर रिपोर्ट उनके मन मुताबिक नहीं हुई, तो वह तपाक से गोदी मीडिया से लेकर तमाम तरह के विशेषणों से नवाज देंगे। लेकिन हम बता देना चाहते हैं कि पलामू के जीरो ग्राउंट पर यही स्थिति है। मैदान में अभी सिर्फ भाजपा दिख रही है। अंदर ही अंदर मतदान को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। दूसरी तरफ विपक्ष अभी इसी उधेड़-बुन में उलझा है कि यहां से राजद लड़ेगा या कांग्रेस? गठबंधन की तरफ से अब तक ऑफिशियल रूप से यह घोषणा नहीं की गयी है कि यह सीट किसके खाते में जायेगी। ऐसे आधे मन से यहां राजद यह प्रचार जरूर कर रहा है कि उसकी तरफ से ममता भुइयां उम्मीदवार होंगी, लेकिन आधिकारिक तौर पर यह घोषणा अभी बाकी है। पलामू के जीरो ग्राउंड की यह सच्चाई है कि आज की तारीख में सिर्फ और सिर्फ भाजपा के बीडी राम मैदान में दौड़ रहे हैं और उनके साथ उनकी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से लेकर, विधायक, प्रदेश महामंत्री, जिला इकाई के नेता और कार्यकर्ता पूरे दमखम के साथ मैदान में जुटे हुए हैं। प्रचार वाहन भी उनका सड़कों पर उतर चुका है। बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की बाढ़ आ गयी है। चुनावी कार्यालय भी खुलने लगे हैं। शुक्रवार से लेकर रविवार तक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मेदिनीनगर, विश्रामपुर, रमना, गढ़वा, हैदरनगर तमाम जगहों पर बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत कर चुके हैं। उन कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ देखी गयी। उनके साथ विधायक, नेताओं और कार्यकर्ताओं की पूरी फौज उतर चुकी है, दूसरी तरफ विपक्षी हैं कि उम्मीदवार की ही बाट जोह रहे हैं। अभी तक की जो स्थिति है, उससे साफ पता चलता है कि इस बार मतदान का प्रतिशत 70 के आसपास होगा। अंदर ही अंदर लोगों के और खासकर महिलाओं के मन में मतदान को लेकर भारी उत्साह है। महिलाओं में मतदान के प्रति उमड़ रहे उत्साह का पता उस समय और चलता है, जब बात करते-करते कोई राममंदिर का मुद्दा उनके सामने रख देता है। यह सुनते ही उनके अंदर की बात जुबां पर आ ही जाती है। मुफ्त का राशन, शौचालय, उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड भी अपना असर दिखा रहा है। ओबीसी के प्रति भाजपा आलाकमान के हृदय में उमड़े प्रेम का भी पलामू जैसे पिछड़े इलाके में साफ असर देखा जा सकता है। यह समाज आज पूरी तरह जाग चुका है। वह मुखर भी है और खुलेआम इसका इजहार भी कर रहा है। उसके लिए यह कोई मायने नहीं रखता कि वहां समस्याएं क्या हैं, उन्हें क्या मिला? उनके लिए कोई खास दल भी मायने नहीं रखता। उनका कहना है आज टिकट में हिस्सेदारी मिली है, कल दूसरे अधिकार भी मिल जायेंगे।

**(जयकांत शुक्ला, विजय प्रताप देव, सुनील सिंह, प्रदीप ठाकुर के साथ हरिनारायण सिंह)**






### मरार की महिला ने दागा जवाबी सवाल

दिन शनिवार। 11 बजे का समय रहा होगा। सड़क किनारे अवस्थित यादव जी के मकान के बगल से एक महिला निकलती है। उम्र करीब 70 साल। आधा शरीर झुक गया है। हम उसकी तरफ बढ़ते हैं। पूछते हैं आपका नाम क्या है? कहती है-फुलमतिया। आपको पता है कि आपके सामने वाले मैदान में क्या हो रहा है। उ स्कूलवा के बगल में! हां, जहां माइक बज रहा है। अरे हां बाबू, वहां वोटवा वाला सब आया है। सुने हैं एगो बड़का नेता आनेवाला है। उसका नाम क्या है? अरे हमें क्या मालूम। सुने हैं। यहां वोट कब है? सुने हैं मई में होगा। यहां कौन-कौन खड़ा है चुनाव में? अरे, इ सब हमको नहीं पता है। वोट दीजिएगा कि नहीं? वह उलटे हम लोगों से ही पूछ बैठती है काहे नहीं देंगे? किसको दीजिएगा? इ अभी काहे बतायें। अरे हम लोग ऐसे ही पूछ रहे हैं। हम लोग नेता नहीं हैं। वह आश्चर्य भरी नजरों से देखते हुए पूछती है-नेता नहीं हैं? हम कहते हैं- नहीं। अच्छा-अच्छा। हां वोटवा तो देंबे करेंगे। किसको दीजिएगा, वही तो हम पूछ रहे हैं। कुछ देर तक वह खामोश रहती है। फिर कहती है-रामजी को। रामजी कौन हैं? अरे आप नहीं जानते, वही भगवान जी, जो अयोध्या में आये हैं। हम पूछते हैं- भगवान जी चुनाव में थोड़े खड़े हुए हैं। वह तो अयोध्या मंदिर में हैं। अरे तो उससे क्या हुआ? पांच सौ साल बाद आये न मंदिर में। पहले तो टूटहा घर में थे। अब न मिला है उनको मंदिर। उसको जो मंदिर में बैठाये हैं, उसी को देंगे। काहे उनको दीजिएगा? अरे बाबू नहीं देंगे, तो पापे न हमको पड़ेगा। एतना दिन बाद रामजी को उ मंदिरवा में बैठाये तो हम उनको एगो वोटवो नहीं देंगे। चुनाव चिह्न आपको पता है? हां-हां पता है न। क्या है? अरे वही फुलवा।

#### पलामू के अब तक के सांसदों की शिक्षा

| | |
|---|---|
| जोरावर राम | इंटर |
| ब्रजमोहन राम | बीए |
| कामेश्वर बैठा | 10वीं पास |
| मनोज कुमार | बीए |
| घुरन राम | बीए |
| वीडी राम | बीए, आइपीएस |

#### पलामू संसदीय क्षेत्र के मतदाता

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 1693169 |
| पुरुष | 877713 |
| महिला | 815456 |

#### पलामू के अंतर्गत विधानसभा सीटें

डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, गढ़वा, हुसैनाबाद, भवनाथपुर








सर्राफा
सोना (बिक्री) 66,400 रु./10 ग्राम
चांदी 85,000 रु./प्रति किलो



### एल ख्यांग्ते ने पेयजल संकट के समाधान के लिए टास्क फोर्स बनाने का दिया निर्देश

# सभी जलाशय और जलस्रोत को अतिक्रमण मुक्त करायें : सीएस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी नगर निकायों को पेयजल संकट के समाधान के लिए टास्क फोर्स बनाने का निर्देश दिया है। वहीं राज्य और स्थानीय स्तर पर कंट्रोल रूम बना कर टोल फ्री नंबर जारी करने को कहा है, ताकि किसी जगह पानी की समस्या हो तो लोग इसके जरिये अपनी समस्या रख सकते हैं।



मुख्य सचिव ने टैंकरों से जलापूर्ति अधिक से अधिक कराने को कहा है। नये टैंकरों की खरीद के लिए जल्द टेंडर की प्रक्रिया संपन्न कराने का भी निर्देश दिया है। विगत दिनों वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भी ये बातें उन्होंने सभी निकायों को कही थी। मुख्य सचिव ने इसके अलावा चापाकलों की मरम्मत युद्ध स्तर पर कराने को कहा है। इसके लिए नगर विकास राशि उपलब्ध करायेगा।

राज्यभर के जलाशयों, जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराकर उन्हें विकसित करने का भी निर्देश उन्होंने दिया है। रांची नगर निगम को जलापूर्ति के लिए अतिरिक्त 20 टैंकर और खरीद की स्वीकृति भी दी गयी है। मुख्य सचिव ने नगर विकास एवं पेयजल विभाग को आपस में समन्वय कर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा है। इसके लिए लांग टर्म और शॉर्ट टर्म की पेयजलापूर्ति की योजनाएं बनाने का निर्देश नगर विकास विभाग के अधिकारियों को दिया है।

# वर्ल्ड हेल्थ डे पर पारस अस्पताल का साइक्लोथॉन



**साइकिल चला कर स्वस्थ जीवन के लिए किया प्रेरित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वर्ल्ड हेल्थ डे पर पारस अस्पताल ग्रुप ने रविवार को साइक्लोथॉन का आयोजन किया। लोगों में अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया गया। इसके तहत 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर तक साइकिल चलानी थी, इसमें लोगों ने जोश के साथ हिस्सा लिया। विजेताओं को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। अच्छे स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। पारस अस्पताल के डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि कामकाज के दौरान लोग अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखते हैं। सभी को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। रेगुलर डॉक्टरों से जांच करायें। आज के समय में खराब खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल के चलते कम उम्र में ही लोग कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इसी कड़ी में हर साल सात अप्रैल के दिन वर्ल्ड हेल्थ डे मनाया जाता है।

## सरहुल पूर्व संध्या समारोह 10 अप्रैल को



रांची (आजाद सिपाही)। सरना नवयुवक संघ केंद्रीय समिति की बैठक में सरहुल पूर्व संध्या समारोह की तैयारी समिति को अंतिम रूप दिया गया। इसकी अध्यक्षता डॉ हरि उरांव ने की। सरना नवयुवक संघ के तत्वावधान में 10 अप्रैल को दीक्षांत मंडप परिसर में सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर सरना फूल पत्रिका 44वें अंक के लोकार्पण के साथ एकल गीत और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। सचिव प्रो बीरेंद्र उरांव ने बताया कि समारोह में 30-35 एकल गीत और जनजाति नृत्य दल शामिल होंगे। बैठक में 22 कलाकारों की स्वर परीक्षा ली गयी। समिति का गठन कर तैयारी समिति को अंतिम रूप दिया गया।

## राजनीतिक चेतना के लिए सदान मोर्चा का दौरा 15 अप्रैल से



रांची (आजाद सिपाही)। मूलवासी सदान मोर्चा कोर कमेटी के साथ रविवार को लोकसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसमें केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड में लोकसभा और विधानसभा में आरक्षित सीटों पर तो झारखंडियों को उम्मीदवार राजनीतिक दल बनाते हैं, लेकिन जेनरल सीटों में मूलवासी सदानों की हक के लिए आवाज उठाने वाले लोगों को दरकिनार कर दिया जाता है। मूलवासी सदान मोर्चा राजनीतिक चेतना जगाने के लिए मूलवासी सदानों के बीच जाकर बैठकों और नुक्कड़ सभा आयोजित करेगा। पूरे राज्य में 15 अप्रैल से दौरा करने का निर्णय लिया गया। क्षितीश कुमार राय ने कहा कि मूलवासी सदानों की बात करने वालों की अनदेखी करना राजनीतिक दलों को महंगा पड़ेगा। बैठक में डॉ राम प्रसाद, डॉ सुदेश कुमार साहू, डॉ अनिल मिश्रा, विशाल कुमार सिंह, प्रो अरविंद, महेंद्र ठाकुर, प्रोफेसर अमर यादव ने विचार रखे।

### कलश यात्रा से भक्तिमय हुआ वातावरण

# सुंदरकांड का सामूहिक पाठ आज से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री राधाकृष्ण मंदिर कृष्णा नगर कॉलोनी के तत्वावधान में रविवार को नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा निकाल कर किया या । कलश यात्रा सुबह सात बजे शिव दुर्गा मंदिर मेट्रो गली के सामने से आरंभ हुई। 108 महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुईं। श्री दुर्गा जागरण मंडली के केसर पपनेजा, मनोज किंगर, चंदन सिडाना, ज्योति अरोड़ा और जागरण मंडली के अन्य कलाकारों की अगुवाई में भजन कीर्तन करते हुए कलश यात्रा निकाली गयी। भजन कीर्तन करते हुए कलश यात्रा सर्वप्रथम हरिओम मंदिर, शनि मंदिर से गुजरी। बहावलपुरी पंजाबी समाज की ओर से पुष्प वर्षा और जल सेवा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। शिव बारात आयोजन समिति द्वारा भी मेट्रो गली में कलश यात्रा का स्वागत किया गया। राधा कृष्ण मंदिर पहुंचने से पहले झंडा चौक में भी कलश यात्रा का सत्कार किया गया। श्री राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा ने बताया कि सोमवार से सुंदर कांड का सामूहिक पाठ मंदिर प्रांगण में होगा। नवरात्र के दिनों में श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक होगा। महाअष्टमी के दिन रात्रि नौ बजे से 1008 ज्योत प्रज्ज्वलित की जायेगी। भजन कीर्तन का कार्यक्रम रात्रि 11 बजे तक होगा। रामनवमी पर सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक राधा कृष्ण मंदिर में भजन कीर्तन और भंडारा होगा। दशमी को हवन और ज्योत विसर्जन होगा।



## नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। स्वीप के अंतर्गत रांची शहरी क्षेत्र में लगातार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज अटल स्मृति वेंडर मार्केट और न्यूक्लियस मॉल में नुक्कड़ नाटक कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया। लोगों से बिना किसी बहकावे में आए अपने पसंद के उम्मीदवारों को वोट करने की अपील की गयी। साथ ही लोगों को बताया गया कि वो 25 अप्रैल 2024 तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करने के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# केंद्रीय सरना समिति ने सरनास्थलों का किया दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति ने सरहुल पूजा की तैयारी को लेकर रांची जिला के गांव मौजा के विभिन्न सरना स्थलों का दौरा कर साफ-सफाई और तैयारी की जानकारी ली। केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरहुल पूजा नजदीक है, जिसको लेकर समाज के लोग अपने गांव मौजा के सरना स्थल की साफ-सफाई कर रहे हैं। सरहुल शोभायात्रा को धूमधाम से मनाने के लिए लोगों से अपील की गयी। सरहुल शोभायात्रा में नशापान करके भाग नहीं लेने की बात कही। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सरहुल शोभायात्रा के दिन शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित करें। सरहुल शोभायात्रा के दिन पूर्णतः शराबबंदी रहे। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा लगाया जाये। शोभायात्रा में ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाये। मौके पर प्रमोद एक्का, साहय तिर्की, सोहन कच्छप, सुरेंद्र कच्छप, करमा उरांव, सतीश पांडेय और अन्य शामिल थे।

## चैती दुर्गा पूजा महासमिति का प्रतिनिधिमंडल रमेश सिंह से मिला



रांची (आजाद सिपाही)। श्री चैती दुर्गापूजा महासमिति भुताहा तालाब का प्रतिनिधिमंडल समाजसेवी रमेश सिंह से मिलकर उन्हें मेमेंटो, अंगवस्त्र और तलवार देकर सम्मानित किया। साथ ही महासमिति द्वारा आयोजित चैती दुर्गापूजा महोत्सव में आंमत्रित किया। महामंत्री गोपल पारीक, संजय सिंह, नमन भारतीय, आकाश रजक, रोहन सिंह, अर्जुन सिंह, सौरभ रजक, कुंदन कुमार, सोनू दुबे, निर्मल शर्मा, महावीर समेत अन्य शामिल थे।

# श्री राम बानर सेना की झांकी प्रतियोगिता 16 को



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री राम बानर सेना की बैठक रविवार को रामनवमी महोत्सव को सफल बनाने के लिए हुई। इसमें अध्यक्ष लंकेश सिंह ने बताया कि इस वर्ष भी श्री राम बानर सेना के द्वारा महाअष्टमी के दिन भव्य झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसमें रामनवमी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। तय हुआ कि 12 अप्रैल को श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब द्वारा आयोजित सम्मान समारोह सह अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

इसमें पवन झा, अखिलेश राय, संजीव सिंह, विक्रम सिंह, राजू सिंह, सूरज पांडेय, कैलाश साहनी, अजय सिंह, राहुल महली सहित अन्य शामिल थे।

# स्वास्थ्य मामले में जागरूकता से ही बचाव : डॉ पल्लवी

**विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में स्वास्थ्य चिकित्सा और जागरूकता शिविर का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ डॉ. पल्लवी पाण्डेय ने कहा है कि स्वास्थ्य मामले में जागरूकता से ही हम अपना बचाव कर सकते हैं। डॉ पाण्डेय ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर सहित सभी गंभीर और सामान्य बीमारियों के मामले में भी हमारी जागरूकता न केवल हमें बल्कि आसपास के लोगों को भी बीमारियों से बचाती है।



आज अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राजधानी के मोरहाबादी मैदान में आयोजित स्वास्थ्य चिकित्सा और जागरूकता शिविर में अपने संबोधन में डॉ पाण्डेय ने वहाँ उपस्थित महिलाओं के साथ ही सभी महिला खिलाड़ियों को भी स्वास्थ्य के मामले में हर हाल में जागरूक रहने को कहा। उन्होंने कहा कि बहुत मामले में हम लोग अपने स्वास्थ्य की अनदेखी करते हैं और नतीजा छोटी सी बीमारी भी गंभीर रूप ले लेती है। इस अवसर पर आखिल भारतीय महिला सम्मेलन द्वारा डॉ पल्लवी पाण्डेय को सम्मानित किया गया और सभी चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों, योग शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों के प्रति शुभकामनायें व्यक्त की गयी।

1948 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना के बाद से ही विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है और तभी से अखिल भारतीय महिला सम्मेलन द्वारा लगातार इस दिवस का आयोजन किया जाता रहा है। आज आयोजित शिविर की अध्यक्षता अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की अध्यक्ष मीना सिंह ने की जबकि संचालन कुमकुम गौड़ और धन्यवाद ज्ञापन आराधना शुक्ला द्वारा किया गया।

शिविर में अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की सचिव अनुपमा प्रसाद ने कहा कि अनेक मामले में उपचार की बजाय सतर्कता कहीं ज्यादा फायदेमंद साबित होता है। उन्होंने कहा कि एक समय वैसा भी आयेगा जब योग के महत्व को दुनिया अच्छी तरह समझेगी और सर्वे भवन्तु सुखिनः की दिशा में मजबूत कदम बढ़ायेगी। इस चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर में प्रो राका ठाकुर, कुमकुम गौड़, सतनाम सलूजा, नैना तनेजा, अराधना शुक्ला, रागिनी लक्ष्मण, नूतन मिश्रा, सरिता लाल, डॉ अनुपमा सिंह, सीमा यादव, रूपा महतो, जयश्री मिंज, रागिनी उरांव, सोनल टोप्पो, रूखशार जहां आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## आदित्य विक्रम ने बांटे 5 न्याय-25 गारंटी कार्ड



रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस नेता आदित्य विक्रम जयसवाल ने रविवार को कांग्रेस पार्टी का पांच न्याय-25 गारंटी, घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत चुटिया से की। इस दौरान चुटिया वार्ड 14 में पदयात्रा कर आमजनों की समस्याओं को सुनते हुए गारंटी कार्ड भरा। आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि इस अभियान के तहत पार्टी के हर एक लोग पांच न्याय और 25 गारंटी वाला कार्ड घर-घर जाकर भरेंगे। वितरित करेंगे। यह जुमला वाली गारंटी नहीं, यह धरातल वाली गारंटी है। आदित्य विक्रम ने बताया कि युवाओं को न्याय, नारी को न्याय, किसानों को न्याय, श्रमिकों को न्याय और हिस्सेदारी की न्याय इन पांच न्याय को 25 गारंटी में बांटने का काम किया है। इस अवसर पर कृष्णा सहाय, संजीव महतो, अनिल सिंह, मनोज राम, अंशुमाला टोप्पो, उर्मिला देवी, रजनी लिंडा, रेणु कच्छप, रवि सिंह, विवेक धान, प्रदुम्न यादव, पप्पू सिंह आदि मौजूद थे।

## रोटरी सहेली सेंटर का नया बैच शुरू



रांची (आजाद सिपाही)। रोटरी क्लब ऑफ रांची ने रोटरी हॉल में सहेली सेंटर के तत्वावधान में महिला प्रशिक्षण केंद्र में महिलाओं और लड़कियों के लिए सिलाई, ब्यूटिशियन, आत्मरक्षा का कोर्स शुरू किया गया। कोर्स का उद्घाटन क्लब के पूर्व अध्यक्ष भंडारीलाल ने फीता काट कर किया। यह कोर्स सौ रुपये में कराया जायेगा। सहेली सेंटर कमेटी चेयरमैन रश्मि अग्रवाल ने बताया कि अभी ये कोर्स दो माह के लिए है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सिलाई और कॉस्मेटोलॉजी का मुख्य आधार समझाना है, ताकि वह इस क्षेत्र में आगे बढ़ कर आत्मनिर्भर हो सके। अभी तक 40 महिलाओं का कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन हो चुका है। रोटरी के अध्यक्ष डॉ विनय के बताया कि जो महिला कोर्स सफलतापूर्वक पूरा करेगी, उन्हें रोटरी की तरफ से सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा, जिसकी अपनी एक पहचान है। पूर्व अध्यक्ष रेखा सिंह, आदित्य मल्होत्रा, भंडारी लाल, रश्मि अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, ललित त्रिपाठी, अमित अग्रवाल, प्रशिक्षक शिल्पी पोद्दार और विनीता का अहम रोल है।

### राष्ट्रीय एकता अभियान का दावत ए इफ्तार आयोजित

# माह ए रमजान एकता और भाईचारगी की सीख देता है : सुबोधकांत सहाय

**अमन व शांति के लिए रोजेदारों ने मांगी दुआ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय एकता अभियान द्वारा मिलन पैलेस (क्लब रोड) रांची में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन रविवार शाम को किया गया। जिसमें मौजूद रोजेदारों ने अमन चैन के लिए दुआएं मांगी। कार्यक्रम में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली। कांग्रेस के सभी बड़े नेता समेत हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्म के गणमान्य शामिल हुए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि माह ए रमजान एकता व भाईचारगी की सीख देता है। हमें मिल जुलकर सभी त्योहार मनाना चाहिए और हर धर्म का सम्मान करना चाहिए। सामूहिक इफ्तार से आपसी मोहब्बत और भाईचारा का माहौल बनता है।



इस मौके पर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राष्ट्रीय एकता अभियान के महासचिव सुनील सहाय, अनादि ब्रह्म, राकेश सिन्हा,विनय सिंह दीपू, आलोक कुमार दुबे, राजेश गुप्ता छोटू, शहजादा अनवर,सुरेंद्र सिंह, दीपक लाल, रोहित सिन्हा,सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकील उर रहमान, झारखंड मुस्लिम मजलिस मुशाविरत के कनवीनर खुर्शीद हसन रूमी, मस्जिद जफरिया के इमाम मौलाना तहजीब उल हसन रिजवी, झामुमो नेता अंतु तिर्की, अंजुमन के पूर्व अध्यक्ष इबरार अहमद, केबी अकेडमी के निदेशक डॉक्टर असलम परवेज, सैयद नेहाल अहमद, सर्व धर्म सद्भावना समिति के अध्यक्ष मो इस्लाम, कांग्रेस के सीनियर लीडर मंजूर अहमद अंसारी, अनवार अहमद अंसारी इरबा, नफीसुल आविदीन, मो नसीम, मुख्तार खान लालू, औरंजेब खान, एडवोकेट मासूम खान, एडवोकेट मुमताज खान, समाजसेवी खालिद उमर, मो फारूक, समेत शहर और आसपास के गणमान्य काफी संख्या में उपस्थित थे।

# लालू यादव को राजेश गुप्ता ने मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से पटना के एक अणे मार्ग स्थित उनके आवास पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने मिलकर एक मांग पत्र सौंपा। उन्होंने चतरा लोकसभा क्षेत्र में गठबंधन की तरफ से ओबीसी उम्मीदवार देने की मांग की। राजनीतिक भागीदारी के साथ ओबीसी के अन्य प्रमुख मांगों को भी घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग की। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने लालू प्रसाद यादव जी से मिल कर उन्हें बताया कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में पिछड़ों की बहुलता है। वहां पर पिछड़े वर्गों (एससी,एसटी व ओबीसी) की संख्या लगभग 95% है। इसलिए वहां पर ओबीसी समुदाय के उम्मीदवार का हक बनता है।



लालू ने कहा कि निश्चित इस पर विचार हो रहा है। हमारा प्रयास है कि हम वहां पर ओबीसी उम्मीदवार ही देंगे। आप आश्वस्त रहे। लालू ने ओबीसी के मांगों के संदर्भ में कहा कि बहुत सारे मांगों को इंडिया गठबंधन ने लिस्टिंग किया है। आपकी मांग जायज है आपके अन्य मांगों पर भी सहानुभूति पूर्वक विचार कर घोषणा पत्र में शामिल करने का प्रयास किया जायेगा।

## गृह विभाग ने जिलों के लिए राशि आवंटित की

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य के सभी जिलों में विधि व्यवस्था के लिए गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 2.15 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। इसको लेकर गृह सचिव ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि राशि की निकासी संबंधित जिला कोषागार से की जायेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 38.5°c | 23.3°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.06 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.35 बजे |



## कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर का निर्देश

# मेनिफेस्टो का सभी भाषाओं में अनुवाद कर लोगों तक पहुंचायें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मीडिया, वार रूम और सोशल मीडिया के पदाधिकारियों के साथ रविवार को बैठक की। कहा कि पांच न्याय 25 गारंटी और कांग्रेस के मेनिफेस्टो को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचायें। इसके लिए झारखंड में बोली और लिखे जाने वाली सभी भाषाओं में मेनिफेस्टो का अनुवाद करें। चुनाव के दौरान विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रदेश स्तर के प्रवक्ताओं की नियुक्ति प्रभारी के रूप में जिला, लोकसभा स्तर पर की जाये।

**मीडिया विभाग की भूमिका अहम :** प्रदेश प्रभारी ने कहा कि वर्तमान चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। मीडिया विभाग के सदस्यों की भूमिका चुनाव के दौरान तो महत्वपूर्ण है, लेकिन चुनाव के पहले की तैयारी मीडिया विभाग से जुड़े नेताओं पर ही होती है। आम जनता की आवाज को कांग्रेस उठाती रही और यही कारण है कि मोदी सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद मीडिया हमारी बातें जनता के समक्ष रख रही है।




### चौथे स्तंभ का सहयोग बेहतरीन ढंग से लें: राजेश ठाकुर

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि चुनावी जंग का मैदान तैयार है। लोकतंत्र में जनता की आवाज को हुकूमत तक पहुंचाने का बेहतरीन और सशक्त हथियार मीडिया ही है। हम अपनी बातों को जितने बेहतर तरीके से मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचा सकते हैं, उससे बेहतर माध्यम और कोई नहीं हो सकता।

### बैठक में ये रहे मौजूद

राकेश सिन्हा, अमूल्य नीरज खलखो, मानस सिन्हा, सोनाल शांति, निरंजन पासवान, आभा सिन्हा, डॉ संजय सिंह, कमल ठाकुर, शांतनू मिश्रा, रियाज अहमद, खुर्शीद हसन रूमी, जेबा खान, शकील अहमद अंसारी, ऋषिकेश, गजेंद्र सिंह, गुंजन सिंह, नेली नाथन, अमीर हासमी, भानू प्रताप बड़ाइक, केदार पासवान, सुनीत शर्मा, ओंकार नाथ पांडेय समेत अन्य उपस्थित थे।

# बूथ जीतो-चुनाव जीतो से जीतेंगे 14 लोस सीटें: कर्मवीर

**बूथ के कार्यों को धरातल पर उतारें कार्यकर्ता : आदित्य साहू**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा बूथ कार्य विभाग की बैठक प्रदेश भाजपा कार्यालय सभागार में रविवार को हुई। इसमें बूथ स्तर पर चलाये जाने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आम चुनाव 2024 में एक बार फिर से बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। हर चुनाव में भाजपा बूथ जीतो- चुनाव जीतो के मूल मंत्र पर काम करती है और हमारे कार्यकर्ताओं की बूथ स्तर पर सक्रियता ही हमारी ताकत है। साथ ही उन्होंने सभी से क्षेत्र में जाकर पन्ना प्रमुखों से अपनी भूमिका के निर्वहन में लग जाने की बात कही।




प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के कार्यों को एक बार फिर से धरातल पर उतारने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही हमारी विशेषता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एक बार फिर बूथ स्तर पर कार्यों को धरातल पर उतारने की बात कही। बैठक में मृत्युंजय शर्मा, चंद्रप्रकाश, जीतेंद्र वर्मा सहित लोकसभा के संयोजक, सह-संयोजक उपस्थित थे।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

**मेष** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि।

**वृष** संकल्पित काम पूरे होंगे भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता।

**मिथुन** रुके हुए काम पूरे होंगे आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।

**कर्क** नये लोगों से सम्पर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

**सिंह** विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगा।

**कन्या** धनागम के अवसर बढ़ेंगे अवसरों का फायदा उठावें परिवार में मांगलिक कार्य होगा।

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा,आर्थिक परेशानी , तनाव-विवाद से कष्ट।

**वृश्चिक** हर क्षेत्र में सफलता,नवीन व्यापरिक योजना सफल,आर्थिक लाभ होगा।

**धनु** निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, बिगड़े कार्य बनेंगे।

**मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, यात्रा सुखद।

**कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या,शारीरिक कष्ट,वाहन दुर्घटना भय,खर्च अधिक होगा।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।

## लक्ष्मण सिंह ने दिया इस्तीफा



**रांची (आजाद सिपाही) । समाजसेवी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने कहा है कि 2019 से अभीतक भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्य रहा, लेकिन स्थानीय नेताओं के कार्यकलापों से क्षुब्ध होकर मुझे घुटन सी होने लगी है। इनका काम इतना ही रह गया कि आपसी सौहार्द बिगाड़ना, विकास का काम नहीं करना, सिर्फ प्रधानमंत्री के नाम पर चुनाव जीतना रह गया है। इसलिए हम भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता से त्यागपत्र दे रहा हूं।**

# कैरलि स्कूल की घटना : संघ पीड़ित परिजनों से मिला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कैरलि स्कूल की घटना की जानकारी अभिभावक संघ ने पीड़ित परिजनों से मिलकर ली। उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। अध्यक्ष अजय राय, महासचिव मनोज मिश्रा को अभिभावक ने बताया कि स्कूल के क्लास रूम में सारे बच्चों के समक्ष यह घटना घटी है, जिसमें आरोपी छात्र ने हमारे बच्चे के ऊपर पीछे से कैंची से हमला कर पहले सिर में मारा। इसी क्रम में अपने को बचाने में छात्र के हाथों में भी गंभीर जख्म हुआ है। घटना के 40 मिनट बाद भी स्कूल की ओर से छात्र को हॉस्पिटल नहीं ले जाया गया, अंततः मैं खुद बाइक पर बैठाकर खून से लथपथ बच्चे को पारस हॉस्पिटल ले जाकर इलाज कराया। झारखंड अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने इस घटना को लेकर इमेल के माध्यम से रांची के उपायुक्त, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को पत्र लिखा है। पूरे मामले में उच्चस्तरीय जांच कर स्कूल प्रबंधन पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।



# प्रखंड भवन निर्माण का केंद्र ने मांगा हिसाब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 13वें वित्त आयोग भारत सरकार द्वारा आवंटित सहायता अनुदान राशि से प्रखंड वन निर्माण के लिए आवंटित राशि का अभी तक पूरा हिसाब नहीं मिल पाया है। भारत सरकार ने 31 मार्च 2024 तक लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने की अंतिम समय सीमा तय की थी। झारखंड सरकार को इस संबंध में पत्र भी लिखा गया था। वित्त विभाग ने इसके बाद ग्रामीण विकास, पंचायती राज, कल्याण विभाग, श्रम विभाग, वन पर्यावरण विभाग समेत अन्य विभागों को पत्र लिख कर लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र का हिसाब देने को कहा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागों ने अपने संबंधित कार्यालय को हिसाब देने के लिए पत्र भी लिखा था। सिर्फ ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के जरिये 2011-12 से 2014-15 के बीच करीब 242.84 करोड़ रुपये ब्लॉक बिल्डिंग के निर्माण के लिए राशि दी गयी थी। इस राशि का कई बार हिसाब मांगा गया, लेकिन अभी भी बड़ी राशि का हिसाब पेंडिंग है। ग्रामीण विकास फिर से उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा कराने की दिशा में कार्रवाई कर रहा है। इसके बाद जानकारी वित्त विभाग को दी जायेगी। जानकारी मिलने के बाद वित्त विभाग इसे केंद्र को भेजेगा।

# सात नाबालिग का रेस्क्यू, तीन तस्कर को आरपीएफ ने पकड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हटिया स्टेशन से पुलिस ने रविवार को सात नाबालिग बरामद किये हैं। साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ पोस्ट हटिया की एएचटीयूए नन्हे फरिश्ते और रांची डिवीजन की फ्लाइंग टीम ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की है।

बताया जाता है कि हटिया स्टेशन पर बाल और मानव तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। सुबह करीब पांच बजे चेकिंग के क्रम में सात नाबालिग और तीन व्यक्ति प्लेटफार्म नंबर एक पर एस्केलेटर के नीचे ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। संदेह होने पर सभी से पूछताछ की गयी। पूछताछ में पता चला कि सात नाबालिग के साथ तीनों लोग विजयवाड़ा जाने वाली ट्रेन पकड़ने के लिए बस से हटिया रेलवे स्टेशन आये थे।

पुलिस की पूछताछ में पकड़े गये तीन में से एक व्यक्ति सुनेश कच्छप ने बताया कि उसके गांव में ठेकेदार रियाज अंसारी का ट्रैक्टर का काम चल रहा था। वहां वह भी काम कर रहा था। बताया कि रियाज अंसारी को छह माह पहले विजयवाड़ा स्थित इलेक्ट्रिक बोर्ड बनाने वाली वायरस कंपनी में ले जाया गया। दो माह पहले वह गांव आया था। छह अप्रैल को ठेकेदार रियाज अंसारी ने उसको डाल्टेनगंज बस स्टैंड बुलाया और इन सातों नाबालिग से परिचय कराया।

सुनेश कच्छप ने बताया कि रियाज अंसारी ने उसको पांच हजार और सभी का फर्जी आधार कार्ड दिया। रियाज अंसारी ने उसे सभी नाबालिगों को अपने साथ विजयवाड़ा ले जाने को कहा, जहां रियाज पहले काम करता था। रियाज ने उसको कहा कि वहां पहुंचाने के बाद वह उसे और पांच हजार रुपये देगा। उसके कहने पर ही सभी नाबालिग को वह डाल्टेनगंज से बस से हटिया स्टेशन लेकर आया। स्टेशन से जनरल टिकट लेकर विजयवाड़ा जाने वाली ट्रेन का प्लेटफार्म नंबर एक पर इंतजार कर रहे थे।

# ऐतिहासिक होगी रामनवमी शोभायात्रा : ललित ओझा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची महानगर का श्री सनातन महापंचायत की बैठक कोकर फिरायालाल बैंक्वेट हॉल में महानगर संयोजक युवराज पासवान की अध्यक्षता में हुई। इसमें सनातन महापंचायत के प्रदेश मुख्य संयोजक ललित नारायण ओझा ने कहा कि युवा राम भक्तों से रामनवमी शोभायात्रा झांकी में उत्साह के साथ राम झंडा के साथ निकले। सभी युवा साथी को अपने-अपने घर पर राम झंडा लगाने को भी कहा। संचालन रणधीर कुमार रजक, धन्यवाद ज्ञापन नवीन सिंह पोली ने किया। मौके पर संजय कुमार जयसवाल, संजय मिनोचा, संजय महतो, चंदन प्रजापति, राजेश प्रजापति, राणा रणधीर, दीपक दास, अवनीश सिंह, नवीन सिंह, साकेत राज समेत अन्य मौजूद थे।

# कैरलि स्कूल में द्रोणाचार्य स्कूल लीग का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एचइसी टाउनशिप, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची स्थित कैरलि स्कूल में द्रोणाचार्य स्कूल लीग के अंतर्गत इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट रविवार को उद्घाटन समारोह का आयोजन हुआ। इसके मुख्य अतिथि मलयाली एसोसिएशन के अध्यक्ष एसएच नाथन थे। मंच परविद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन फिलिप मैथ्यू, महासचिव प्रभात कुमार उन्नीथान, मलयाली एसोसिएशन, रांची के महासचिव के रमेशन, विद्यालय के प्राचार्य राजेश पिल्लई थे।

कार्यक्रम का आरंभ स्वागत गीत से हुआ, जिसे विद्यालय के विद्यार्थियों ने गाया। विद्यालय की उपप्राचार्या सुजा पिल्लई ने मंच पर आसीन अतिथियों विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों, खिलाड़ियों एवं अन्य सभीलोगों का स्वागत किया। छात्र-छात्राओं ने खेल पर आधारित समूह नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के बैंड दल ने शानदार बैंड डिस्प्ले किया। मुख्य अतिथि एसएच नाथन, विद्यालय के प्राचार्य राजेश पिल्लई मलयाली एसोसिएशन रांची और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागी शिक्षकगण और केरलि स्कूल, रांची के सभी खिलाड़ी शिक्षकों की मौजूदगी में शांति के प्रतीक के रूप में कबूतर एवं एकता और सौहार्द के प्रतीक के रूप में गुब्बारे उड़ाये गये। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि रांची में इस तरह का आयोजन पहली बार हो रहा है, जो निश्चित रूप से हमसबको एकजुट होने और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने का अवसर प्राप्त होगा।



एसएच नाथन ने द्रोणाचार्य स्कूल लीग के अंतर्गत इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट को आरंभ करने की घोषणा किया। पहला मैच औक्सब्रिज पब्लिक स्कूल और होलिक्रॉस स्कूल का था। दोनों विद्यालय के कैप्टन मैदान में टॉस के लिए उतरे। अंपायर राजेश चौधरी और गुलाम अली थे। इस तरह पहले दिन के खेल का आरंभ हो गया। उद्घाटन समारोह कार्यक्रम का संचालन कशिश दीप सिन्हा ने किया। मैच के कमेंट्रेटर शिवा सक्सेना और प्रणव आनंद थे। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय की उपप्राचार्या के आर स्मृति, शिक्षक, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# लावारिश शवों की 'वारिश' बन जाती है मुक्ति

**43 लाशों को दिलायी सद्गति**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुक्ति संस्था लावारिश शवों की वारिश बन जाती है। रविवार को 43 लाशों को सद्गति दिलायी। मुक्ति संस्था की ओर से जुमार नदी के तट पर अज्ञात शवों का पूरे विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।



मुक्ति संस्था के सदस्यों ने रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकाल कर पैक कर जुमार नदी के तट पर लाया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था द्वारा अब तक कुल 1723 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने किया।

मौके पर संस्था के रवि अग्रवाल, रतन अग्रवाल, आशीष भाटिया, हरीश नागपाल, आदित्य राजगढ़िया, केवल किशोर, राजेश विजयवर्गीय, सुनील अग्रवाल, सुदर्शन अग्रवाल, सौरभ बथवाल, उज्ज्वल जैन, पंकज खिरवाल, संदीप कुमार, संजय सिंह, अरुण कुतरियार, राहुल जयसवाल, विकास सिंघानिया, नवीन गाड़ोदिया, सुमित अग्रवाल समेत अन्य मौजूद थे।

# संत जेवियर्स कॉलेज रांची में शोध क्रियाविधि कार्यशाला का समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में तीन दिवसीय शोध क्रियाविधि विषय पर आयोजित कार्यशाला का समापन रविवार को हुआ। अंतिम सत्र के मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो एचपी शर्मा और रांची विश्वविद्यालय के सलाहकार प्रो बीके सिन्हा उपस्थित हुए। वक्ता प्रो शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए शोध विषय को जानना बहुत जरूरी है। ऐसे आयोजनों में प्रत्येक शोधार्थी को भाग लेना चाहिए ताकि विषय संबंधित ज्ञान प्राप्त कर सके। इस तरह के कार्यशाला का आयोजन के लिए महाविद्यालय को निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। वहीं दूसरे वक्ता प्रो बीके सिन्हा ने अपने संभाषण में बताया की शोध करते समय हर तरह के चुनौती को सरल तरीके से समाधान करना चाहिए। शोधार्थी को हमेशा संयम रहने की आवश्यकता है। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित डॉ. फादर नाबोर लकड़ा ने प्रतिभागियों को मेहनत करने से न कतराने का सुझाव दियो कार्यशाला के समापन के पश्चात प्रतिभागियों को पुस्तक व सर्टिफिकेट प्रदान की गयी। कार्यशाला का समापन वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अजय श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन कर किया।



# वर्षगांठ पर 3.50 लाख लोगों ने किया भोजन : ललित पोद्दार

**स्वर्ण भूमि अन्नपूर्णा सेवा की द्वितीय वर्षगांठ मनायी गयी**

**गरीबों की सेवा से बढ़ कर कोई पुनीत कार्य नहीं: प्रदीप नारसरिया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पुरुलिया रोड स्थित स्वर्ण भूमि बैंकट हॉल के बगल में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में संचालित और स्व० सत्यनारायण नारसरिया और स्व० शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में उनके परिवार के सौजन्य से अन्नपूर्णा भोजन सेवा के 2 वर्ष पूरे हुए। इस अन्नपूर्णा सेवा केंद्र के दूसरे वर्षगांठ कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. सत्यनारायण नारसरिया और स्व. शारदा देवी नारसरिया के फोटो पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने अन्नपूर्णा सेवा के द्वितीय वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समाज की सेवा में यथासंभव योगदान देना चाहिए नर सेवा नारायण सेवा है। तथा 2 वर्ष मे इस अन्नपूर्णा सेवा मे 2 लाख से भी अधिक लोगों ने भोजन किया। तथा तिरुपति बालाजी मंदिर के सामने श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 18 माह में डेढ़ लाख से भी अधिक लोगों ने भोजन किया। अब तक लगभग 3 लाख 50 हजार लोगों ने भोजन किया है, उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा सेवा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए निरंतर चलते रहेगी उन्होंने नारसरिया परिवार तथा इस सेवा में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं के प्रति भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदीप नारसरिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन दोनों अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में बहुत ही बेहतर एवं सुचारु रूप से संचालन कर रहा है तथा हम सभी तन मन धन से पूर्ण सहयोग हमेशा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नहीं है। जिला मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि मारवाड़ी समाज गरीबों की सेवा का कार्य हमेशा पर चढ़कर कर रही है तथा लोगों को प्रेरणा देने का भी कार्य कर रहा है उन्होंने कहा कि समाज सबका सहयोग और सबका विश्वास से अन्य सभी जन सेवाओं के कार्यों को आगे बढ़ायेंगे।



रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि रविवार को स्वर्ण भूमि अन्नपूर्णा सेवा मे 300 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। तिरुपति मंदिर के सामने श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 200 लोगों ने भोजन किया। इस अवसर पर-रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री कौशल राजगढ़िया, प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, मनोज रूईया, द्वारका अग्रवाल, बेनी परसुरामपुरिया, प्रदीप नारसरिया, उमा नारसरिया, अभिषेक नारसरिया, प्रीति नारसरिया सहित कई लोग मौजूद थे।

# कंटेनर से हो रही पशु तस्करी देवघर में पलटी, बिहार के तीन तस्कर गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** जिले के खागा थाना क्षेत्र के मुर्गाबनी गांव के मिश्राडीह-बीरमाटी-चितरा मेन रोड पर मवेशियों से लदा एक कंटेनर पलटने से करीब 30 मवेशी मर गये। बताया गया कि सारठ के तरफ से तेज रफ्तार में आ रही कंटेनर पुलिस गश्ती दल को देखकर भागने के क्रम में पलट गयी। इसके बाद पुलिस ने दो जेसीबी की मदद से कंटेनर को सीधा करवाया। पुलिस ने मौके से बिहार के तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। वहीं जब कंटेनर खोला गया, तो करीब 30 मवेशी मृत मिले। आशंका जतायी जा रही है कि उनकी मौत दम घुटने की वजह से हुई होगी। गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि पशुओं को बांग्लादेश में तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस को कंटेनर से 11 पशु जीवित मिले। पुलिस ने बिहार के गया के रहने वाले बाराचट्टी, सरमा बाजार निवासी कंटेनर के चालक अरशद खान, कैमूर के मोहनिया बेलोरी निवासी सरफराज कुरैशी और शमशाद कुरैशी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद ही उस रास्ते में पुलिस गश्त कर रही थी।

# साहित्य जगत और गुलजार

गुरु नानकदेव यूनिवर्सिटी ने इस बार जिन महान शख्सियतों को प्रतिष्ठित आनर्ज काजा डिग्रियां देने का निर्णय लिया है, उनमें बालीवुड के प्रख्यात लेखक गुलजार (संपूर्ण सिंह कालड़ा) तथा प्रो डॉ योगेश कुमार चावला शामिल हैं। इन दोनों को यूनिवर्सिटी की वार्षिक 49वीं कन्वोकेशन के मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलपति और पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित सम्मानित करेंगे। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुके गुलजार किसी जान-पहचान के मोहताज नहीं हैं। अपने क्षेत्र में दिये गये बहुमूल्य योगदान को ध्यान में रखते ही यूनिवर्सिटी की सिंडीकेट और सीनेट के सदस्यों ने उप-कुलपति प्रो (डॉ) जसपाल सिंह संधु के नेतृत्व में गुलजार और चावला को सम्मानित करने का निर्णय लिया। गुलजार को डीलिट (आनर्ज काजा) डिग्री से सम्मानित करना उनके कार्यों को मान्यता देना ही है। पंजाब, पंजाबी और पंजाबियत का नाम रोशन करने वाले गुलजार जेहलम (पाकिस्तान) के गांव दीना में पिता मक्खन सिंह कालड़ा और माता सुजान कौर के घर 18 अगस्त 1934 में जन्मे थे। संपूर्ण सिंह कालड़ा विभाजन के बाद मुंबई आकर गुलजार बन गये। वह खुद तो गुलजार कम हुए लेकिन उन्होंने पंजाबियत को गुलजार किया। पढ़ने-लिखने का शौक उन्हें बिमल राय, ऋषिकेश मुखर्जी और हेमंत कुमार के पास खींच ले गया। उनकी भीतरी कला प्रतिभा को ऐसे पंख लगे कि गुलजार एक समय गीतकार, कहानीकार, निर्देशक, निर्माता और लेखक के तौर पर जाने गये। सिनेमा जगत में वह एक गीतकार के तौर पर प्रसिद्ध हुए। 1963 में फिल्म बंधनी के लिए लिखे गीतों से उनकी ऐसी शुरुआत हुई कि जो उन्हें समस्त सिनेमा जगत में सुदृढ़ कर गयी। फिल्म निर्देशन के क्षेत्र में भी उन्होंने कामयाबी हासिल की। गुलजार ने फिल्म आंधी, मौसम और टीवी सीरियल मिर्जा गालिब जैसे अति उत्तम कार्य भारतीय दर्शकों को भेंट किये। सिनेमा जगत में उनके योगदान को ध्यान में रखते हुए ही 7 भारतीय राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 22 फिल्म फेयर पुरस्कार, एक एडकेडमी पुरस्कार तथा ग्रेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 2002 में उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2004 में पदम भूषण पुरस्कार, 2013 में 40 से अधिक फिल्मों में गीत लिखने के लिए उत्तम गीतकार के तौर पर दादा साहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया। उन्हें 9 बार श्रेष्ठ गीतकार के तौर पर नवाजा गया। इसके अलावा उन्हें प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार से भी नवाजा गया। गुलजार ने प्रमुख रूप में उर्दू और पंजाबी में लिखने के अलावा मारवाड़ी और भोजपुरी तथा अन्य भाषाओं में साहित्यिक रचनाएं भी दीं। उनकी अन्य पुस्तकों में चौरस रात (लघु कथाएं) रावी पार (कहानी संग्रह), रात चांद और मैं तथा खराशे हैं।

**संपूर्ण सिंह कालड़ा विभाजन के बाद मुंबई आकर गुलजार बन गये। वह खुद तो गुलजार कम हुए लेकिन उन्होंने पंजाबियत को गुलजार किया। पढ़ने-लिखने का शौक उन्हें बिमल राय, ऋषिकेश मुखर्जी और हेमंत कुमार के पास खींच ले गया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल भी है, लेकिन जमीनी राजनीतिक हकीकत अलग है। 2014 के लोकसभा चुनाव में मात्र 44 और फिर 2019 के चुनाव में 52 सीटों पर सिमट गयी कांग्रेस बमुश्किल दर्जन भर राज्यों में ही अपने दम पर चुनाव लड़ने की हालत में है। जीत की संभावना उनमें से भी आधे से कम राज्यों में है। फिलहाल कांग्रेस की सिर्फ तीन राज्यों हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में सरकार है।**

# 'छोटे दल' निभायेंगे 'बड़ी' चुनावी भूमिका

राज कुमार सिंह

केंद्रीय सत्ता के लिए हो रहे लोकसभा चुनाव में छोटे और क्षेत्रीय दल ज्यादा बड़ी भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। जिस तरह सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने छोटे-छोटे दलों को इकट्ठा कर व्यापक गठबंधन बनाये वह तो इन दलों के महत्व का प्रमाण है ही, चुनावी मुकाबले में भी ये दल बड़ी भूमिका में दिख रहे हैं। खास कर सत्तारूढ़ दल भाजपा और उसके नेतृत्व वाले एनडीए की बात करें, तो कड़ी चुनौती ये दल ही पेश करेंगे। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल भी है, लेकिन जमीनी राजनीतिक हकीकत अलग है। 2014 के लोकसभा चुनाव में मात्र 44 और फिर 2019 के चुनाव में 52 सीटों पर सिमट गयी कांग्रेस बमुश्किल दर्जन भर राज्यों में ही अपने दम पर चुनाव लड़ने की हालत में है।

जीत की संभावना उनमें से भी आधे से कम राज्यों में है। फिलहाल कांग्रेस की सिर्फ तीन राज्यों हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में सरकार है। इसके अलावा वह तमिलनाडु और झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है। ऐसे में अपने लिए 370 और एनडीए के लिए 400 लोकसभा सीटों का नारा दे रही भाजपा को चुनौती दे पाना कांग्रेस के वश की बात नहीं लगती। दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, गोवा और चंडीगढ़ में आप से गठबंधन कर तथा मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी के लिए एक लोकसभा सीट छोड़ कर कांग्रेस ने जमीनी राजनीति और अपनी सीमाओं को स्वीकार भी कर लिया है। बेशक दक्षिण भारत में कर्नाटक और तेलंगाना के अलावा हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मुख्यतः कांग्रेस पर ही मोदी का विजय रथ रोकने की जिम्मेदारी होगी, पर अतीत का अनुभव ज्यादा उम्मीद नहीं जगाता।

**भाजपा पिछली बार वहां से अकेले 62 और सहयोगियों के साथ 64 सीटें जीतने में सफल रही थी।**



**14 सीटों वाले झारखंड में पिछली बार भाजपा 11 सीटें जीत गयी थी, लेकिन गिरफ्तारी के चलते मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने को मजबूर हुए हेमंत सोरेन के साथ सहानुभूति की बदौलत सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई वाला गठबंधन इस बार बेहतर प्रदर्शन कर सकता है।**

आखिर हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान में पिछली बार भाजपा सभी लोकसभा सीटें जीत गयी थी। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक में भी ज्यादातर सीटें भाजपा की झोली में गयी थीं, तब तेलंगाना में सत्तारूढ़ बीआरएस ने 17 में से सबसे ज्यादा 9 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा और कांग्रेस के हिस्से क्रमशः 4 और 3 सीटें ही आयी थीं।

पंजाब में अवश्य कांग्रेस ने 13 में से 8 सीटें जीती थीं, पर तब वह राज्य में सत्तारूढ़ दल थी। अब पंजाब में आप की सरकार है, तब कांग्रेस के मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष रहे क्रमशः कैप्टन अमरेंद्र सिंह और सुनील जाखड़ अब भाजपा की शोभा बढ़ा रहे हैं। जिन नवजोत सिंह सिद्धू के चलते सारी उठापटक हुई थी, वह अब आइपीएल में क्रिकेट कमेंटरी कर रहे हैं।

कर्नाटक और तेलंगाना में अब कांग्रेस की सरकार होने के चलते समीकरण बदल सकते हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकने की जिम्मेदारी मुख्यतः छोटे और क्षेत्रीय दलों पर होगी। देश की राजधानी दिल्ली के बाद पंजाब में भी अरविंद केजरीवाल की आप सत्तारूढ़ है। दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों पर आप और कांग्रेस मिल कर भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकने की कोशिश करेंगे, लेकिन उसी मकसद के साथ पंजाब में दोनों अलग-अलग लड़ेंगे। जाहिर है, दिल्ली के अलावा गुजरात और गोवा में भी भाजपा का ग्राफ नीचे लाने की कवायद में आप की भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है। 80 लोकसभा सीटों वाला उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। भाजपा पिछली बार वहां से अकेले 62 और सहयोगियों के साथ 64 सीटें जीतने में सफल रही थी। तब सपा-बसपा-आरएलडी गठबंधन था और उसने 15 सीटें जीती थीं। इस बार सपा-कांग्रेस गठबंधन है। सपा 63 और कांग्रेस 17 सीटों पर लड़ रही है।

बड़ा सवाल यही है कि क्या यह गठबंधन भाजपा को पिछली जितनी सीटों पर भी रोक पायेगा? इसका जवाब भी मुख्य रूप से सपा पर निर्भर करेगा। बिहार में लालू के आरजेडी, कांग्रेस और लेफ्ट फ्रंट का गठबंधन है। आरजेडी 26, कांग्रेस 9 और लैफ्ट 5 सीटों पर लड़ेगा। वहां भाजपा-जेडीयू समेत एनडीए को रोकने में सबसे अहम भूमिका आरजेडी की होने वाली है। यही स्थिति 48 लोकसभा सीटों वाले महाराष्ट्र की है। बेशक सीट बंटवारे में उद्धव ठाकरे की शिवसेना के बाद दूसरे नंबर पर कांग्रेस लग रही है, पर वहां एनडीए को रोकने में उद्धव की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी का चुनावी प्रदर्शन निर्णायक साबित होगा। पश्चिम बंगाल में विपक्षी गठबंधन इंडिया में सीटों पर समझौता नहीं हो पाया। इसलिए वहां भाजपा, तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस-लेफ्ट गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा।

25 सीटों वाले आंध्र प्रदेश में कांग्रेस ने मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की बहन शर्मिला को प्रदेश अध्यक्ष बना कर बड़ा दांव चला, लेकिन टीडीपी-भाजपा-जन सेना पार्टी के गठबंधन का चुनावी प्रदर्शन सत्तारूढ़ वाइएसआरसीपी के प्रदर्शन पर ज्यादा निर्भर करेगा। केरल में तो भाजपा अर्से से खाता खोलने के लिए तरस रही है। वहां लैफ्ट फ्रंट के एलडीएफ की सरकार है, तो पिछली बार ज्यादातर लोकसभा सीटें कांग्रेस की अगुवाई वाले यूडीएफ ने जीत ली थीं। तमिलनाडु में कांग्रेस सत्तारूढ़ द्रमुक गठबंधन का हिस्सा है, पर वहां भी भाजपा का खाता खुलना-न खुलना मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की चुनावी रणनीति पर निर्भर करेगा।

14 सीटों वाले झारखंड में पिछली बार भाजपा 11 सीटें जीत गयी थी, लेकिन गिरफ्तारी के चलते मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने को मजबूर हुए हेमंत सोरेन के साथ सहानुभूति की बदौलत सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई वाला गठबंधन इस बार बेहतर प्रदर्शन कर सकता है।

गठबंधन में कांग्रेस और आरजेडी भी शामिल हैं। वाइएसआरसीपी की तरह ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का बीजेडी भी किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं है, पर वहां भाजपा का विजय रथ रोकने में सबसे बड़ी भूमिका उसी की रहेगी।

## जमशेदपुर की खबरें

# मारकोंडो बानरा हत्याकांड का किया खुलासा, दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजनगर।** सरायकेला-खरसावां जिले के रानजगर पुलिस ने मारकोंडो बानरा हत्या कांड का खुलासा कर दिया। रविवार को सरायकेला एसडीपीओ संतोष मिश्रा ने इसकी जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया मारकोंडो की हत्या कांड में गांव के ही गुमदी सवैया उर्फ जोंगो और सुधीर सवैया शामिल रहे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियो ने हत्या कर शव को पत्थर से बांधकर नाले में फेंक दिया था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के दौरान बताया जब घर मे उनकी बहन और भाभी अकेली रहती थी मारकोंडो बानरा छेड़खानी करता था। कई बार उसे समझाने का प्रयास किया लेकिन नहीं समझा। इसके बाद प्लान बनाकार गांव के नीचे टोला में शराब के नशे में पत्थर से कूचकर हत्या की गई।

साख छुपाने के लिए शव को पत्थर बांधकर उसे नाले में फेंक दिया गया। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# 12 अप्रैल को बैठक में होगी सेंदरा की तिथि तय



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा स्थित गधड़ा ग्राम में दलमा बुरु सेदंरा समिति के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को समिति के अध्यक्ष दलमा राजा राकेश हेंब्रम की अध्यक्षता में बैठक के दौरान आगामी 12 अप्रैल को सेंदरा की तिथि तय करने का निर्णय लिया गया। बैठक में समिति के सदस्यों के साथ तिथि को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी जेना जामुदा, राजू सामन्त,संपूर्ण सवैया,लखविंदर कुंकल,कृष्ण बारदा, सरिता बारदा, जीरा पूर्ति,सुरमी पूर्ति,रूपेण हेंब्रम, दीकु मेलगंडी,शंकर गागराई, बुद्धेश्वर सोए, बलही मारडी, बुधाई मुर्मू, छोटे सरदार, धनो मारडी, लोढो हेंब्रम, कृष्णा देवगम,सुखलाल समद सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे। धन्यवाद ज्ञापन शंकर गागराई ने किया।

# ग्रामीणों ने हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर वोट बहिष्कार का लिया निर्णय




आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल पुलिस की सक्रियता और मुस्तैदी पर ग्रामीण लगातार सवाल उठा रहे हैं। जिले में संदिग्ध मौत के मामले में ग्रामीणों का विरोध अब दिखने लगी है। बताया जा रहा है कि बीते 6 मार्च को चांडिल क्षेत्र के रावताड़ा निवासी 19 वर्षीय करण महतो का शव संदिग्ध हालात में एनएच 32 से बरामद किया गया था। शव मिलने के बाद मृतक के परिजनों ने हत्या का मामला दर्ज कराकर जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। इससे पूर्व परिजनों ने ग्रामीणों संग चांडिल थाना का घेराव भी किया। ग्रामीणों ने जिले के एसपी और डीआईजी तक गुहार लगायी, लेकिन अबतक आरोपियों का खुलासा नही होने पर ग्रामीण विरोध शुरू कर दिया। रविवार को चांडिल थाना क्षेत्र स्थित रसुनिया पंचायत के सैकड़ो ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों के समर्थन में आरोपियों की गिरफ्तारी का मांग करते रहे।सैकड़ो ग्रामीण एक जगह एकत्रित होकर वोट बहिष्कार की बात कह डाली। संदिग्ध मौत का खुलासा नहीं होने पर क्षेत्र के ग्रामीण पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी व्यक्त करने लगे। ग्रामीणों ने चांडिल पुलिस पर हत्यारों को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने करण महतो के हत्या में भाजपा की संलिप्तता होने की बात कही। इसके अलावा चौका थाना क्षेत्र में रहने वाले एक कथित पत्रकार पर हत्यारों को बचाने में सहयोग करने का भी बात कही। इस संदर्भ में चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव ने बताया पुलिस जांच कर रही है। सभी बिंदुओं पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

# डॉ मनीष डुड़िया हुए सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय मानवता अधिकार और मीडिया संगठन ने पतंजलि योगपीठ क्लीनिक में 'मेरा स्वास्थ्य,मेरा अधिकार' थीम पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। रविवार को कार्यक्रम कर दौरान जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश ने आयुर्वेदिक चिकित्सक वैध डॉ मनीष डूड़िया को चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुष्पगुछ भेट कर सम्मानित किया। मौके पर संस्था के सचिव अमन राज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# छत्तीसगढ़ी समाज का 10 दिवसीय ज्वारा पूजा का शुभारंभ आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** छत्तीसगढ़ी समाज का चैत्र नवरात्रि ज्वारा पूजा का विधिवत शुभारंभ सोमवार किया जाएगा। रविवार को इसकी जानकारी दी गयी। टुईलाडूंगरी शीतला माता मंदिर के अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया शहर के टुईलाडूं गरी, गढ़हाबसा, बागुनहातु, सोनारी, बागबेड़ा, कपाली, उलीडीह, काशीडीह में बिरिह भिगोना के साथ पूजा का विधिवत आरंभ किया जाएगा। 9 अप्रैल को एकम के दिन ज्योति कलश प्रज्वलित की जायेगी। उन्होंने बताया छतीसगढ़ में माता बमेलश्वरी की पूजन बड़े धूमधाम से नवरात्रि के अवसर पर की जाती है। जमशेदपुर में भी छत्तीसगढ़ी समाज इस आयोजन को विभिन्न स्थानों पर बड़े धूम धाम के साथ करते है। दिनेश कुमार ने बताया इस वर्ष टुईलाडूंगरी शीतला माता मंदिर में 9 अप्रैल को 21अखंड ज्योति कलश प्रज्वलित किए जायेंगे। जो 17 अप्रैल तक प्रज्वलित रहेंगे। पूजा संपन्न होने के बाद 17 को विधिवत शोभा यात्रा निकाल कर विषर्जित की जाएंगी। छत्तीसगढ़ से जश गायन मंडली को आमंत्रित किया गया है। रविवार को 11 सदस्यीय मंडली ट्रेन से टाटानगर स्टेशन पहुंचेगी। माता के भजन 9 दिनों तक प्रस्तुत करेंगी। पंचमी दिवस पर भव्य माता जागरण का भी आयोजन टुईलाडूंगरी में किया जाएगा।जमशेदपुर के स्थानीय कलाकारों के द्वारा भजन और झांकी प्रस्तुत की जाएगी। समाज की महिलाए और युवा साथी इस कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है। पूजा की तैयारी को लेकर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर तोरण द्वार व विद्युत सज्जा की गयी।

# ब्राउन शुगर के कारोबार का खुलासा, चार तस्कर गिरफ्तार




रांची (आजाद सिपाही)। रांची के सुखदेव नगर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के नाम मो जुबेर उर्फ राजु देहाती, रोहित कुमार ठाकुर, सुजीत कुमार गुप्ता और तरुण कुमार पांडेय है। इनके पास से 11.5 ग्राम ब्राउन शुगर और चार मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अवैध शराब, आग्नेयास्त्र और मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए एक टीम का गठन किया गया है। टीम को गुप्त सूचना मिली कि सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के न्यू मार्केट स्थित ऑटो बस स्टैंड के पास कुछ लोग प्रतिबंधित नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर को खरीद-बिक्री के लिए बिहार से लेकर आ रहे हैं। इसके बाद टीम ने चार लोगों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर मोहम्मद जुबेर पर रांची के अलग-अलग थाना में कुल 16 मामले, रोहित कुमार ठाकुर पर छह और सुजीत कुमार गुप्ता पर पांच मामले दर्ज हैं।

# विकास में बाधक बननेवाली ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देगी जनता : मंत्री

**पूर्व सांसद प्रतिनिधि सलीम जाफर सहित 100 से अधिक लोग झामुमो में शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा के पूर्व सांसद प्रतिनिधि, पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी सलीम जाफर सहित 100 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। झामुमो की नीतियों और गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। रविवार को मंत्री श्री ठाकुर के डोरंडा रांची स्थित आवास पर सलीम जाफर अपने समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए। मंत्री श्री ठाकुर ने सलीम, मकसूद खान सहित सभी को माला पहनाकर, पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर झामुमो में शामिल करते हुए स्वागत किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आप सभी को पार्टी में शामिल होने से पार्टी परिवार और बड़ा हुआ है। पूर्ण विश्वास है कि आप सभी लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा को आगे बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो की नीति राज्यहित और जनहित की है। झारखंड गठन के बाद पहली बार महागठबंधन के सरकार में पूरे राज्य का चौतरफा विकास हो रहा है। राज्य के विकास से भाजपा पूरी तरह से डर गई है। यही कारण है कि केंद्र सरकार आज लोकसभा चुनाव के मौके पर जन-जन के नेता हेमंत सोरेन को बेवजह जेल में बंद कर दी है। पूरे राज्य की जनता जागरूक है एवं केंद्र की नीतियों को अच्छी तरह से समझ चुकी है। गढ़वा सहित पूरे राज्य में लोग गोलबंद होकर राज्य के विकास में बाधक बनने वाली ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देने को तैयार है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने का परिणाम आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा को भुगतना पड़ेगा। सलीम जाफर ने कहा कि झामुमो ही माटी की पार्टी है। झामुमो के नेतृत्व में ही राज्य एवं राज्य वासियों का विकास संभव है। इधर गढ़वा जिले के रंका प्रखंड के रंका पंचायत में फुजैल अहमद की अध्यक्षता में पुरे पंचायत कमिटी कि उपस्थिति में मंत्री श्री ठाकुर के विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा छोड़ कर 50 से अधिक महिलाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा।

## भाजपा पर हमलावर हुआ क्षत्रिय समाज, कहा

# राज्य में एक भी सीट नहीं देकर भाजपा ने क्षत्रिय समाज का किया है अपमान

**क्षत्रिय समाज के प्रत्याशियों को टिकट नहीं देने के विरोध में बीजेपी का विरोध करने का निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा श्री बंशीधर नगर अनुमंडलीय इकाई ने लोकसभा चुनाव में झारखंड की दो सीटों पर पूर्व के चुनाव में जीते हुए क्षत्रिय समाज के प्रत्याशियों को दोबारा टिकट नहीं देने के खिलाफ में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए का विरोध करने का निर्णय लिया है। स्थानीय भोजपुर रोड स्थित महासभा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए महासभा के अनुमंडलीय अध्यक्ष इंदल सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए ने धनबाद और चतरा से क्षत्रिय समाज का टिकट काटकर क्षत्रिय समाज को अलग थलग करने का कोशिश किया है। उन्होंने बताया कि इस निर्णय से क्षत्रिय समाज बहुत आहत है और आगामी चुनाव में भाजपा ,एनडीए के विरोध करने का निर्णय लिया है। श्री सिंह ने बताया कि क्षत्रिय समाज ने देश में लोकतंत्र स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कई रियासतों का विलय कर राष्ट्र एकता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लेकिन आज के राजनीतिक दल क्षत्रिय समाज के योगदानों को नजर अंदाज करने का काम कर रहे हैं। भाजपा ने समाज को उपेक्षित किया है हम लोगों के साथ अन्याय हुआ है झारखंड में दो सीट पर भाजपा के सांसद थे लेकिन इस बार एक भी क्षत्रिय को उम्मीदवार नहीं बनाकर भाजपा और एनडीए ने नाइंसाफी की है।

वहीं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा श्री बंशीधर नगर अनुमंडलीय इकाई के उपाध्यक्ष मनी रत्न प्रताप देव उर्फ चंचल देव ने कहा कि झारखंड से भाजपा और एनडीए ने क्षत्रिय समाज का नेतृत्व को लगभग समाप्त करने का कार्य किया है उन्होंने बताया की चतरा और धनबाद लोकसभा से भारी मतों से जीतकर लोकसभा को जाने वाले क्षत्रिय समाज के उम्मीदवार को बेवजह बिना कारण बताएं टिकट से वंचित किया गया है। मनी रन प्रताप देव ने कहा कि भाजपा ने यह आत्मघाती कदम उठाने का कार्य किया है उन्होंने भाजपा और इंडिया को सलाह देते हुए कहा कि अभी वक्त है वह झारखंड में क्षत्रिय समाज का भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उम्मीदवारों की घोषणा करें। उक्त अवसर पर विक्रांत सिंह, क्षत्रिय सभा के संरक्षक ललन प्रताप देव, प्रवक्ता दीपक कुमार सिंह, कामेश्वर प्रताप देव, देवेन्द्र सिंह, शैलेंद्र प्रताप देव, श्यामबरन सिंह, योगेंद्र सिंह ,नागेंद्र प्रताप देव, लाल सिंह, धीरू सिंह, अक्षय सिंह, मंटू सिंह, सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कांडी के युवक की रांची में हुई मौत

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के एक युवक की रांची में हुए सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। स्कूटी से जा रहे दो युवकों को थार जीप ने अपनी चपेट में लेकर रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। कांडी थाना क्षेत्र के पतिला पंचायत अंतर्गत चोका गांव के नवडीहवा टोला निवासी सीआरपीएफ के जवान राजकुमार साह के पुत्र अनुज कुमार साह 25 वर्ष की रांची में हुए एक सड़क हादसे में काफी दर्दनाक मौत हो गयी। यह घटना शनिवार देर शाम करीब 8:30 बजे की है। जानकारी के अनुसार अनुज कुमार साह भोपाल से बीटेक करने के बाद विप्रो कंपनी में कोलकाता में बतौर इंजीनियर पोस्टेड था। वह शुक्रवार को रांची के लिए चला था। जहां जगत पुरम कॉलोनी स्थित एक किराये के मकान में अनुज की मां रहती हैं। शनिवार की देर शाम एक अन्य युवा अंकुश कुमार के साथ एक ही स्कूटी पर दोनों जा रहे थे। इसी दौरान करम टोली चौक के आगे प्रेस क्लब के निकट एक थार जीप ने इन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही इन्होंने दम तोड़ दिया। जबकि थार जीप वाला भागने में सफल रहा। मृतक के पिता राजकुमार साह सीआरपीएफ में टाटा में पदस्थापित हैं। वे वहां से रांची के लिए चले। जबकि मृतक का बड़ा भाई अमित कुमार साह कोलकाता में ही टाटा कंपनी में एंप्लॉई हैं। अभी तक अनुज कुमार साह की शादी भी नहीं हुई है। मृतक के घर में एक छोटी बहन खुशबू कुमारी है, जो पढ़ाई करती है। इस घटना के बाद से परिजनों के ऊपर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा है।

## सड़क दुर्घटना में चाचा की मौत, भतीजा गंभीर रूप से घायल, हालत नाजुक

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की शाम परासपानी कला गांव बुध बाजार स्थित महुआ के पेड़ में जोरदार टक्कर होने के बाद एक ही मोटरसाइकिल पर सवार दोनों चाचा भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों चाचा भतीजे को बेहतर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बंशीधर नगर भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना शनिवार के 8 बजे रात्रि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डोल गांव निवासी 50 वर्षीय रघुवीर राम तथा 27 वर्षीय अजय राम अपने रिश्तेदार सोन डीहा गांव से वापस अपने घर डोल जा रहे थे, तभी अचानक एक व्यक्ति को बचाने के क्रम में मोटरसाइकिल असंतुलित हो गया तथा आगे जाकर महुआ के पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी की घायल व्यक्ति के पैर के हड्डी टुकड़े-टुकड़े हो गये थे। इधर उसके भतीजे की हालत नाजुक बनी हुई है। मृतक के तीन पुत्र व एक पुत्री थी।

## पढ़ाई के साथ-साथ छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण भी आवश्यक है : उर्मिला

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सिंदुरिया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा के सभी छात्र-छात्राओं को रविवार को प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी के नेतृत्व में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर बिहार राज्य के सासाराम ले जाया गया। सिंदुरिया पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक ने हरी झंडी दिखाकर भ्रमण दल को निजी बस से रवाना किया। विद्यार्थियों ने सासाराम में स्थित शेरशाह का मकबरे, पालेट बाबा, धुआ कुआं सहित कई जगहों का भ्रमण किया। प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी ने कहा कि छात्र-छात्राओं के विद्यालय के पढ़ाई के साथ-साथ शैक्षणिक भ्रमण भी अति आवश्यक है। बच्चों का मानसिक विकास और तेजी से होता है। शैक्षणिक भ्रमण में बीपीओ रविंद्र कुमार मेहता, शिक्षक राकेश चौबे, उदय गुप्ता, रामानंद बैठा, चंदेश्वर शामिल थे।

# मेला के आयोजन में मंत्री से मिला सहयोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** अनुमंडल क्षेत्र के रमकंडा प्रखंड अंतर्गत हरहे पंचायत के उभका नाला पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन 20 सूत्रि जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह के प्रतिनिधि के रूप में रमकंडा प्रखंड बीस सूत्रि उपाध्यक्ष श्रवण कमलापुरी ने किया और कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मद्य पान निषेध मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से 21 हजार रुपये का सहयोग मेला कमेटी को प्रदान किया गया। बताते चले कि उक्त स्थान पर धरती से पानी की धारा निरंतर बहता रहता है, जिसके कारण इसे उभका नाला के नाम से जाना जाता है। इस पानी की धारा को प्राकृतिक दैवी शक्ति का प्रतीक मान कर लोग पूजा पाठ करते हैं और हर साल मेला का आयोजन करते हैं। इस मौके पर रोहन प्रसाद, शंभू रवि, बब्लू रवि, दीपक प्रसाद, रंका प्रखंड युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सोनी, झामुमो नेता रौशन पाठक सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मेला में उपस्थित थे।

## त्योहारों में अफवाहों से सावधान रहने की जरूरत है : रतन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** थाना परिसर के प्रांगण में ईद व रामनवमी महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक रविवार को किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पुलिस अंचल निरक्षक रतन कुमार सिंह ने कहा ईद, रामनवमी व सरहुल पर्व को मिलजुल कर मनाने की जरूरत है। कहा कि किसी भी अफवाहों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खास करके नई उम्र के युवाओं के द्वारा सौहार्द बिगाड़ने वाले मैसेज फॉरवर्ड किये जाते हैं। इससे सावधान रहने की जरूरत है। वहीं प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि बहुत ही संयोग है की हिंदू, मुस्लिम धर्मो का महान पर्व हमसभी के बीच आया है जिसे हम सभी को मिलजुलकर मनाने की जरूरत है। थाना प्रभारी असफाक आलम कहा कि असमाजिक लोगों के द्वारा आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। वहीं 20 सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, कर्णपुरा मुखिया अजीत कुमार पांडेय, टंडवा मुखिया संतोष सिंह, विधायक प्रतिनिधि रूपनारायण यादव, समाज सेवी मुकेश कुमार, बिरंची पासवान, दिलीप टाकुर, बिरेंद्र बैठा, डॉ पारसनाथ सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह ने किया।

# भाजपा ने झारखंड में राजपूत को एक भी सीट नहीं देकर राजपूत समाज का अपमान किया है : नीरज

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** राष्ट्रीय करणी सेना के गढ़वा जिला अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता मे नगर पंचायत मंझिआंव क्षेत्र अंतर्गत शिव मंदिर परिसर में राजपूत समाज की बैठक की गयी। बैठक में अलग अलग क्षेत्रों से आये राजपूत समाज के लोगों ने लोकसभा चुनाव में झारखंड में भाजपा ने राजपूत को एक भी सीट नहीं देकर राजपूत समाज का अपमान किया है। बैठक को संबोधित करते हुए करणी सेना के जिला अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड में 14 लोक सभा सीट में सभी जाति को सीट देकर खुश किया, और राजपूत समाज को इग्नोर किया है। जबकि धनबाद एवम चतरा लोकसभा सीट से निरंतर राजपूत समाज के ही लोग जीतते आ रहे हैं। फिर भी राजपूत समाज के लोकसभा उम्मीदवार नहीं दिया गया। जिसका चुनाव के दौरान करणी सेना राजपूत समाज के लोग भाजपा को पलामू संसदीय क्षेत्र से राजद से ममता भुइया समर्थन कर जिताने का आगाज करते हुए झारखंड सहित देश को भाजपा मुक्त करते हुए मुंहतोड़ जवाब देंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि करणी सेना राजपूत समाज कि संगठन की मजबूती और विस्तार पर चर्चा की गयी। तथा समाज को संगठित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अभिमन्यु सिंह, नवल किशोर सिंह, उमेश सिंह, विजय सिंह, बिंदा सिंह, रोहित सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, ललित सिंह, जयराम सिंह, विनोद सिंह, अनुज सिंह सुदामा सिंह, कुंदन सिंह, रोहित कुमार सिंह, चंदन कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, राजबली सिंह, अशोक कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह के अलावा काफी संख्या में राजपूत समाज के लोग शामिल थे।

## दहेड़िया मिडिल स्कूल में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सेल के सीएसआर के तहत रविवार को दहेड़िया मिडिल स्कूल में स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया। कैंप का उद्घाटन सेल अस्पताल के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी विजय राम, सेल अधिकारी राजेश कुमार, भगवान पानीग्राही ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त शिविर में 225 विद्यालय के छात्र और ग्रामीण बेहतर जांच कर दवा वितरण किया गया। मौके पर सेल के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विजय राम ने कहा कि पढाई के लिए स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बच्चे और बच्चियों को मजबूत बनाना है, ताकि स्वस्थ्य व्यक्ति ही स्वस्थ्य राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। उन्होंने किशोरियों को स्वस्थ्य के प्रति सुरक्षित रहने हेतु शरीर के साफ सफाई को लेकर बारीकी से बताया। इस मौके पर कर्मी मुकेश दूबे, अनिला मिंज, स्मपूर्णना नंद मिश्रा, सरोज कुमारी, डोमन यादव, सुरेश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## श्रीरामनवमी पूजा को लेकर बैठक

**सगमा (आजाद सिपाही)।** श्रीरामनवमी पूजा को लेकर बीरबल गांव में बैठक आयोजित भव्यरूप में मनाने का लिया निर्णय। प्रखंड के बीरबल गांव स्थित सूर्यमंदिर परिसर में श्रीराम सेवा समिति में नेतृत्व में श्री रामनवमी पूजा महोत्सव आयोजित करने को लेकर सुसील कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक किया गया। जिसमें पूर्व में बने पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठित पूजा समिती में अध्यक्ष के रूप मे झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के निदेशक सह बीरबल गांव निवासी रामोद प्रसाद उपाध्यक्ष देवराज प्रजापति रामप्रताप विश्वकर्मा तथा भोला साह को बनाया गया है।

# वैश्य दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की जिला इकाई ने रविवार को वैश्य दिवस पर जिला मुख्यालय गढ़वा के पुरनचंद चौक स्थित वैश्य समाज के पुरोधा पूरणचंद की प्रतिमा पर मालार्पन एवम् गढ़वा ब्लड बैंक में रक्तदान सिविल लगाकर 4 यूनिट रक्तदान किया गया। जिसमे जितेंद्र कश्यप, सुनील कश्यप, पवन कुमार तथा राहुल कुमार ने रक्तदान किया। इस शुभ अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद जायसवाल ने कहा कि वैश्य दिवस एक महत्वपूर्ण और गर्वशील उत्सव है। जो भारत में प्रति वर्ष मनाया जाता है। यह उत्सव वैश्य समाज के महत्वपूर्ण स्थान को समर्पित है। लोग इसे बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाते हैं। इस दिन का महत्व विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए है जो व्यवसाय करते हैं। व्यापार के क्षेत्र में निरंतर योगदान देते हैं। वैश्य दिवस का आयोजन देश भर में अलग-अलग तरीकों से किया जाता है। व्यापारिक संगठन और समूह इस अवसर पर भव्य आयोजन करते हैं। मौके पर वैश्य महासम्मेलन के जिला महामंत्री उमेश कश्यप, जिला उपाध्यक्ष संतोष केसरी, विनोद जायसवाल, सचिव दौलत सोनी, मनीष गुप्ता सहित जिला कार्यसमिति सदस्य डॉ पतंजलि, राकेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, संजय केशरी, जयशंकर कांस्यकर, संतोष कश्यप, नीरज कमलापुरी, संतोष अर्ग्रवाल तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

# शिक्षा से ही परिवार, समाज और राष्ट्र का उत्थान संभव है : अलखनाथ पांडेय

**धूमधाम से मनाया गया आरके पब्लिक स्कूल बंशीधर नगर का वार्षिकोत्सव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर ।** श्री बंशीधर नगर शहर के अधौरा में स्थित आरके पब्लिक स्कूल में रविवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। समारोह का शुभारंभ स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय व अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर किया। इससे पूर्व विद्यालय के प्रशासक व प्राचार्य ने निदेशक तथा अन्य अतिथियों को बुके प्रदान कर स्वागत अभिनंदन किया। मौके पर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र साधन है जिसके माध्यम से हम परिवार समाज और राष्ट्र के उत्थान में सहभागी बन सकते हैं। क्वालिटी ऑफ एजुकेशन पर जोर देते उन्होंने कहा कि इसके लिए स्कूल के साथ साथ अभिभावकों को भी अपने बच्चों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद समेत हर गतिविधियों पर गौर करने की जरूरत है। स्कूल और अभिभावक जब दोनों अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभायेंगे तभी परिणाम बेहतर मिलेगा। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों से शारीरिक श्रम कराने पर बल देते हुए कहा कि स्वस्थ रहने, पंक्चुअल व अनुशासित से तरीके से जीने के लिए शारीरिक श्रम, योगा और मेडिटेशन जरूरी है।

उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर नगर में सीबीएसई तथा आरटीई दोनों से मान्यता प्राप्त एक मात्र विद्यालय आरके पब्लिक स्कूल है। जिसमें आरटीइ के तहत 25% विद्यार्थी जो गरीब एवं पिछड़े वर्ग के हैं, उन्हें निशुल्क शिक्षा दी जा रही है।

स्कूल में मौजूदा सत्र में 11 वीं में नामांकन के साथ साथ संस्कृत विषय का पठन पाठन शुरू होगा। नई शिक्षा नीति के तहत प्रेक्टिकल और गतिविधि आधारित शिक्षा का प्रावधान है।

समारोह में कक्षा नर्सरी से कक्षा 9वीं तक के सभी विद्यार्थियों को जो वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के निदेशक व अन्य अतिथियों ने सभी छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को मेडल तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर , शिवकुमार पांडेय, राणा प्रताप देव, विजय चौबे, विनोद कुमार, रोशन धर दुबे, विद्यालय के प्रशासक चंद्रकांत उपाध्याय, प्राचार्य एलके ओझा, सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित थे।

# स्वस्थ जीवन शैली ही खुशहाल जीवन का आधार है : डॉ एमपी गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा ।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा चौधराना बाजार में रविवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य बीमारियों के कुल 137 मरीजों की जांच की गयी। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष मुरली प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हमारे जीवन में स्वस्थ जीवन शैली का बहुत बड़ा महत्व है। नियमित व्यायाम, स्वस्थ भोजन और नशा से परहेज कर हम अपने जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य दिवस विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। साथ ही विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना दिवस के रूप में भी हम इसे मानते हैं। सचिव डॉक्टर जेपी सिंह ने कहा कि मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष वर्ल्ड हेल्थ डे मनाया जा रहा है। पहले के जमाने में डायरिया, मलेरिया सहित विभिन्न संक्रामक बीमारियां फैल जाती थी, उसकी रोकथाम की प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाता था। उपाध्यक्ष विनोद कमलापुरी ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी स्वास्थ्य के प्रति हमे जागरुक रहा है। स्वस्थ शरीर से व्यक्ति, परिवार समाज और देश का विकास होगा।

डॉक्टर पतंजलि केसरी ने कहा कि आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने सुबह में टहलने, योग, प्राणायाम से होने वाले लाभ और जंक फूड से होने वाले हानि की भी जानकारी दी। मौके पर सह सचिव नंद कुमार गुप्ता, विजय केसरी, मनोज केसरी, कमलेश गुप्ता पिंटू बाबू, उमेश सहाय, रविंद्र जायसवाल, संतोष केसरी, विवेक सिंहा, डॉ आदित्य प्रकाश, डॉक्टर अर्जुन विश्वकर्मा, रामनारायण प्रसाद, राजमणि प्रसाद, डॉक्टर विजय, रामनिवास प्रसाद, अनिमेश, रत्नेश, अजय, चंदन प्रजापति सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# लोधमा-कांड्रा वाया खूंटी तमाड़ रेल लाइन को जमीनी स्तर पर लाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी : कालीचरण मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** खूंटी संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा इन दिनों तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण पर हैं। मुंडा तमाड़, बुंडू व अड़की प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं। रविवार को उन्होंने रागडाबाड़ाग, कुरकुत्ता, सुमानडाड़ी, बारूकाड़े, जिलिंगसेरेंग, नवाडीह, उलीलोहोर आदि दर्जनों गांवों का भ्रमण किया और लोगों से मिलकर कांग्रेस के समर्थन में मतदान करने की अपील की। उन्होंने चुनावों में भाजपा के धनबल के खिलाफ मजबूती से खड़े रहकर जमीनी



हकीकत से जनता को वाकिफ कराने का आह्वान किया। कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने वर्तमान सांसद अर्जुन मुंडा पर जमकर आरोप लगाए और कहा कि पिछले 10 वर्षों में खूंटी संसदीय क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप हो गया है। मुंडा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने लोधमा-कांड्रा भाया खूंटी तमाड़ रेल लाइन को लेकर कई बार लोगो को झूठा आश्वासन देकर ठगने का काम किया है। भाजपा ने लोधमा-कांड्रा भाया खूंटी तमाड़ रेल लाइन के निर्माण को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया है। जनता कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें। कांग्रेस की सरकार बनते ही लोधमा-कांड्रा भाया खूंटी तमाड़ रेल लाइन को जमीनी स्तर पर लाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस जन पूरी ताकत से इस चुनाव को लड़ रहे हैं। यह समय भाजपा के दुष्प्रचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से खड़ा रहकर संघर्ष करने का है। भाजपा प्रत्याशी का गांव-गांव में लोगों द्वारा विरोध देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच भाजपा को बेनकाब करेंगे और जनहित के हर मुद्दे पर पार्टी की गारंटियों का प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरा देश राहुल गांधी के साथ खड़ा है। पिछले 10 सालों में मोदी सरकार ने जनता से किए वायदे को पूरा नहीं किया है। जनता में मोदी सरकार के खिलाफ माहौल है। दूसरी ओर राहुल गांधी ने अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' में जनता को न्याय की गारंटी दी है। भारत की जनता को न्याय के सिवाय कुछ नहीं चाहिए। 2024 का यह चुनाव धनतंत्र और गरीब जनता के बीच का चुनाव है। कांग्रेस पार्टी जन तंत्र से लोकतंत्र को बचाना चाहती है। विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा कि मोदी सरकार ने सेना में जाने वाले युवाओं के साथ विश्वसघात कर अग्निपथ योजना को लागू कर युवाओं का मनोबल तोड़ने का काम किया है। केंद्र सरकार ने ईडी, सीबीआई और आयकर जैसी जांच एजेंसियों पर नियंत्रण कर विपक्ष को डराना चाहती है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डट कर इसका सामना किया। झारखंड झुकेगा नहीं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देना है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। डीसी द्वारा निर्देश दिया गया है कि अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री और राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब जिला प्रशासन को उसकी सूचना दें। संबंधित एफएसटी टीमों द्वारा तोरपा के कर्रा मोड, अड़की, कर्रा, और मुरहू के विभिन्न स्थानों पर भी सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रतिनियुक्त उड़न दस्ता दल (एफएसटी) सभी छोटे-बड़े वाहनों की तलाशी लीग गयी। वाहनों से संबंधित दस्तावेज की भी जांच की गयी, ताकि वाहनों के माध्यम से अवैध सामानों के लाने ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके।

## रामचरित्र कथा मानस पाठ प्रवचन कार्यक्रम



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड स्थित ताऊ बालाडींग ग्राम के नवनिर्मित श्री राम मंदिर के परिसर में रामचरित्र कथा मानस पाठ प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है बालाडींग में रविवार को कलश यात्रा निकली गई इस कलश यात्रा काफी संख्या में भक्तजन भाग लिए। वहीं शाम रामचरित्र कथा मानस पाठ प्रवचन करने वाले महात्मा पंडित बिलु ठाकुर ,पंडित रवि ठाकुर, मोनू ठाकुर के टीम द्वारा किया जायेगा। इस मौके सीतानाथ महतो, कुलेश्वर महतो, दिलेश्वर महतो, अजय कुमार, प्रशिक्षित महतो, रोहित महतो सहित ग्रामीण काफी संख्या भक्तजन मौजूद थे।

## राजीव रंजन बनाये गये एरिया सेल्स मैनेजर



**खलारी (आजाद सिपाही)।** केडीएच परियोजना के सीनियर साइडिंग मैनेजर राजीव रंजन को एनके प्रबंधन ने बड़ी जिम्मेवारी देते हुए एनके एरिया का एरिया सेल्स ऑफिसर बनाया है। यह पदस्थापना प्रोन्नति के रूप में देखी जा रही है। राजीव रंजन पिछले कई वर्षों से एनके एरिया के विभिन्न परियोजनाओं में मायनिंग और सायडिंग मैनेजर की सेवा देते आए हैं। राजीव रंजन के स्थान पर केडीएच परियोजना के डिप्टी मायनिंग इंजीनियर के पी नायक को सायडिंग मैनेजर बनाया गया है। इधर राजीव रंजन को एरिया सेल्स मैनेजर बनाये जाने पर सुनील सिंह ने बधाई दी।

### पेस्टालॉजी चिल्ड्रन एजुकेशन सोसाइटी के चार बच्चों का वाइनबर्ग एलन स्कूल मसूरी के लिए हुआ चयन

# दो वर्ष में हर छात्र को मिलेगी 64 लाख रुपये की छात्रवृत्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जनजाति बहुल खूंटी क्षेत्र में गरीबों और बेसहारा बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही जानीमानी संस्था पेस्टालॉजी चिल्ड्रन एजुकेशन सोसायटी के चार बच्चों का चयन मसूरी उत्तराखंड के प्रतिष्ठित वाइनबर्ग एलन स्कूल में हुआ है। दो वर्षों में हर छात्र को 64 लाख रु की छात्रवृत्ति मिलेगी। इस आशय की जानकारी एसजीवीएस अस्पताल अनिगड़ा में रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संस्थान की सस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी गायत्री सिंह, सचिव सुनील कुमार सिंह और संयुक्त




सचिव डॉ निर्मल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में तीन छात्राएं और एक छात्र शामिल है। उन्होंने बताया कि पद्मभूषण कड़िया मुंडा जो संस्था के अध्यक्ष भी हैं के मार्गदर्शन में संस्था का संचालन किया जाता है। यह सर्वांगीण विकास संस्थान की सहयोगी संस्था है। संस्था का उद्देश्य गरीब और समाज के वंचित तथा बेसहारा बच्चों को उच्च शिक्षा देकर उन्हें समृद्ध बनाना खासकर महिला शिक्षा को बढ़ावा देना है।

जिन बच्चों का चयन वाइनबर्ग एलन स्कूल में हुआ है, उनमें तोरपा खूंटी की साक्षी कुमारी, मुरहू के प्रकाश महतो, हजारीबाग की सोनी कुमारी और हजारीबाग की ही नंदनी कुमारी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पेस्टोलॉजी चिल्ड्रन एजुकेशन सोसाइटी की स्थापना 2017 में हुई थी। क्षेत्र में गरीब और वंचित बच्चों के लिए आशा के किरण के रूप में यह संस्था स्थापित हुई है। संस्था का मुख्य उद्देश्य भी बच्चे हैं जो शिक्षा में गहरी रुचि रखते हैं, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, उन्हें शिक्षित करना और उनकी देखभाल और पोषण करना है। गायत्री सिंह ने कहा कि विश्व में सफलता के लिए बच्चों को आवश्यक साधनों और ज्ञान के साथ सशक्त बनाना जरूरी है। हर बच्चे को अपनी आर्थिक स्थिति से भिन्न उच्च गुणवत्ता की शिक्षा पाने का अधिकार होना चाहिए। उन्होंने बताया कि संस्थान में इस समय 62 बच्चे हैं, जो स्कूल और कॉलेज में पढ़ रहे हैं। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्थान के अध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा का समर्थन और मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहा है।गायत्री सिंह ने बताया कि गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में ढीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल, रांची, डीएवी हेहल, सरस्वती शिशु मंदिर, टोरियन वर्ल्ड स्कूल, ओडीएम सफायर स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल खूंटी, संत जेवियर्य स्कूल डोरंडा सहित अन्य कई विद्यालय संस्था का सहयोग कर रहे हैं।

## तमाड़ प्रखंड में सरहुल महापर्व का आयोजन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के जिलिंगसेरेंग पंचायत के बारूकांडे मे रविवार को मरांग बा: परबो सरहुल महापर्व का आयोजन किया गया। बसंत ऋतु के आगमन के साथ ही प्राकृति पूजा की शुरूआत की गयी गांव के पाहन द्वारा सखुवा डाल सिंग बोंगा का पूजा अर्चना कर पुस्प एव प्रसाद का वितरण किया गया। वही गांव के महिला पुरुष आदिवासी अपने पारंपरिक धोती साड़ी पहनकर ढोल नगाड़ों के साथ आकर्षक जादूर नृत्य प्रस्तुत करते हुए ग्रामीणों का मन मोह लिया। मौके पर पूर्व मंत्री राजा पीटर उर्फ गोपाल कृष्ण पातर स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा अनिल सिंह मुंडा पंचानन मुंडा पांडु मुंडा सुदन टूटी हीरामणि मुंडा अकलु मुंडा परमेश्वर मुंडा विपिन सिंह मुंडा अजम्बर सिंह मुंडा सुनील सिंह मुंडा गंगाधर लोहरा जितेंद्र लोहरा लखीराम लोहरा सहित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुंडा युवा सरना समिति सहरायनीय योगदान रहा।

## भीठूडीह गांव में बनी जलमीनार खुद प्यासी है




**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के भीठुडीह गांव में बने जलमीनार खुद प्यासा रह गया है एक महीना पहले दलित मोहल्ला में बना जलमीनार में पानी नहीं चढ़ता है बोरिंग किया गया लेकिन बोरिंग असफल रहा। ठेकेदार छोड़ कर भाग गया लोगों को बड़ी आशाएं थीं की पिने के पानी नसीब होगा लेकिन बेकार साबित हुई आज जब इन्डिया गठबंधन के उम्मीदवार प्रचार में थे तब लोगों ने पेयजल आपूर्ति की समस्या से अवगत कराया।

### राय खेल मैदान में 14 को होगा सरहुल महोत्सव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम

# तैयारी में जुटी आयोजन समिति

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** खलारी प्रखंड अंतर्गत राय पंचायत के अंबेडकर खेल मैदान में आगामी 14 अप्रैल को सरहूल महोत्सव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन करने की तैयारी चल रही है। महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों की एक बैठक रविवार को राय पंचायत सचिवालय में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महोत्सव में मेला के आयोजन के साथ नागपुरी आर्केस्ट्रा का भी आयोजन किया जायेगा। सरहूल महोत्सव के दिन सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी उसके बाद दोपहर दो बजे से नागपुरी आर्केस्ट्रा का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया



जायेगा। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि महोत्सव में बाहर से करीब पचास की संख्या में पारंपरिक झारखंडी खोडडा नृत्य करने वाले कलाकार की टीम भी शिरकत करेंगे। आयोजन समिति के सभी लोगों ने कोयलांचल क्षेत्र के लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। बैठक में शामिल आयोजन समिति के सदस्यों में विजय पहान,दुर्गा प्रसाद महतो, रूपेश कुमार महतो, प्रदीप उरांव, गणेश कुमार महतो, राजेश कुमार महतो, रामकुमार भुईयां, हरीश महतो, नरेश महतो, पारस महतो, भुवनेश्वर महतो, चंदन महतो, संतोष प्रजापति, लखन लाल महतो, कालेश्वर महतो, संतोष महतो, विजय महतो, प्रकाश महतो, सरवन मद्रासी, दीपक मद्रासी, हब्बू महतो, लोकन महतो, संदीप महतो, प्रेम महतो,नीरज मुंडा, दिलचंद महतो, सीटू महतो शामिल थे।

# शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लें सभी मतदाता : कुमुद झा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर रविवार को प्रखंड के सभी गांवों में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। बीडीओ कुमुद कुमार झा ने तोरपा, बांसटोली में चुनाव पाठशाला में शामिल होकर लोगों को मतदान के महत्त्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र में लोगों को मिला हुआ सबसे बड़ा अधिकार है। इस अधिकार का प्रयोग मतदाता अवश्य करें। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि आपके मतदान से देश की सरकार बनती है। इसलिए मतदान अवश्य करें। उन्होंने मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी दिलाई।



**97 वर्ष की मगदली टोपनो घर पर करेंगी मतदान**

तोरपा बांसटोली गांव की रहनेवाली 97 वर्षीय महिला मगदली टोपनो अपने घर पर मतदान करेंगी। वह बीमार हैं तथा बेड पर पड़ी है। कही आनेजाने से असमर्थ है। चुनाव पाठशाला के दौरान बीडीओ कुमुद झा को मगदली के बारे में पता चला। बीडीओ उसके घर गये और वहां मगदली ने मतदान करने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने अनुरोध किया कि किसी तरह उसका मतदान हो जाये। बीडीओ ने उसे आश्वासन दिया कि उनका मतदान घर पर ही कराया जायेगा। बीडीओ ने मगदली की सराहना करते हुए कहा कि मतदान के प्रति उनकी जागरूकता अन्य मतदाताओं के लिए प्रेरणा का काम करेंगी, वो एक रोल मॉडल है।

## डालसा ने किया खूंटी जेल में योगा सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में रविवार को उपकार खूंटी में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डालसा द्वारा योगा सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि उपकारा में रहने, खाने की साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। अच्छा स्वास्थ्य सिर्फ कैदी के लिए ही नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति, हम सबके लिए बहुत जरूरी है। अच्छे स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बहुत पहले से (वर्ल्ड हेल्थ डे) यानी विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। मौके पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक के साथ-साथ जेल में कैदियों को योगा भी कराया गया, जिसमें लगभग 150 पुरुष कैदी और 18 महिला कैदियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डालसा के एलएडीसी डिप्टी चीफ नम्रता कुमारी, कारापाल प्रभारी शहजाद खान, डालसा पीएलवी अंजू कच्छप, देवराज कुमार भगत, नरेश कुमार महतो, जॉर्ज कांस्टेंट धान, योगा मास्टर पीयूष और सोनू कुमार कें अलावा कैदी और जेल के कर्मचारी उपस्थित थे।

# बारिश-ठंडी हवा से लोगों को गर्मी से राहत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में रविवार की अहले सुबह से तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि से कोयलांचल क्षेत्र का मौसम काफी सुहाना हो गया है। जानकारी के अनुसार तेज हवाओं के साथ रिमझिम बारिश से एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल गया है। सुबह से ही पूरा इलाका बादलों की चपेट में आ गया, जिसके बाद तेज हवा के साथ रिमझिम बारिश शुरू हुई। बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से पूरे इलाके में ठंड जैसा माहौल बन गया है। वही तेज हवा और गरज के बीच बचरा के आवासीय



कालोनी सहित ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गयी। अचानक मौसम में आयी बदलाव के बाद तापमान में भी गिरावट देखी गयी। इस दौरान कोयलांचल क्षेत्र के लोगों को भीषण भरी गर्मी से भी राहत मिली है।मौसम में बदलाव के बीच क्षेत्र के चौक चौराहा एवं बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। बारिश से बचने को लेकर लोग अपने-अपने घरों में दुबके हुए हैं। ज्ञात हो कि पिछले एक सप्ताह से पुरे इलाके मे भीषण भरी गर्मी से लोग काफी परेशान थे। इस बीच मौसम में आयी बदलाव से लोगों ने राहत की सांस ली है। सड़कों पर कीचड़ों का अंबार लगा हुआ है जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीण इलाकों में कच्ची सड़क गीली हो गयी है, जिसमे चलना चलना मुश्किल हो गया है।

# सरहुल, ईद, रामनवमी पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएसपी ने थाना प्रभारी संग की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** डीएसपी कार्यालय खलारी में रविवार को डीएसपी राम नारायण चौधरी ने खलारी, मैक्लुस्कीगंज, बुढ़मू, ठाकुरगांव, चान्हो और मांडर के पुलिस निरीक्षक और थाना प्रभारियों के साथ आगामी पर्व, त्यौहार को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के साथ-साथ अपराध समीक्षा को लेकर बैठक की। बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश देते हुए अपने-अपने थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर अभियान



चलाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही आगामी दिनों में आने वाले पर्व सरहुल, रामनवमी, ईद को लेकर संबंधित थाना क्षेत्र में जुलूस मार्ग निर्धारित करने, मार्ग में पड़ने वाले मंदिर मस्जिद सहित अन्य धार्मिक स्थलों की व्यापक सुरक्षा देने, मेला और अखाड़ा में भी सुरक्षा व्यवस्था को बहाल रखने का निर्देश दिया गया।

बैठक मे खलारी इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह, मांडर इंस्पेक्टर जयप्रकाश राणा, मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार, चान्हो थाना प्रभारी अजीम अंसारी, मांडर थाना प्रभारी राहुल कुमार और बुढ़मू, ठाकुरगांव के थाना प्रभारी भी मौजूद थे।

## नौ युवकों ने तीन घंटे में बनई नदी पर बनाया बोरी बांध



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नदी बचाओ अभियान के तहत रविवार को मुरहू प्रखंड के कोड़ाकेल गांव के मात्र नौ युवाओं ने तीन घंटे तक श्रमदान कर बनई नदी पर बोरीबांध का निर्माण कर दिया। इससे नदी में तेजी से जल संचयन होने लगा है। ज्ञात हो कोड़ाकेल गांव का युवा किसान सकलदीप महतो हर वर्ष कोड़ाकेल और कोठाटोली के सीमान पर 14 एकड़ में सब्जी की खेती करता है। नदी बचाओ अभियान से प्रभावित होकर सकलदीप महतो द्वारा बनई नदी के कुछ हिस्से में पक्का बांध बनाया गया है। इसके बावजूद अप्रैल महीने में नदी का जलस्तर घट गया। उसकी फसलों के सूखने की नौबत आ गई। इस परिस्थिति में सकलदीप ने कोठाटोली गांव के युवक जो उनके खेतों में भी काम करते हैं, के साथ मिलकर रविवार की सुबह श्रमदान के माध्यम से बनई नदी पर बोरीबांध का निर्माण किया। सहलदीप ने बताया कि सरकार की ओर से उसके खेतों की सिंचाई के लिए सोलर इरिगेशन सिस्टम का अधिष्ठापन किया गया है, लेकिन नदी के सूख जाने के कारण खेतों में लगी फसलें भी सूखने लगी थीं। इस कारण उसने नदी बचाओ अभियान का हिस्सा बनकर बोरीबांध बनाने का काम किया। बोरीबांध निर्माण में श्रमदान करने वालों में सकलदीप महतो, मंगरा हापदगड़ा, बिरसा पूर्ति, रिमिस टोपनो, जकरियस ढोढ़राय, बिरसा ओड़ेया, मारा ओड़ेया, बुधराम ओड़ेया, बिरसा ढोढ़राय शामिल थे।

## रेलवे लाइन पर फंसा बालू लदा ट्रैक्टर

**मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैक्लुस्कीगंज रेल लाइन पर रविवार की सुबह में ट्रैक मैन विकास कुमार की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह 4:30 बजे डाउन मेल लाइन पर जम्मूतवी एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त होने से बची।सीआईसी रेलखंड पर बरकाकाना डालटेनगंज के मैक्लुस्कीगंज टोरी स्टेशन के बीच चट्टीनदी पोल संख्या 167/3-5 डाउन व अप लाइन में रेलवे ट्रैक पर एक बालु लदा ट्रैक्टर ट्राली फंस गया। ट्रैक्टर चालक ट्राली को ट्रैक पर ही छोड़ ट्रैक्टर लेकर चंपत हो गया। ड्यूटी पर तैनात ट्रैक पर खड़े ट्राली पर पड़ी उसने तत्काल इसकी मैक्लुस्कीगंज रेलवे स्टेशन मास्टर मृत्युंजय कुमार को दिया। इस दौरान मैक्लुस्कीगंज स्टेशन से 4.30 बजे अप लाइन से गुड्स ट्रेन खुला था, और डाउन लाइन पर जम्मू तवी एक्सप्रेस ट्रेन गुजरने वाली थी। सूचना मिलते ही मैक्लुस्कीगंज रेलवे स्टेशन पर तैनात स्टेशन मास्टर ने त्वरित 4:35 बजे गुड्स ट्रेन के चालक से संपर्क साधकर गुड्स ट्रेन को पोल संख्या 166/1 के निकट रुकवाया व टोरी स्टेशन मास्टर को सूचना देकर जम्मू तवी एक्सप्रेस को रुकवाया।

# खूंटी में पुलिस ने जब्त किया 97 लाख का अफीम डोडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** एसएसबी 26 बटालियन डी कंपनी उलिहातू और अड़की थाना की पुलिस द्वारा रविवार को अड़की के चाराडीह जंगल में संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाकर जंगल में छिपा कर रखे गए 35 बोरों में भरे 650 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा बरामद किया। बरामद अफीम डोडा का मूल्य एनसीबी द्वारा अनुमोदित दर के आधार पर



97.5 लाख रुपये है। इसको लेकर अड़की थाने में मामला दर्ज कर अनुसंधान और अग्रतर करवाई की जा रही है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि अड़की के चाराडीह जंगल में तस्करों द्वारा बड़ी मात्रा में अफीम डोडा छिपा कर रखा गया है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एसएसबी 26 बटालियन डी कंपनी उलिहातू के सहायक समादेष्टा निलेश संतोष मासुले और अड़की थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामार टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त जंगल में छापामारी की गई और वहां से डोडा बरामद किया गया। छापामार टीम में अड़की थाना के एसआई मनीष कुमार सहित सशस्त्र पुलिस बल और एसएसबी 26 बटालियन डी कंपनी के जवान शामिल थे।

# मस्जिदों में ईद की नमाज का समय हुआ निर्धारित

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के सभी अंजुमन कमेटी ने ईद उल फितर के नमाज को लेकर अपने-अपने मस्जिदों का समय निर्धारित कर दिया है। जानकारी के अनुसार चिलदाग जामा मस्जिद में सुबह 9 बजे, मस्जिद ए आयशा चिलदाग में सुबह 8.30 बजे, महेशपुर जामा मस्जिद में सुबह 8.30 बजे, मस्जिद ए फातीमुज जोहरा महेशपुर में सुबह 8.30 बजे, हेसल जामा मस्जिद में सुबह 8.45 बजे, मस्जिद ए जैतून हेसल में सुबह 8.15 बजे, मासू मस्जिद में सुबह 8 बजे, जोन्हा मस्जिद में सुबह 8.30 बजे, राजाडेरा मस्जिद में सुबह 8 बजे, सालहन मस्जिद में सुबह 8.15 बजे, कुचू मस्जिद में सुबह 8.15 बजे, बक्सीडीह मस्जिद में सुबह 8.30 बजे एवं सिकिदिरी मस्जिद में सुबह 9 बजे नमाज अदा की जाएगी।

# अंजुमन इस्लामियां जराटोली ने किया इफ्तार का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के जराटोली गांव के मस्जिद-ए-आईशा में रविवार को रमजान उल मुबारक के मौके पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश में अमन-चैन और तरक्की के लिए दुआ मांगी गई। इफ्तार पार्टी में अंजुमन के सदर सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य अमीन अंसारी ने कहा कि रोजा से इबादत के साथ ही शारीरिक फायदे भी है। इस महीने में रोजेदारों के साथ इफ्तार करने से आपसी मोहब्बत और भाईचारगी को बढ़ावा मिलता है। मस्जिद के इमाम युनूस अंसारी ने कहा कि रमजान उल मुकद्दस का महीना बड़ा बरकत वाला होता है। जो भी मुसलमान इतनी शिद्दत से गर्मी में रोजे रखता है अल्लाह ताआला उसकी हर जायज मुरादें पूरी कर देता है और उसके गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। इसलिए हम मुसलमानों को चाहिए कि रमजान मुकद्दस के महीने में ज्यादा से ज्यादा रोजे रखें और कुरान की तिलावत ज्यादा से ज्यादा करें। मौके पर करांजी के सदर सोयब अंसारी, अंजुमन के सेक्रेट्री अबदुल्ला अंसारी, रूसतम अंसारी, मनिर अंसारी, ईस्माल अंसारी,इसराईल अंसारी, तबरेज अंसारी, सहबान अंसारी, इलयास अंसारी व समिउल्लाह आदि शामिल थे।

# इटकी में इफ्तार का आयोजन शामिल हुए तीन हजार लोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** इटकी बाजार टांड के जामा मस्जिद के सामने बाजार प्रागंण में रविवार को नव जवान कमेटी की ओर से आयोजित सार्वजनिक दावत-ए- इफ्तार पार्टी में करीब तीन हजार रोजेदार सहित अन्य लोग शामिल हुए। रोजा खोलने के बाद लोगों ने जामा मस्जिद में नमाज अदा की। इस दौरान देश-दुनिया में अमन चैन की दुआ मांगी। कमेटी के लोगों ने कहा कि यह इफ्तार पार्टी आपसी भाई चारगी की मिशाल है। सभी समुदाय के लोग शामिल होकर आपसी प्रेम सद्भावना का परिचय दिए। इधर, चांद रात और ईद को लेकर बाजार परिसर में दुकानें सज गई है। सेवई, बकरखानी, मनिहारी, कपड़े, इत्तर, सुरमा, टोपी, सहित विभिन्न प्रकार के दुकान लगाये गये है। इन दुकानों में आवश्यक्ता अनुसार खरीदारी के लिए सुदुर गांवों से बड़ी संख्या लोगों पहुंच रहे है। देर रात तक खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती है। खाश कर कपड़ा, मनिहारी और जुता चप्पल दुकानों में लोगों की भीड़ अधिक देखी जा सकती है। बाजार में चाइना सेवई 110, गया सेवई 160, राउलकेला सेवई 160 और देहाती सेवई 80 रुपया प्रतिकिलोग्राम की दर से बिक रहे है, जबकि बकरखानी 90 से 100 रुपया प्रति पीस बेची जा रही है। इधर, चांद रात और ईद की नमाज के लिए विशेष रूप से तैयारी की जा रही है। इटकी जामा मस्जिद स्थित प्रागंण, गुलजार रोड, त्रिविंधा चौंक सहित अन्य चौक चौराहों को लाईट और झंडियों से आकर्षक रूप से सजाया गया है। क्षेत्र के 24 मस्जिद के अलावा ईदगाह को रंग रोगन कर विशेष रूप दिया गया है।

## सरहुल, रामनवमी और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

# डीजे पर अश्लील व भड़काऊ गाना बजाने पर होगी कार्रवाई : ब्रह्मदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोग।

**नामकुम।** सरहुल, रामनवमी और ईद को लेकर रविवार को नामकुम थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रशाद ने की। इस दौरान सरहुल, रामनवमी और ईद का त्यौहार आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधी शामिल हुए। सभी से क्षेत्र में सरहुल और रामनवमी जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए राय मांगी गई। इस पर सदस्यों ने जुलूस के दौरान लाइट की व्यवस्था, बड़ी वाहनों के परिचालन रोकने, सड़क के गड्ढे को भरने, शराब बिक्री पर रोक लगाने, युवाओं को तेज गति से बाइक चलाने पर रोक लगाने और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के दायरे में रहकर काम करने का आग्रह किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बातों पर पहल करने का आश्वासन दिया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, जिप सदस्य विपिन टोप्पो, वार्ड 47 के पूर्व पार्षद किरण सांगा, मुखिया अनीता तिर्की, नन्हे कच्छप, संजीव सिंह, अनिल वर्मा, बिक्कू सिंह उर्फ राजा साहब, बिरसा पाहन, सुषमा हेमरोम आदि उपस्थित थे।

# निर्दलीय प्रत्याशी मनोज महतो ने चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** रांची लोकसभा सीट से जनता सरकार मोर्चा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी मनोज कुमार महतो ने रविवार को विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान मनोज महतो ने लोगों को ऋण से मुक्ति पाने सहित अन्य मूलभुत समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए एक बार सेवा करने का मौका देने की अपील की। मनोज महतो ने कहा कि किस तरह गरीब लोग ऋण की दलदल में फंसकर आर्थिक रूप से तबाह हो रहे हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों की हजारों गरीब अनपढ़ महिलाएं बैंक और एनबीएफसी कंपनियों के चंगुल में बुरी तरह फंस चुकी हैं। ऋण वसूली के नाम पर उन्हें प्रताड़ित भी किया जाता है। उनकी पहली प्राथमिकता होगी गरीब किसान मजदूर और कम पूंजी वाले छोटे व्यापारी वर्ग को ऋण से मुक्ति दिलाना ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने मतदान के महत्व को समझाते हुए सभी को जागरूक भी किया। इस अभियान में आकाश कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता शामिल थे।

# कपड़ा बैंक ने किया 400 जरूरतमंदों के बीच कपड़ों का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** कपड़ा बैंक की टीम की ओर से रविवार को मांडर प्रखंड के प्रयागो गांव में 400 जरूरतमंदों के बीच कपड़ा वितरण किया गया। जिसकी अगुवाई कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार, रवि केशरी और शक्ति साहू ने किया। कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि कपड़ा बैंक पिछले चार वर्षों से लगातार जरूरतमंदों के बीच नए-पुराने कपड़े का वितरण करते आ रहा हैं। कपड़ा बैंक लोगों के सहयोग से ही चल रहा है। जिन लोगों के पास घर में अनुपयोगी कपड़े हैं वो कपड़ा बैंक में जमा करते हैं जिसे कपड़ा बैंक के सदस्य सुदूरवर्ती गांव में जाकर जरूरतमंदों के बीच वितरित कर देते हैं। एक मनुष्य का कर्तव्य सिर्फ अपने और अपने परिवार तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि समाज के प्रति भी होनी चाहिए। कपड़ा बैंक के सदस्य बिना स्वार्थ के निरंतर इस कार्य में अपने निजी कार्यों से समय निकालकर करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिनके घरों में अनुपयोगी कपड़े होते हैं वो कपड़ा बैंक में जमा कर दें जिससे अधिक से अधिक लोगों को सहयोग किया जा सके। इस मौके पर बेड़ो के रजत कुमार बड़ाइक, ऊर्फ सोनू का सहयोग रहा जिन्होंने कपड़ा बैंक में कपड़ों का सहयोग किया। कपड़ा बैंक की टीम में इस दिन मुकेश कुमार, रवि केशरी, शक्ति साहू, अनुज कुमार गुप्ता व कैलाश कुमार मौजूद थे।

# मनरेगा कर्मियों को 8 से 10 महीने से नहीं मिला मानदेय

- भीख मांगने पर मजबूर हैं मनरेगा कर्मी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** राज्य में इन दिनों मनरेगा कर्मियों की समस्याओं का समाधान नहीं निकल रहा है। ग्रामीण विकास मंत्री सिर्फ आश्वासन देकर कर्मियों को बरगलाने में जुटे हैं। चार वर्षों के कार्यकाल का आकलन किया जाए तो सिर्फ मनरेगा कर्मियों के हित में मामूली मानदेय बढ़ोतरी की गई है। नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को पूरा करना तो दूर अब मानदेय भी मिलना मुश्किल होता जा रहा है। राज्य में कई मनरेगा कर्मियों को 8 से 10 माह का मानदेय नहीं मिला है। वित्तीय वर्ष 2023-24 मे बजट से ज्यादा खर्च होने के बावजूद मानदेय ना मिलना दुःखद है। प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने कहा कि विभाग को लिखित जानकारी देकर निवेदन किया गया है कि किसी भी मनरेगा कर्मियों का मानदेय नहीं रोका जाए। वित्तीय वर्ष में बजट से ज्यादा खर्च हो चुका है। खर्च का आकलन राज्य स्तर पर किया जाए। मानदेय नहीं मिलने पर गलत काम करने पर बल मिलता है। सभी प्रखंड और पंचायत की भौगोलिक स्थिति एक समान नहीं होता है। पंचायत और प्रखंड कई कारणों से इस बार बजट से कम खर्च कर पाये है। अतः खर्च की गणना राज्य स्तर पर किया जाए, ताकि निस्वार्थ भाव से मनरेगा कर्मी अपने दायित्व को पूरा कर सके।

# सरहुल पूजा को लेकर महादेव किसान क्लब सिंगारी में बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिकिदिरी।** प्राकृतिक के महापर्व सरहुल पूजा को लेकर महादेव किसान क्लब सिंगारी की बैठक जगमोहन बेदिया के अध्यक्षता में हुई। जिसमें सरहुल पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। विदित हो कि यह सिमित गॉंव के सर्वांगीण विकास के लिए प्रति सप्ताह बैठक कर गॉंव के छोटे-मोटे समस्याओं को वापस में सुलझाने का प्रयास करती है। साथ ही गांव के विकास संबंधित नये-नये कार्य योजनाऐं बना कर कार्य करती है। ताकि गांव का सर्वांगीण विकास हो सके। ये समिति जंगल रक्षा पर काफी प्रसंसनीय कार्य किया है। मौके पर सुरसू पंचायत पूर्व मुखिया एतवा बेदिया, जगमोहन बेदिया,जगबन्धू बेदिया, भोलानाथ बेदिया, सिकन्दर बेदिया, सुखलाल बेदिया, बलराम बेदिया, सामु बेदिया सुनूवा बेदिया, भदरू बेदिया, लखिन्दर बेदिया, जीबधन बेदिया, बैधनाथ रजवार, संजय रजवार, बिरंची बेदिया, भुषण बेदिया, आदि उपस्थित थे।

# शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का निर्णय



शांति समिति की बैठक को संबोधित करते सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव।


आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना परिसर में रविवार को सरहुल, ईद और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नगड़ी अंचल अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर समिति से त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार थाना ने किया। इस मौके पर पुअनि दयानंद यादव, सुचित राणा, प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, केदार महतो, चुडामनी महतो, शहीद अहमद, दिलरुबा हुसैन, क्यूम अंसारी, हाजी शाकिर अहमद, बजरंग महतो, विजय महतो, बालकरण महतो, केदार केसरी, मनीष केसरी, शीला देवी, हाशिम अंसारी, रामबरन महतो, दिनेश केसरी, हेमंत केसरी, अख्तर हुसैन, दीपक केसरी, पंकज राज, रवि केसरी, गौरव राज, अब्दुल गफ्फार, सरफराज अंसारी, तस्लीम अंसारी, सुरेश महतो, कुलदीप तिवारी, यसीन अंसारी, सकिल अंसारी, तोफीक अंसारी, जंगल लोहरा, गिरधारी यादव, रणजीत सिंह, इकबाल अंसारी, शकील अंसारी, मनोज महतो, गुलरेज अंसारी, भोला केसरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पुलिया से टकराकर नीचे गिरी बाइक, तीन युवक हुए घायल

आजाद सिपाही संवाददाता




**लापुंग।** बाइक सवार तीन युवक रविवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। उनमें से दो की हालत गंभीर देख रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर जम्हार बाजार से लौट रहे थे। लोगों की मानें तो तीने शराब के नशे में धूत थे। मुरूप के समीप एक पुलिया से बाइक की टक्कर हो जानें से तीनों पुल के नीचे गिर गए। उनकी पहचान कर्रा के पलसा नमजन होरो, प्रकाश किंडो और लापुंग के सुशील बाड़ा के रूप में हुई है। उन्हें प्रमुख कंचन उरांव के सहयोग से 108 एंबुलेंस की मदद से लापुंग सामुदायिक स्वस्थ केंद्र पहुंचाया गया। युवकों के सिर और पैर में चोट आयी है। सूत्रों की मानें तो प्राथमिक उपचार के बाद प्रकाश किंडो व सुशील बाड़ा को बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।

# बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर जब्त किये मछली के अंडे और फेंसेडिल

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** दक्षिण बंगाल सीमांत अंतर्गत बीएसएफ की 05 बटालियन और 118 बटालियन के सतर्क जवानों ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर चार अलग-अलग घटनाओं में तस्करी के प्रयासों को विफल कर कुल 59 फिश पिन बॉल (मछली के अंडे) और 200 फेंसेडिल जब्त किया। तस्कर इन्हें बांग्लादेश ले जाने की कोशिश कर रहे थे। जिनका बाजार मूल्य 14 लाख 71 हजार 096 रुपये है। बीएसएफ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पहली घटना में रविवार को फिश पिन बॉल्स की संभावित तस्करी के प्रयास के बारे में विशेष जानकारी के आधार पर, डोबारपारा सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ 05 बटालियन के सतर्क जवानों ने कुछ बदमाशों को कुछ बैग हाथ में लेकर बीएसएफ डोमिनेशन रेखा को पार करने की कोशिश करते देखा। जवान उनकी ओर दौड़े लेकिन तस्कर अंधेरे और घनी वनस्पति का लाभ उठाकर भारत की ओर भागने में सफल रहे। जवानों ने आस-पास के इलाकों की तलाशी ली तो प्लास्टिक के नौ बैग मिले जिनमें 17 फिश पिन बॉल (बच्चे) थे। इसी तरह एक अन्य घटना में कुछ बदमाशों को देखा जो कुछ सामान सर पर लेकर नदी पार करने की कोशिश कर रहे थे। जवान उनकी ओर दौड़े लेकिन बदमाश भागने में सफल रहे, तलाशी के बाद जवानों को 13 प्लास्टिक बैग मिले जिनमें 25 फिश पिन बॉल (मछली के बच्चे) थे। तीसरी घटना में गुमटी सीमा चौकी पर तैनात 118 बटालियन बीएसएफ के जवान 17 फिश पिनबॉल से भरी 04 जूट की बोरियां जब्त की। वहीं, 118 बटालियन की सीमा चौकी सोलादाना के जवानों ने अपने जिम्मेदारी क्षेत्र से 200 फेंसेडिल बोतलें जब्त कीं।जब्त किए गए सामान को तदनुसार सीमा शुल्क कार्यालय हिंगलगंज और पुलिस स्टेशन गायघाटा को सौंप दिया गया है। वहीं, दक्षिण बंगाल सीमान्त के जनसंपर्क अधिकारी डीआइजी एके आर्य ने कहा कि बीएसएफ भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी को रोकने के लिए सख्त कदम उठा रही है। इसके चलते ऐसे अपराध में शामिल लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# ईद की खुशियों से पहले मौत ने दी दस्तक, सड़क दुर्घटना में मां-बेटी की मौत, पिता जख्मी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर में रविवार को भीषण सड़क दुर्घटना में मां-बेटी की मौत हो गयी, जबकि हादसे में पिता गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल का इलाज लोहरदगा सदर अस्पताल में चल रहा है। लोहरदगा सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर से मिली जानकारी के अनुसार मां-बाप और एक साल की बेटी ईद की खरीदारी कर लोहरदगा बाजार से वापस बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक एक ट्रक की चपेट में आ गयी।

**ईद की खुशियां मातम में तब्दील :** घर में ईद पर्व की तैयारी को लेकर खुशी का माहौल था। रविवार को शमशेर अपनी पत्नी और एक साल की बेटी को लेकर ईद पर्व को लेकर कपड़े और अन्य सामान की खरीदारी करने के लिए बाइक से लोहरदगा शहर गया था। बाजार में खरीदारी करने के बाद वह अपने परिवार के साथ वापस गांव लौट रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया।

**ट्रक की चपेट में आयी बाइक :** लोहरदगा-किस्को मुख्य पथ पर लिवेन्स अकादमी विद्यालय के समीप ट्रक ने तीनों को अपनी चपेट में ले लिया जिसमें शमशेर की पत्नी रूबीना परवीन और उसकी बेटी सुमैया परवीन की मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना में शमशेर अंसारी भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

**ट्रक ने मां-बेटी को कुचला :** जानकारी के अनुसार शमशेर लोहरदगा जिले के किस्को थाना क्षेत्र के हदय टोली गांव का रहने वाला है। अपनी आंखों के सामने पत्नी और बेटी को ट्रक के नीचे आकर दम तोड़ता देखकर वह चीत्कार मारकर रोने लगा। जब तक आसपास के लोग दौड़ कर पहुंच पाते, तब तक ट्रक मां-बेटी को टायर के नीचे कुचल चुका था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल शमशेर को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

**पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा :** घटना की पुष्टि लोहरदगा सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने की है। पुलिस ने मृत मां-बेटी की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा के सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। घटना के बाद परिवार के बाकी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## छतरपुर में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित, प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को दिया बूथ जीतने का मंत्र

# देश का विकास देख विरोधी परेशान, मोदी जी को रोकने का अपना रहे हैं हथकंडा : बाबूलाल

## केंद्र सरकार की योजनाओं से हर घर हुआ है लाभान्वित : रामचंद्र चंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** छतरपुर हाई स्कूल मैदान में भाजपा के छतरपुर विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना भेदभाव के सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ कार्य किया हैं। आज विकास को देख कर विरोधी पार्टियों के नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है। वे किसी भी तरीके से मोदी जी को रोकना चाहते है। उन्होंने कहा कि आज 10 वर्षों में गांव-गांव में बिजली पहुंची एवं सड़क बने जो कांग्रेस के 50 साल में नहीं हो पाया। आज देश में कोई बाहरी ताकते आख नहीं दिखा पाती है। इसका कारण मोदी का नेतृत्व है। उन्होंने कहा कि भाजपा के आने से लोगों में एक विश्वास जगी है। झारखंड की गठबंधन सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। वहीं, पलामू सांसद वीडी राम ने कहा कि आज युवाओं के साथ सभी के



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते बाबूलाल मरांडी। पास पैठे बीडी राम व अन्य।

बीच जाकर कार्यकर्ताओं को मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताना है। वहीं, विश्रामपुर के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी पार्टी के रीढ़ होते है। राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में राज्य में एक ईमानदार व्यवस्था बना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज 500 वर्ष पुराना लड़ाई जीते हैं प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राममंदिर का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि विरोधियों के पास कोई मुद्दा नहीं है। आज नरेंद्र मोदी जी द्वारा किये जा रहे कार्य से हर परिवार लाभान्वित है। इसलिए हर बूथ को मजबूत करना है। छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि मोदी जी के इस बार 400 पार के नारे को और आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि आज मोदी जी की देन है कि हमारी जैसी महिलाओं को सम्मान मिल रहा है। मौके पर प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, छतरपुर विधानसभा प्रभारी नरेंद्र पांडेय, विनोद सिंह, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, मोहन जायसवाल, सुभास मिश्रा, अरविंद सिंह, अशोक तिवारी आदि थे।

## सूखे खेत को सिचिंत करना प्राथमिकता : वीडी राम

### देवरी सोननदी पर पुल बनाने की होगी पहल

**हैदरनगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन हैदरनगर के हाइस्कूल मैदान में रविवार को हुआ। इसमें निवर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पद के अनुरुप जनता के लिए जो काम किया जाना चाहिए, उस पर खरा उतरने का प्रयास किया हूं। पलामू में केंद्र सरकार की विभिन्न उपलब्धियों को सामने रखते हुए कहा कि देवरी सोन नदी पर पुल, सोन, कोयल, ओरंगा नदी लिफ्ट इरिगेशन से विभिन्न जलाशयों में जल भंडारण करने और क्षेत्र की सूखी पड़ी खेती योग्य भूमि को सिंचित कराना ही प्राथमिकता है। चुनाव के बाद भाजपा सरकार अवश्य पूरा करेगी। साथ ही रेल यातायात से सबंधित विभिन्न



स्थानों से मिले प्रस्ताव को भी पूरा कराने का सार्थक प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र शिव और संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ अजय जयसवाल ने किया। कार्यक्रम को विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी, पूर्व सांसद घुरन राम, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रति उत्साहित किया। साथ ही वक्ताओं ने हुसैनाााद विधानसभा क्षेत्र के सात मंडलों से डेढ़ लाख से अधिक मतदान भाजपा के पक्ष में मतदान कराने का संकल्प लिया है।

## बाबूलाल मरांडी और वीडी राम का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के ऊंटारी रोड स्थित भाजपा कार्यालय में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व सांसद विष्णु दयाल राम को कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में हुसैनाबाद जाने के क्रम में उंटारी के कार्यकर्ताओं ने अपने नेताओं का स्वागत कर अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए मोदी सरकार की उपलब्धि को घर-घर जाकर बताने व मतदाताओं को जागरूक करने का संकल्प लिया। मौके पर मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि राजाराम मेहता, विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह, पूर्व प्रमुख रामसेवक राम, रघुवीर सिंह चंद्रवंशी, सुनील तिवारी, अरविंद मेहता, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा सिंह, अखिलेश दीक्षित, रामसुंदर विश्वकर्मा, दयाशंकर विश्वकर्मा, दिलीप सिंह सहित अन्य कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## हुसैनाबाद एसडीओ व एसडीपीओ ने किया कई बूथों का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पलामू डीसी शशिरंजन के निर्देश पर हुसैनाबाद क्षेत्र में बूथों का निरीक्षण व सुरक्षा को लेकर अभियान तेज कर दिया गया है। रविवार को हुसैनाबाद एसडीओ सह आईएएस पीयूष सिन्हा व एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने क्षेत्र के कई बूथों का निरीक्षण किया। साथ ही कई अतिसंवेदनशील बूथों की सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। इस क्रम में पदाधिकारियों ने कचरा, विश्वसिया, अमही, सीताचुआ, डंडिला, सड़ेया समेत दर्जनों बूथों



का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। एसडीओ ने ग्रामीणों से अपने-अपने मत का प्रयोग करने के लिये प्रेरित किया। साथ ही मतदान से जुड़े कई बिंदुओं से अवगत कराया। पदाधिकारियों ने कई जगहों पर गांव के युवाओं को भी इस संदर्भ में जानकारी दी। क्रिकेट खेल रहे युवाओं के साथ भी साझेदारी की। एसडीपीओ ने कहा कि सुरक्षा को लेकर सुरक्षा अभियान जारी है। हर बूथों पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था होगी। उन्होंने निर्भिक होकर मतदान करने की अपील की। पदाधिकारियों ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी। इसके पूर्व शनिवार की रात एसडीओ व एसडीपीओ ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इंटर स्टेट चेकनाका व जपला छतरपुर मुख्य पथ पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया था। इस दौरान पदाधिकारियों ने चार चक्का वाहन के डिक्की खुलवाकर व बाइक चालक के कागजात की जांच की। बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त संपन्न कराने को लेकर अभियान चल रहा है।

## शिव जी की भक्ति करने से बनेंगे रामजी की भक्ति के पात्र : मानस किंकर निर्जानंद शास्त्री

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मानस प्रचार समिति, मानस मंदिर, जगजीवन नगर में रविवार को 52वें रामचरित मानस अधिवेशन की 9 दिन की श्रृंखला में दूसरे दिन के परायण में रामजन्म का पाठ एवं जन्म का सोहर विंध्याचल से पधारे परायण देवी प्रसाद पांडे द्वारा गायन किया गया। संध्या में रामकथा मे काशी से पधारे विद्वान मानस किंकर निर्जानंद शास्त्री द्वारा प्रवचन हुआ। शास्त्री जी ने कहा कि शिव जी की भक्ति करने से सुख संपति समृद्धि और अनेक प्रकार कि शक्ति का उद्गम होता है। शिव के हृदय में राम और राम के हृदय में शिव विराजमान होते है। शिव जी की भक्ति करने से रामजी की भक्ति पात्र बनेगा। शिव विश्वास है पार्वती श्रद्धा हैं। मौके पर पीके मिश्र चीफ मैनेजर बीसीसीएल, विनोद कुमार, समरेंद्र सिंह, राजेश सिंह, कन्हाई भट्टाचार्य, शमशेर सिंह राठौर, सुशील सिंह, प्रदीप चौधरी मुक्तेश्वर महतो के अलावा कोयलांचल के दर्जनों लोगों ने परायण एवं कथा का लाभ लिया।

## नाबालिग बच्चे से करायी जा रही ट्रैक्टर पर मजदूरी

### अनियंत्रित होकर पलटा ईंट लदा ट्रैक्टर, बाल-बाल बचे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**नौडीहा बाजार/पलामू।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के रबदा ग्राम के कोरामी मोड के पास घुमावदार पर रविवार को एक बिना नंबर के ईट लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार ईंट लदा ट्रैक्टर गोपालापुर भट्ठा से ईंट लेकर नौडीहा बाजार की ओर जा रहा था तभी रबदा ग्राम के कोरामी मोड के घुमावदार के पास अचानक पलट गया। चालक व मजदूरों ने ट्रैक्टर से कूद कर अपनी जान बचाई। ट्रैक्टर पर सभी मजदूर 14 वर्ष से कम उम्र के थे। ट्रैक्टर के ट्रॉली में डॉन नाम का ईंट लदा हुआ था जो ट्रैक्टर पलटने के




बाद सड़क पर बिखर गया। ट्रैक्टर पलटने से सड़क के दोनों तरफ जाम लग गई। इसकी सूचना मिलते ही नौडीहा पुलिस के एएसआई टुनटुन कुमार घटना स्थल पर पहुंच गए। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को अपने कब्जे मे लेकर जाम को हटवाया। बतातें चलें कि नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के सड़कों पर बिना किसी रोक-टोक बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर-ट्रालिया दौड़ रही है। इन्हें अनौपचारिक रूप से भी नहीं रोका जाता। हैरत की बात है कि पुलिस द्वारा लगातार वाहन जांच अभियान चलाई जा रही है जिसमें टू व्हीलर व फोर व्हीलर वाहनों की जांच की जाती है। लेकिन इस तरफ किसी की नजर भी नहीं जाती है। ऐसे में बिना नंबर प्लेट का ट्रैक्टर अगर दुर्घटना कर भाग जाता तो उसे पकड़ना चुनौती होगा।

## अपराध की योजना बनाते युवक गिरफ्तार

**सिंदरी (आजाद सिपाही)। वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि झरिया थाना अंतर्गत नई दुनिया शिव मंदिर के पास कुछ युवक बाइक चोरी एवं छिनतई के लिए इकट्ठा हुए हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भूपेन्द्र प्रसाद राउत सिंदरी अनुमंडल के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया, जिसने छापामारी कर शातिर अपराधी सोनू कुमार उर्फ उर्फ ललकेशिया उर्फ बॉक्सर, को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि दो अन्य अपराधी भागने में सफल रह। उनके पास से 7.65 एमएम का पिस्टल एवं तीन जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर फरार साथी का पता लगाने में जुट गई है।**

## स्पोर्ट्स



मुंबई इंडियंस ने आइपीएल 2024 के इस सिजन में पहली जीत दर्ज की। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हरा दिया। मुंबई इंडियंस ने अपने बल्लेबाजी में 234 रन बनाए व दिल्ली को 205 रन के स्कोर पर रोक कर जीत दर्ज की।

# मुंबई इंडियंस ने चखा जीत का स्वाद, दिल्ली को 29 रन से हराया

**मुबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस (एमआइ) ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 (आइपीएल) में रविवार को पहली जीत हासिल की है। टीम ने मौजूदा सीजन के 20वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को 29 रन से हरा दिया। वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को डबल हेडर के पहले मुकाबले में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर



234 रन बनाए। जवाब में दिल्ली 20 ओवर में 8 विकेट पर 205 रन ही बना सकी। मुंबई की पारी के आखिरी ओवर में 32 रन बने। रोमारियो शेफर्ड ने एनरिक नॉर्त्या की सभी 6 बॉल पर बाउंड्री जमाई। इनमें 4 छक्के और 2 चौके शामिल रहे। शेफर्ड ने 10 बॉल पर 39 और टिम डेविड ने 21 बॉल पर 45 रन बनाए। दोनों ने 53 रन की नाबाद साझेदारी की। रोहित शर्मा ने 49 और ईशान किशन ने 42 रन बनाए। कप्तान हार्दिक पंड्या ने 33 बॉल पर 39 रन बनाए। अक्षर पटेल ने दो विकेट लिए।

### आखिरी पांच ओवर में मुंबई ने बनाये 96 रन

बतातें चलें कि आखिरी पांच ओवर में मुंबई ने 96 रन बनाए। रोमारियो शेफर्ड ने एनरिक नॉर्त्जे के 20वें ओवर में 32 रन बनाए थे जो दिल्ली के लिए हार का कारण बना। 235 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा कर रही दिल्ली की टीम 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 205 रन ही बना सकी। 19वें ओवर तक दिल्ली ने 201 रन बनाए थे, जबकि मुंबई ने 202 रन बनाए थे। शेफर्ड का 32 रन निर्णायक साबित हुआ। पांच मैचों में चौथी हार के साथ दिल्ली की टीम अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर लुढ़क गई है। वहीं, लगातार तीन मैच हारने के बाद पहली जीत दर्ज कर मुंबई की टीम आठवें स्थान पर पहुंच गई है।

दिल्ली का अगला मैच 12 अप्रैल को लखनऊ सुपर जाएंट्स से इकाना में है। वहीं, मुंबई की टीम 11 अप्रैल को वानखेड़े में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पंचायत सहायक संघ के सदस्यों ने विधायक शशिभूषण का जताया आभार



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड के पंचायत सहायक संघ द्वारा क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता को संघ के सभी सदस्यों ने बुक्के देकर एवं शॉल ओढ़ाकर आभार व्यक्त किया गया। गौरतलब है कि पांकी प्रखंड के पंचायत सहायक संघ सदस्यों ने विगत दिन मानदेय संबंधित एवं विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा था। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने पंचायत सहायक संघ के मांगों को धयान में रखते हुए पिछले विधानसभा के सत्र में सरकार को ध्यान आकृष्ट कराया था। राज्य सरकार ने गंभीरता पूर्वक तत्काल संज्ञान लेते हुए 2500 मानदेय लागू किया और पंचायत स्वयंसेवक के जगह पंचायत सहायक का नाम दर्जा दिया गया। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने सहायक संघ के सदस्यों को आश्वासन देते हुए कहा कि आपलोग के हर समस्या में हमेशा सहयोग के लिए साथ रहूंगा। मौके पर प्रो बचन ठाकुर, कमेश यादव, अधिवक्ता लाला यादव,सुधीर तिवारी,अखिलेश चंदेवंशी, अजय उरांव, अनुज चंद्रवंशी, नवीन कुमार आदि उपस्थित थे।

### हिंदूवादी संगठनों ने मनाया शहादत दिवस, छोटू व विनोद को किया नमन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** हिंदूवादी संगठन ने पूण्य तिथि पर छोटू साव व बिनोद यादव को श्रद्धांजलि दी। हिंदूवादी संगठनों ने दोनों की पुण्य तिथि को शाहदत दिवस के रूप में मनाया। उल्लेखनीय है कि सात अप्रैल 2006 को रामनवमी जुलूस के दौरान हुई पुलिस फायरिंग में छोटू साव व बिनोद यादव की मौत हो गयी थी। तब से हिंदूवादी संगठन प्रत्येक वर्ष सात अप्रैल को शहादत दिवस के रूप में मनाते है। इसके अलावा श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन करते है। रविवार को हिंदूवादी संगठनो ने विश्रामपुर वर मुहल्ला स्थित छोटू चौक के पास श्रद्धांजलि सभा की, जिसमें हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं के अलावा स्थानीय लोगों ने भी छोटू व बिनोद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। छोटू व बिनोद के सम्मान में लोगो ने 2 मिनट का मौन भी रखा। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता बजरंग दल के संयोजक मोनू गुप्ता व संचालन पंकज कुमार लाल ने किया। मौके पर पुष्प रंजन मेहता,राजकुमार मेहता सुरेश ठाकुर,अमित गुप्ता,शशि ठाकुर,स्व छोटू साह के पिता राजू साह,खुटुल ठाकुर,सुरेंद्र मेहता,कृष्णा केशरी,प्रदीप बिश्वकर्मा,शिंकू जी,सत्यनरायण सोनी रामनावमी पूजा समिति अध्यक्ष मुनु कुमार,कन्हाई मेहता आदि थे।

### पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में शामिल हुए एसएसपी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के गोविंदपुर थाना अन्तर्गत भूईफोर के समीप अपनो घर में वरीय पुलिस अधीक्षक एसएसपी के नेतृत्व में पुलिस की पाठशाला जागरूकता अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी और गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद आदि शामिल हुए। जिसमें विषेश रुप से चुनाव को लेकर लोगों में जागरूक करने का प्रयास किया गया। बताया गया कि मतदान आपका अधिकार और कर्तव्य है इसको समझे और वोट प्रतिसत को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाए। वहीं, सिटी एसपी कपिल चौधरी ने साइबर क्राइम को लेकर बताया कि लोग जितना हो सके अननोन कॉल को रिसीव करने से बचे । क्योंकि कॉल रिसीव करने के बाद आप कुछ ना कुछ बता देते है जिससे आपका अकाउंट हैक हो जाता है। वही एसएसपी एचपी जनार्दनन ने लोगो से अपील की है की क्राइम के प्रति पूरी सचेत रहें और कही पर कुछ संदिग्ध पता चले तो अपने कर्तव्य को समझे और पुलिस को सूचित करें।

### बोकारो क्रिकेट प्रीमियर लीग का हुआ आयोजन, मीडिया एकादश रहा विजयी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग के तहत लगातार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को मतदाता जागरूकता/मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सेक्टर 04 स्थित क्रिकेट स्टेडियम में बोकारो क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। पहला मैच जिला प्रशासन (डीईओ एकादश) बनाम बीएसएल प्रबंधन (डीआइ एकादश)* के बीच खेला गया। जिसमें डीआइ एकादश ने 10 ओवर में 89 रन बनाया। वहीं, डीईओ एकादश ने 57 रन बनाया। पहले मैच में डीआइ एकादश 32 रन से विजयी रही। इस अवसर पर बीएसएल अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद,सीजीएम पी एंड ए हरी मोहन झा,अविनाश कुमार,स्वीप कोषांग के प्रभारी/सहयोगी पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय,हेमलता बुन, प्रियंका कुमारी,अविनाश कुमार सिंह,शक्ति कुमार, पंकज दुबे,शुभांकर,विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

### विपक्ष को प्रत्याशी घोषित करने में लग रहा है समय, अभी से ही होने लगी है घबराहट : रागिनी सिंह

# ओबीसी समाज के लिए जो काम 70 साल में नहीं हुआ, उसे मोदी सरकार ने किया : ढुल्लू

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार/झरिया।** धनबाद लोकसभा केंद्र से ढुल्लू महतो को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद से उन्हें जीताने के लिए भाजपाई रणनीति के तरह काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा धनबाद नगर की ओर से लालबाजार स्थित श्री श्याम प्रभु भवन में समाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें ढुल्लू महतो के अलावा भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह व ओबीसी के नेता शामिल हुए। सामाजिक सम्मेलन में प्रत्याशी ढुल्लू महतो और भाजपा नेत्री रागिनी सिंह को अंगवस्त्र और माला पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर ढुल्लू महतो ने कहा कि जो कार्य 70 वर्षी में नहीं हुआ उसे केंद्र की मोदी सरकार ने इन 10 वर्षों ने कर दिखाया है। इस लिए फिर से नरेंद्र मोदी को ही प्रधानमंत्री बनाना है। कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी लेनी है। लोगों तक सरकार की योजना को पहुंचना है। वहीं, रागिनी सिंह ने कहा कि विपक्ष को प्रत्याशी घोषित करने में कितना समय लग रहा है। अभी से ही डर और घबराहट होने लगी है। भाजपा के सामने किसे खड़ा करे यही सोच नहीं पा रही है। विश्व में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो अपने हर एक कार्यकर्ता का सम्मान करती है। यही कारण है कि भाजपा का हर कार्यकर्ता एक सूत्र के बंधन में बंधा हुआ है। कांग्रेस ने देश में 70 सालों तक राज किया। जो काम उन्होंने 70 वर्षों में नहीं किया उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों में कर दिखाया। भाजपा ही एक ऐसा पार्टी है जो सभी दलों से हटकर राजनीतिक करती है। अयोध्या में प्रभु श्री रामलला जी का भव्य मंदिर, कश्मीर में 370 हटाना इसका उदाहरण है। विरोधियों को कुछ समझ में नहीं आ रहा हैं कैसे विरोध करेंगे। जनता के बीच कैसे जाएं। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा शैलेश सिंह चंद्रवंशी ने की। मौके पर ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव भी उपस्थित थे।



लोगों के बीच जन संवाद करते धनबाद लोकसभा केंद्र के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो। साथ में रागिनी सिंह व अन्य।

## बरवाअड्डा कृषि बाजार समिति में लगी आग, आठ गाड़ियां जलीं



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत कृषि बाजार समिति में लगी भीषण आग की चपेट में आकर आठ गाड़ियों जलकर खाक हो गई। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया गया। बतातें चलें कि बरवाअड्डा के कृषि बाजार में रविवार को भीषण आग लग गई। जिससे अफरा तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली की लोगों को काबू कर पाना मुश्किल हो गया। बाद में इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल के इंजनों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। तब तक आठ गाड़ियां जल चुकी थी। पता चला है कि जल में गलने वाली गाड़ियां बरवाअड्डा पुलिस द्वारा जब्त की गई। फिलहाल आग लगने के कारण पता नहीं चल पाया है। लेकिन मतगणना स्थल के कुछ ही दूरी पर आग की घटना से कई सवाल खड़े हो रहे है। अब जांच के बाद ही पता चलेगा की आग लगने का कारण क्या है।

## डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, छह घायल



**पुटकी (आजाद सिपाही)।** धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर पुटकी के परसिया में तेज गति से गुजर रही कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार की रफ्तार इतनी तेज थी की सड़क किनारे खडे एक गैराज के समीप एक अन्य कार को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। इसकी जानकारी मिलते ही पुटकी पुलिस घटनास्थल पहुंच गई और घायलों को इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच भेजा गया।

## प्रशिक्षुओं को हरियाणा की कंपनी में मिली नियुक्ति



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित टुंडी बाजार में चल रहे झारखंड कौशल विकास योजना अंतर्गत (बिरसा योजना) केंद्र में सहायक इलेक्ट्रीशियन एवं स्व-रोजगार टेलर में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षुओं को रोजगार दिलवाया गया। सहायक इलेक्ट्रीशियन के प्रशिक्षुओं को हरियाणा की एक कंपनी में 19500 रुपये मासिक और स्व-रोजगार टेलर के प्रशिक्षुओं को आर्मस्ट्रांग बुनाई मील त्रिपुर में 9500 रुपये मासिक वेतन के आधार रोजगार दिलाया गया। केंद्र पदाधिकारी रवींद्र नाथ पंडित, धर्मेंद्र कुमार एवं उनके स्टाफ पल्लवी सिंह, स्नेहा मिश्रा, आरती महतो, मनीष तिवारी, सोनी विश्वकर्मा आदि की ओर से प्रशिक्षुओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्हें बधाई भी दी और सभी उम्मीदवारों को कंपनी स्थान तक सकुशल पहुंचाया गया।

## बोकारो में धूमधाम से मना सरहुल बाहा उत्सव



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जैना पंचायत अंतर्गत पुनर्वास क्षेत्र कंचनपुर जाहेर गढ़ में सरहुल बाहा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मांझी हड़ाम बसंत नारायण मांझी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जदयू जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो ने किया। उन्होंने कहा कि सरहुल आदिवासियों का प्रमुख पर्व है। प्रकृति से जुड़ा यह पर्व हर आदिवासी गांव में धूमधाम से मनाई जाती है। मौके पर नायके आनंद मराण्डी, फागु मांझी, शिकारी मांझी, मदन मांझी, फुलेश्वर मांझी, बलदेव प्रसाद मांझी, लक्ष्मी कांत मरांडी, सुखराम मांझी, जगन मांझी, कामेश्वर, गोविंद मांझी, रामेश्वर मांझी, शंकर मराण्डी, बबलू मरांडी, जगन महतो, सर्वेश्वर महतो, लोचन महतो, बैजनाथ जायसवाल, आनंद जायसवाल, दिनेश महतो, किशोर, गणेश प्रजापति, भारती देवी, फूलकुमारी देवी, राधिका कुमारीं, प्रभा कुमारीं, लता कुमारीं, सीमा कुमारीं, गायित्री, शकुंतला देवी, जानकी देवी बॉबी मांझी, निर्मल मरांडी, पप्पू, धर्मेंद्र, मैना देवी, नीलमणि देवी आदि थीं।

# लोकतंत्र बचाने के लिए आइएनडीआइ गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत बेहद जरूरी : मथुरा महतो

**गिरीडीह लोकसभा केंद्र के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने किया जनसंपर्क**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** गिरिडीह लोकसभा केंद्र के आइएनडीआइए गठबंधन की घटक झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने रविवार को बाघमारा विधानसभा अंतर्गत गजलीटांड में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इश दौरान आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए मथुरा महतो ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्यासियों को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनायें। साथ ही इस क्षेत्र को वर्तमान सांसद की उपेक्षा के दंश से मुक्ति दिलाएं। अपील है कि मुझे वोट देकर जीत दिलाएं। अगर जनता हमें वोट देकर जीताती है तो मैं उनकी आवाज को दिल्ली तक पहुंचाउंगा। लोगों के दुख सुख में हमेशा शामिल रहूंगा। मौके पर डुगरण सिंह, अजय सिंह, मंटू सिंह, छोटू सिंह, माधो सिंह, प्रदीप पांडेय, अवध बिहारी सिंह, राजेंद्र भुइया, नरेश हाड़ी, गंगा भुइया, बलराम भुइया, योगेंद्र रजक, सलीम अंसारी, घंटु त्रिगुणायत, टिंकू अंसारी, राजेंद्र प्रसाद राजा, भोला भुइया, जितेंद्र सिंह आदि थे।



## डीजे बजाने पर रोक, पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई : धीरज कुमार

**ईद व रामनवमी त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** ईद व रामनवमी त्योहार को लेकर महुदा थाना परिसर में रविवार को शांति समिति कि बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार और संचालन पत्रकार अजय तिवारी ने किया। बैठक में ईद उल फितर व रामनवमी त्योहार को शांति के साथ मनाने को लेकर चर्चा की गई। उपस्थिति लोगों ने पर्व के दौरान शराब पर पाबंदी रखने का आग्रह पुलिस प्रशासन से किया। इस पर थाना प्रभारी धीरज कुमार ने कहा इस पर पुलिस द्वारा पैनी नजर रखा जायेगा। आप सभी आसामाजिक तथ्यों पर नजर रखे और सूचना समय पर पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि दोनों त्योहार शांति और सौहार्द से मनायें। किसी व्यक्ति द्वारा ऐसा किसी तरह का अफवाह नहीं फैलायें, जिससे किसी समुदाय को ठेस पहुंचे। प्रशासन सभी पहलुओं पर ध्यान रखेंगी। अफवाह फैलाने वाले को किसी भी परिस्थिति में छोड़ा नहीं जायेगा। साथ ही डीजे बजाने पर पूरी तरह से मनाही हैं। अगर इसकी सूचना मिलेगी तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक में पदुगोड़ा मुखिया महेश पटवारी, बदरुद्दीन अंसारी, सूर्यकांत महतो, पंसस समिति सदस्य अजय दास एवं शांति समिति के तमाम सदस्य आदि शामिल थे।



## रामनवमी व ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**केंदुआ (आजाद सिपाही)।** केंदुआडीह थाना परिसर में रामनवमी व ईद पर्व को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरिक्षण सह थाना प्रभारी आरएन ठाकुर ने किया। वहीं, केंदुआडीह थाना क्षेत्र के दर्जनों रामनवमी अखड़ा के सदस्य बैठक में पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। वहीं, सभी बातों को ध्यान में रखते हुए कहा कि शंतिपूर्ण एवं खुशनुमा माहौल में त्योहार मनायें। अगवाहों पर ध्यान नहीं दे। अगर किसी भी अनहोनी की आशंका हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि अनहोनी को रोका जा सके। मौके पर शांति समिति के रामगोपाल भुवानिया, हरिप्रसाद पप्पू, चंद्रदेव यादव, गीता सिंह, मनोज राय, दीनानाथ गुप्ता, अशोक राम, भूषण महतो, महादेव हसदा, राजू दास, राज कुमार रजवार, मनुअर हुसैन, मोहम्मद राजन, चेंबर ऑफ कॉमर्स केंदुआ बाजार के राजेश गुप्ता, राजीव झा, गोविंद रावत, राजा चौरसिया, कुणाल सिंह, संजय वर्मा, दीनानाथ ठाकुर, डॉ रामचंद्र सिकदर, डीसी रजक, केंदुआ थाना से अभिमन्यु सिंह, कुंदन सिंह, रघुनाथ मिंज आदि ने भाग लिया।



### अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ गिरिडीह में आप का सामूहिक उपवास

# विपक्षी पार्टियों का गला घोंटना चाहती है केंद्र की मोदी सरकार: कृष्ण मुरारी शर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** केंद्र की मोदी सरकार विछले 10 साल से विपक्ष को दबाने का प्रयास कर रही है। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कही। वे रविवार पत्रकारों से बातें कर रहे थे। वे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के प्रतिवाद में गिरिडीह में पार्टी के जिला कार्यालय में सामूहिक उपवास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थ यात्रा, सड़क दुघर्टना में घायल लोगों के मुफ्त इलाज के लिए फरिश्ते योजना जैसी जनहित योजनाओं का भाजपा के पास कोई जवाब नहीं है। केंद्र सरकार के पास 10 सालों के शासन का हिसाब नहीं है। इसलिए विपक्ष के नेताओं को केंद्रीय जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर जेल में डाला जा रहा है। ताकि लोकसभा चुनाव में वो इनकी नाकामियों को कोई उजागर नहीं कर पाये। कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि जो कानून आतंकवादियों के लिए बनाया गया था जिसमें बेल का प्रावधान नहीं था, उस कानून का विपक्ष के ईमानदार नेताओं पर इस्तेमाल किया जा रहा है। जनता सब देख रही है। वहीं, आप के युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि भाजपा देश में तानाशाही राज स्थापित करना चाहती है। यह देश की जनता कभी होने नहीं देगी। जिला उपाध्यक्ष रोजन अंसारी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने देश को विकास का एक मॉडल दिया है और तानाशाह सरकार ने उनको जेल में डाल दिया है। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौरी शंकर यादव ने कहा कि मोदी सरकार ईडी और सीबीआई का गलत इस्तेमाल कर रही है। देवरी प्रखण्ड अध्यक्ष कासिम अंसारी ने कहा कि इलेक्ट्रॉल बांड भारत का सबसे बड़ा घोटाला है। तिसरी प्रखंड अध्यक्ष राजू मंडल ने कहा कि विपक्ष के मुख्यमंत्रियों को जेल में डालना तानाशाही है। बेंगाबाद प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश टुडू ने कहा कि तानाशाही और जेल का जवाब जनता वोट से देगी। कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष मो कबीर, गिरिडीह विधानसभा उपाध्यक्ष मुर्शीद मिर्जा, फुटपाथ नेता सोहराब रैन, मो शम्स, राहुल शर्मा, परवेज आलम, तिसरी प्रखंड किसान मोर्चा के अध्यक्ष विनोद राय, असगर अंसारी, इम्तियाज अंसारी, नरेश कुमार और पंकज आदि मौजूद थे।



गिरिडीह में सामूहिक उवपास में बैठे आप के नेता-कार्यकर्ता।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पुटकी पहुंचे ढुल्लू महतो, किया जनसंपर्क



**पुटकी (आजाद सिपाही)।** धनबाद लोकसभा के भाजपा के प्रत्याशी सह बाघमारा विधायक ढुल्लू माहतो रविवार को पुटकी पहुंचे। बैंक ऑफ इंडिया के बगल में पहुंचे माधव झा से फूल माला पहना कर स्वागत किया। वहीं, पुटकी बाजार, मुनिडीह बाजार, करकेंद आदि जगहों से लोग पहुंचे थे। सभी लोगों से ढुल्लू महतो ने मुलाकात कर कहा कि मुझे इस बार भाजपा से धनबाद लोकसभा केंद्र से प्रत्यासी बनाया है। मुझ पर प्रधानमंत्री मोदी जी ने जो विश्वास दिखाया है उस पर लोगों की मदद से खरा उतरने की कोशिश करूंगा। कहा कि मैं विधायक रहते जहां भी जरूरत हुई लोगों की मदद करने पहुंचा। सांसद बनने के बाद धनबाद की जनसमस्या को दूर करूंगा। मौके पर मुकेश झा, मीडिया प्रभारी महेश पासवान, पूर्व पार्षद जयराम दास, भाजपा नेता रघुवंश सिंह, आनंद चौधरी, मनीलाल माहतो, अजय साव, सुबोध झा, जितेंद्र यादव, द्वारिका शर्मा, संदीप कुमार, दिवाकर सोनी, भुटका यादव, दीपक सिंह चौधरी, चंदन सोनकर आदि उपस्थित थे।

### भाजपा की नीतियों से गरीब परेशान : राजेश यादव



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** भाकपा-माले का कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में चुनावी जन संपर्क अभियान जारी है। गांडेय प्रखंड सचिव मेहताब अली मिर्जा, माले जिला कमेटी सदस्य संजय चौधरी और छोटेलाल यादव की अगुवाई में गांडेय प्रखंड के लहरगोड़ा, गिरिडीह प्रखंड के बेरदोंगा और बेंगाबाद प्रखंड के कोल्हरिया में रविवार को जन संपर्क अभियान चलाकर लोगों से आइएनडीआइए प्रत्याशी भाकपा माले के कॉमरेड विनोद सिंह को जिताने की अपील की गई। माले नेता राजेश यादव ने कहा कि भाजपा कंपनियों से चंदा लेकर उन्हें जल-जंगल-जमीन से लेकर देश की सार्वजनिक संपत्तियां तक सौंप रही है। उन्हें लूट की खुली छूट दे दी गई है। इससे देश बर्बाद हो रहा है। युवाओं को रोजगार नहीं मिला। किसान-मजदूर का अधिकार छीना गया। भाजपा की नीतियों से गरीब परेशान हैं। ऐसे में लोगों को एकजुट होकर भाजपा को हराना होगा। राजेश यादव ने लोगों से विनोद सिंह को जिताने और चुनाव संघर्ष में सहयोग देने की अपील की। मौजूद लोगों ने अपना मत और चुनावी कोष में प्रति परिवार 20 रुपये सहयोग देने का एलान किया। मौके पर जीवन हेंब्रम, जोगो हेंब्रम, बड़कू, राजेश हेंब्रम, संजय हेंब्रम, रमेश हेंब्रम, सुरेश हेंब्रम, अजीत हेंब्रम, हीरो हेंब्रम, चुड़का हेंब्रम, लोबिन हेंब्रम, मुंशी हेंब्रम, हेमलाल हेंब्रम, सुनील हेंब्रम, बड़की देवी, संझली देवी और अनिता देवी सहित अन्य मौजूद थे।

### सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन और सोशल मीडिया पर चुनाव से संबंधित पोस्ट, सूचनाओं पर नजर रखने के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन के निर्देश पर पुलिस ने मीडिया सेल का गठन किया है। इसे लेकर पुलिस केंद्र में डीएसपी मुख्यालय-2 संदीप कुमार गुप्ता और डीएसपी अर्चना खलखो ने सोशल मीडिया मॉनिटरिंग से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। इसमें धनबाद जिले के सभी थानों में नामित मीडिया सेल के नोडल पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। डीएसपी (मुख्यालय 2) ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर निगरानी रखना है। पुलिस की टीम सोशल मीडिया पर किसी पार्टी, प्रत्याशी अथवा राजनीतिक दल के सदस्यों से सम्बंधित वैसे पोस्ट अथवा कंटेंट को चिन्हित करेगी जिससे एमसीसी के निदेशों का उल्लंघन होता हो। कहा कि वैसे लोगों के खिलाफ विधि अनुसार कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सोशल मीडिया पर किसी धर्म, समाज अथवा समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई होगी।

### चिरकुंडा में पेयजलापूर्ति ठप, लोग परेशान

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा शहरी जलापूर्ति योजना के डीवीसी मैथन स्थित बिजली में गड़बड़ी के चलते चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में पेयजलापूर्ति रविवार सुबह से ही ठप पड़ी है। जिस कारन क्षेत्र के लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद के विभिन्न वार्डो के करीब 50 हजार की आबादी पानी नहीं मिलने से प्रभावित है। इस संबंध में चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान व सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने बताया कि डीवीसी मैथन में बिजली में गड़बड़ी हो जाने के कारन शहरी जलापूर्ति योजना के मुख्य पाइप में पानी नहीं चढ़ पाया जिस कारन रविवार की सुबह से ही चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में पानी नहीं चल पाया है। डीवीसी मरम्मती कार्य कर रही है। सोमवार से पेयजलापूर्ति सामान्य हो जाएगी।

### जाहेर गढ़ बांधडीह में धूमधाम से मना बाहा पर्व

**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत बांधडीह स्थित दक्षिणी पंचायत स्थित कोचागोड़ा के जाहेरगढ़ में आदिवासी समाज की ओर से धूमधाम से बाहा पर्व मनाया गया। जिसका उद्घाटन झामुमो के जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी ने किया। बाहा पर्व स्थल पर महिला - पुरूषों ने संथाली लोकगीत गाते हुए नृत्य कर लोगों का मन मोह लिया। वहीं, हीरालाल मांझी ने कहा कि यह पर्व आदिवासी समाज के संस्कृति की धरोहर एवं समाज की पहचान है। इस तरह के आयोजन से समाज में सम्भाव की भावनाओं का संचार होता है। समाज के लोगों के बीच आपसी सहयोग की भावना बढ़ती है और संगठन को मजबूती मिलती है। वहीं, जयपुर व बंगाल से आये कलाकारों ने गीत गाकर लोंगों को झुमने पर मजबूर कर दिया। रामेश्वर मूर्मू और गायिका मिस पार्वती ने अपनी गायकी से धूम मचा दी। मौके पर झामुमो की जिला महिला उपाध्यक्ष अंबिका देवी, महेश सोरेन, संतोष कुमार सोरेन, श्याम लाल मरांडी आदि थे।

## न्यूज रील्स

### बीजेडी में शामिल हुईं लेखाश्री सामंतसिंहार



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** लेखाश्री सामंतसिंहार बीजेडी में शामिल हो गये। शंख भवन जाकर वे बीजेडी से जुड़ गये। उन्होंने रविवार सुबह बीजेपी छोड़ दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे पत्र की सूचना दी। बीजू जनता दल (बीजेडी) में शामिल होने के बाद लेखाश्री ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि मैं खुले दिल से बीजेडी में शामिल हुई। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का आभारी हूं। मुख्यमंत्री ओड़िशा के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

### 54 साल बाद लगेगा दुर्लभ सूर्य ग्रहण आज

**नयी दिल्ली।** 8 अप्रैल को चैत्र मास की अमावस्या के दिन लगने जा रहा साल का पहला सूर्यग्रहण बहुत ही अहम माना जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र में भी सूर्य ग्रहण बहुत ही खास माना जाता है और लोगों के जीवन पूरी तरह से प्रभाव भी डालता है. सूर्य ग्रहण एक खगोलीय घटना है। जब सूरज और पृथ्वी के बीच चंद्रमा आ जाता है जब सूर्य ग्रहण लगता है। वैज्ञानिकों की मानें तो, 8 अप्रैल को लगने जा रहा है पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा जो 54 साल में सबसे लंबा पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा। चलिए जानते हैं कि, आखिर क्या होता है पूर्ण सूर्य ग्रहण और ये सूर्य ग्रहण बहुत खास माना जा रहा है। 8 अप्रैल, सोमवार को साल 2024 का पहला सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। यह ग्रहण 8 अप्रैल को रात 9 बजकर 12 मिनट पर शुरू हो जायेगा और इसका समापन रात 2 बजकर 22 मिनट पर होगा। इस सूर्यग्रहण का मध्य समय रात 11 बजकर 47 मिनट पर होगा। यह पूर्ण सूर्यग्रहण होगा। सूर्य ग्रहण की अवधि 05 घंटे 10 मिनट की होगी।

# भारत तीसरी सबसे बड़ी स्टार्ट-अप अर्थव्यवस्था बन गया है: ओंकार

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** दो दिवसीय ई-शिखर सम्मेलन शनिवार को सेंटर फॉर एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) में शुरू हुआ, जो सोआ के अटल इन्क्यूबेशन सेंटर, सोआ फाउंडेशन और सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन (सोआ-सीआइआइ) की संयुक्त पहल है।

विद्यार्थियों को स्टार्टअप के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में स्टार्टअप ओड़िशा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ ओंकार रॉय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने सुझाव दिया कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनना चाहिए और खुद को नियोक्ता के रूप में विकसित करना चाहिए। इसके लिए उन्होंने बताया कि कैसे छात्र कम पूंजी निवेश करके अपने स्टार्टअप को अधिक लाभदायक बना सकते हैं जबकि स्टार्टअप कई अवसर पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि सोआ जैसे शैक्षणिक संस्थान ओड़िशा में इन्क्यूबेशन सेंटरों को अधिक महत्व दे रहे हैं।

यह कहते हुए कि भारत ने अब खुद को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी स्टार्टअप अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित कर लिया है, डॉ रॉय ने कहा कि ओड़िशा में 1940 मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं, कृषि में 151, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में 25, ऑटोमोटिव में 27, दूरसंचार और नेटवर्किंग में 13, शिक्षा में 133, पारंपरिक ऊर्जा में 2 और नवीकरणीय ऊर्जा में 22 स्टार्टअप आए हैं। उन्होंने कहा इस अवसर पर, सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप्त कुमार नंद ने कहा कि इस तरह का ई-शिखर सम्मेलन पहली बार आयोजित किया जा रहा है और अटल इन्क्यूबेशन सेंटर जल्द ही अपनी उपस्थिति का विस्तार करेगा। उन्होंने कहा कि न केवल इंजीनियरिंग बल्कि विभिन्न पाठ्यक्रमों में नवाचार पर भी जोर दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सोआ की दो परियोजनाओं की हाल ही में आईआईटी हैदराबाद द्वारा सराहना की गयी, एक कृषि में और दूसरी दंत चिकित्सा विज्ञान में। इस अवसर पर केन्स सेमीकॉन के सीईओ रघु पानीकर ने सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया और छात्रों को स्टार्टअप के बारे में अधिक जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में आईटीईआर की अतिरिक्त डीन (छात्र मामले) प्रो रेणु शर्मा ने स्वागत भाषण दिया और सोआ-सीआईआई के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# कार्यकर्ताओं को लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने दिये टिप्स



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार।** कोडरमा लोकसभा में सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व करने का मौका भाजपा को मिला है और इस बार 2024 में भी मिलेगा। उक्त बातें पूर्व आइजी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने रविवार बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं से कहीं। श्री सिंह ने मोदी मिशन अबकी बार चार सौ पार मिशन पर कार्यकर्ताओं को काम करने के लिए उत्साहित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कई प्रकार के टिप्स भी दिये। उन्होंने कार्यकर्ताओं को गांव-गांव घर-घर पहुंच कर अंतिम व्यक्ति तक केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताने के लिए जानकार दी। इस मौके कई कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया जिसे श्री सिंह कुछ समस्या हल किया और कुछ को हल करने का भरोसा दिया। उन्होंने लोगों से भाजपा की प्रचंड जीत के लिए आम जनों से भाजपा की पक्ष में वोट करने की अपील की। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अशोक राय, पवन सिंह, रामस्वरूप सिह, उदय सिंह और विनय कुमार सिंह आदि कई लोग शामिल थे।

### अग्निबाण रॉकेट लांचिंग की तीसरी कोशिश भी नाकाम

**श्रीहरिकोटा (आजाद सिपाही)।** चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने अग्निबाण रॉकेट के प्रक्षेपण को रद्द कर दिया। यह प्रक्षेपण उड़ान भरने से लगभग 92 सेकंड पहले रद्द किया गया। इसके पीछे अग्निकुल कॉसमॉस ने तकनीक खामियों का हवाला दिया है। बता दें कि अग्निबाण एक सेमी क्रायोजेनिक रॉकेट है और 22 मार्च से अब तक इसके परीक्षण का यह तीसरा प्रयास था। यह परीक्षण उड़ान श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में अग्निकुल लॉन्च पैड पर आयोजित होने वाला था। इससे पहले शनिवार सुबह 7.45 बजे भी प्रक्षेपण की कोशिश की गयी थी। यह दूसरा प्रयास था और यह भी सफल नहीं हो पाया था। इसके बाद रविवार को सुबह 5.30 बजे पलॉन्चिंग का समय निर्धारित किया गया था लेकिन इसे भी सुबह 7.45 बजे के लिए टाल दिया गया। आईआईटी चेन्नई इनक्यूबेटेड स्टार्ट-अप का कहना है कि अग्निबाण के प्रक्षेपण को उड़ान के 92 सेकंड पर रद्द कर दिया गया।

# एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2025 में कैप्टिव खदानों से 40 एमएमटी कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा

**महत्वाकांक्षी लक्ष्य एनटीपीसी को पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कैप्टिव कोयला उत्पादन में 17% की महत्वपूर्ण वृद्धि हासिल करने में मदद करेगा।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारत की अग्रणी एकीकृत बिजली कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2025 के लिए अपनी कैप्टिव खदानों से 40 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है। महत्वाकांक्षी लक्ष्य एनटीपीसी को पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कैप्टिव कोयला उत्पादन में 17% की महत्वपूर्ण वृद्धि हासिल करने में मदद करेगा। इससे वित्त वर्ष 2025 में कैप्टिव खदानों के माध्यम से कोयले की 15% से अधिक आवश्यकता पूरी हो जायेगी, जिससे बिजली प्रमुख के लिए ईंधन सुरक्षा मजबूत होगी।

कंपनी ने 31 मार्च 2024 के अंत तक 34.15 एमएमटी का प्रभावशाली कोयला प्रेषण हासिल किया और कोयला उत्पादन 34.38 एमएमटी रहा।

यह उत्कृष्ट प्रदर्शन एनटीपीसी की अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कुशल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# संबलपुर लोकसभा क्षेत्र में धर्मेंद्र प्रधान का जोरदार प्रचार अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** संबलपुर से बीजेपी लोकसभा उम्मीदवार धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को देवगड विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने बीजेपी कार्यालय में संगठनात्मक बैठक में शामिल होने के मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक के बाद वह बीजेपी कार्यालय से निकले और हजारों कार्यकर्ताओं के साथ बाइक रैली निकाली। यह बाइक रैली शहर का भ्रमण करते हुए तिलेइबेणी ब्लॉक बनियाकिलिंडा स्थित सिद्धेश्वर मंदिर पहुंची। अपने भाषण में केंद्रीय मंत्री ने देवगड जिले की जनता से आशीर्वाद मांगा और पिछली बार की तरह इस बार भी देवगड जिले में भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया।




# बेटे विक्रमादित्य सिंह के साथ प्रतिभा सिंह ने की सोनिया गांधी से मुलाकात, कई मुद्दों पर हुई बात

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने अपने बेटे और हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के साथ आज नयी दिल्ली में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। इस दौरान कई मुद्दों पर बात हुई।

आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस दो विधायकों पर दांव लगाने की तैयारी में है। मंडी संसदीय सीट से वर्तमान सांसद प्रतिभा सिंह के साथ उनके पुत्र व मंत्री विक्रमादित्य सिंह का नाम भी पैनल में शामिल हो गया है। शिमला से विधायक विनोद सुल्तानपुरी के अलावा अमित नंदा, कांगड़ा से पूर्व मंत्री आशा कुमारी और पूर्व विधायक जगजीवन पाल का नाम पैनल में है। हमीरपुर से सिर्फ सतपाल रायजादा का नाम फाइनल है। 11 और 13 अप्रैल को नयी दिल्ली में प्रस्तावित केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी तय हो जायेंगे। शनिवार को नयी दिल्ली में हुई समन्वय समिति और स्क्रीनिंग कमेटी की बैठकों में संभावित प्रत्याशियों के नाम शार्टलिस्ट किए गए। सुजानपुर, धर्मशाला, बड़सर, गगरेट और लाहौल-स्पीति विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मजबूत प्रत्याशियों की तलाश जारी है। कुटलैहड़ विधानसभा सीट से विवेक शर्मा को उतारा जाना लगभग तय है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कौल सिंह ठाकुर और पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने मंथन किया। विक्रमादित्य विशेष तौर पर समन्वय समिति की बैठक में शामिल हुए। **विशेष रणनीति के तहत विधायकों के नाम किए आगे :** मंडी संसदीय सीट से कंगना के मुकाबले युवा प्रत्याशी के तौर पर विक्रमादित्य को सक्षम माना जा रहा है।

वहीं शिमला से छह बार सांसद रहे दिवंगत केडी सुल्तानपुरी के बेटे विनोद को विशेष रणनीति के तहत चुनाव में उतारने की तैयारी है।

# 14 राज्यों में हल्की बारिश, 8 राज्यों में हीटवेव

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश के 14 राज्यों में रविवार को कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, सिक्किम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में कहीं-कहीं छिटपुट बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा इसके 8 राज्यों गुजरात, गोवा, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी में लू का असर रहा। इन राज्यों का तापमान 43 डिग्री तक पहुंच चुका है। सबसे ज्यादा 44.5 डिग्री तापमान आंध्र प्रदेश के नंदयाल में रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग ने बताया कि मध्यप्रदेश में अगले 4 दिन यानी 7 से 10 अप्रैल तक ओले-बारिश का दौर रहेगा। 30 से 60 केएमपीएच तक की रफ्तार में आंधी चलने का अनुमान है। बिहार में आज लू नहीं चलेगी। यहां के 16 शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट आई है।

### लद्दाख में सेना ने बर्फबारी में फंसे 80 लोगों को बचाया

उधर, लद्दाख के चांग ला दर्रे में बर्फबारी के बीच फंसे महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 80 लोगों को सेना ने बचाया। सेना के लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर ने कहा कि आधी रात के ऑपरेशन को त्रिशूल डिवीजन के सैनिकों ने अंजाम दिया। लेह और श्योक नदी घाटी के बीच 17,688 फुट ऊंचे चांग ला दर्रे में यह ऑपरेशन चलाया गया। मौसम के अनुमान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल शुरू मौसम विभाग के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि मौसम के अनुमान को और बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया है।

अगले पांच साल के भीतर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे मॉडल और तकनीक में काफी सुधार करेगा।

### महबूबा मुफ्ती अनंतनाग से लड़ेंगी चुनाव, बारामुला से फैयाज पीडीपी के उम्मीदवार

**जम्मू कश्मीर (आजाद सिपाही)।** जम्मू कश्मीर पांच लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से सबसे हॉट अनंतनाग-राजोरी सीट को माना जा रहा है। इस सीट पर मुकाबला और भी दिलचस्प होने जा रहा है। रविवार को पीडीपी ने एलान किया कि पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती इस सीट से चुनाव लड़ेंगीं।इसके साथ ही पीडीपी ने श्रीनगर सीट से वहीद उर रहमान पर्रा और बारामुला सीट से फैयाज अहमद मीर को मैदान में उतारा है। यह घोषणा रविवार को आरतज मदनी ने श्रीनगर में पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में की। इसके बाद महबूबा मुफ्ती ने मीडिया को संबोधित किया।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**